RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 11
नई दिल्ली, रविवार, 13 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




एक हार से भारत का आकलन न करें : सचिन

स्पोर्ट्र्स-12

# हिमाचल में उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद

● एक चरणीय विधानसभा चुनाव में 66% मतदान, आठ दिसंबर को आएंगे नतीजे

पायनियर समाचार सेवा। शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में शनिवार को करीबी 66 प्रतिशत वोट पड़े हैं। निर्वाचन आयोग ने मतदान के शाम पांच बजे तक के अस्थाई आंकड़ों के हवाले से यह जानकारी दी है। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी कांग्रेस के बीच मुकाबला है। विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए अहम परीक्षा है और वह लगातार दूसरी बार सरकार न बना पाने के प्रदेश के रिवाज को तोड़ने की कोशिश में है जबकि कांग्रेस ने भी चुनाव में जीत हासिल करने के लिए जी-जान लगा दिया है। राजधानी शिमला से लेकर प्रदेश के उंचाई वाले बर्फ से ढके स्पीति तक, लोगों ने सर्दी के बावजूद नई सरकार को चुनने के लिए मतदान किया। प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में हिमपात हो रहा है। मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ और इसकी शुरुआत धीमी रही। हालांकि, धीरे-धीरे मतदान ने गति पकड़ी। पहले घंटे में करीब पांच प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पूर्वाह्न 11 बजे तक 17.98 प्रतिशत मतदान हुआ। अपराह्न एक बजे तक 37.19 प्रतिशत और तीन बजे तक 55.65 प्रतिशत मतदान दर्ज किया। आयोग की ओर से जारी मतदान के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक, शाम पांच बजे तक 65.92 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। सबसे ज्यादा 72.35 प्रतिशत वोट सिरमौर जिले में पड़े हैं। इसके बाद सोलन में 68.48 प्रतिशत, ऊना में 67.67 प्रतिशत तथा लाहौल स्पीति में 67.5 प्रतिशत मतदान हुआ है। ऊंचाई वाले जिले लाहौल स्पीति में अपराह्न एक बजे तक सबसे कम 21.95 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था, लेकिन धूप निकलने के साथ ही मतदान तेज हो गया था।



हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट पर विधानसभा चुनाव के लिए पंक्ति में लगे मतदाता

आयोग के अनुसार, शिलाई में सबसे अधिक 77 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि सरकाघाट में सबसे कम 55.40 प्रतिशत वोट पड़े हैं। प्रदेश में विधानसभा की 68 सीटें हैं। मतदान के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक, मंडी जिले की सिराज सीट पर जहां से मुख्यमंत्री चुनाव लड़ रहे हैं और सुजानपुर सीट पर 74 प्रतिशत वोट पड़े हैं। तापमान में गिरावट और अधिक उम्र भी बुजुर्ग लोगों के उत्साह को कम न कर सकी और उन्होंने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। 105 वर्षीय नारो देवी ने चंबा के चूराह में वोट डाला जबकि 103 के सरदार प्यार सिंह ने शिमला में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। प्रदेश में 80 वर्ष से ज्यादा उम्र के 1.21 लाख मतदाता हैं जिनमें 100 वर्ष या इससे ज्यादा आयु के मतदाताओं की संख्या 1,136 है। आयोग ने राज्य भर के मतदान केंद्रों पर बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए विशेष व्यवस्था की थी। आयोग ने कहा कि चासक बाटपरी (83) उन लोगों में शामिल थीं जिन्होंने भारी हिमपात के बावजूद चंबा के सुदूर भारमौर निर्वाचन क्षेत्र में वोट डाला। आयोग ने उनकी तस्वीर साझा करते हुए कहा, भारमौर राज्य में सबसे सुदूर जगह है और उससे सबसे निकट की सड़क 14 किलोमीटर की दूरी पर है। भारी हिमपात के बाद भी मतदाताओं का गजब उत्साह। भारत के पहले मतदाता 106 वर्षीय श्याम सरन नेगी का घर (शेष पेज 8)

# गालियां मुझे सेवा के लिए करती हैं प्रेरित

● प्रधानमंत्री ने कहा, तेलंगाना में अंधेरा छंटेगा और हर जगह कमल खिलेगा, प्रधानमंत्री की आगवानी के लिए हवाईअड्डे पर नहीं पहुंचे केसीआर

पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली/हैदराबाद



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना में सत्तारूढ़ टीआरएस पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि जिस पार्टी पर लोगों को सबसे अधिक भरोसा है, उसने उनके साथ कथित तौर पर विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में हर जगह कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) खिलेगा। प्रधानमंत्री कहा कि राज्य को एक ऐसी सरकार की जरूरत है जो सभी परिवारों के वास्ते काम करे, न कि केवल एक परिवार के लिए। विरोधियों द्वारा की जाने वाली उनकी आलोचना पर मोदी ने कहा कि उन्हें हर रोज मिलने वाली 2.5-3 किलोग्राम गालियां लोगों की सेवा करने के लिए प्रेरित करती हैं, क्योंकि ऐसे शब्द उनके लिए न्यूट्रीशन (पोषाहार) की तरह हैं, जो तीखी टिप्पणियों को सकारात्मक ऊर्जा में बदल देते हैं।

मोदी ने यहां एक जनसभा में कहा, राजनीति में एजेंडा सेवा-उन्मुख होना चाहिए। लेकिन तेलंगाना में जनादेश पाने वालों का पूरा ध्यान मोदी को गाली देने में है। कभी-कभी लोग मुझसे पूछते हैं, मोदी जी, क्या आप थकते नहीं हैं? कल मैं सुबह में दिल्ली में था, फिर कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और अब तेलंगाना में। लोग मुझसे पूछते हैं कि क्या मैं थकता नहीं हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, तब मैं उनसे कहता हूं कि मैं रोज 2.5-3 किलोग्राम गाली खाता हूं। परमात्मा ने मुझे इस तरह से बनाया है कि ये सारी गालियां मेरे अंदर प्रोसेस होकर न्यूट्रीशन (पोषाहार) में बदल जाती हैं। यह सकारात्मक ऊर्जा बन जाती है, जिससे लोगों की सेवा करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग निराशा और हताशा के कारण, सुबह-शाम उन्हें गालियां देते हैं, लेकिन इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने अपने समर्थकों से कहा कि वे इस तरह की अपमानजनक भाषा से चिंतित न हों, क्योंकि प्रतिद्वंद्वियों के पास ऐसे शब्दों के अलावा और कुछ नहीं बचा है। उन्होंने कहा, इसकी चिंता मत करो। पिछले 22 सालों से मुझे तरह-तरह के अपशब्दों का सामना करना पड़ रहा है। इन गालियों को लेकर हंसी मजाक कीजिए। शाम को एक बढ़िया चाय पीजिए। अगले दिन सुबह कमल खिलने वाला है, इसी खुशी में आगे बढ़ते रहिए। मोदी ने कहा, आप मोदी को कितनी भी गालियां दीजिए हम हजम कर जाएंगे। लेकिन अगर तेलंगाना के लोगों को गाली दी, तो लेने के देने पड़ जाएंगे।

राज्य के दौरे पर आने के तुरंत बाद यहां बेगमपेट हवाई अड्डे पर एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, तेलंगाना के नाम पर जो लोग फले-फूले, आगे बढ़े, सत्ता पाई, वे खुद तो आगे बढ़ गए, लेकिन तेलंगाना को पीछे धकेल दिया। उन्होंने कहा, जब अंधेरा बहुत बढ़ जाता है, चारों ओर घना अंधेरा हो जाता है, उसी परिस्थिति में कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) का खिलना शुरू हो जाता है। और भोर से ठीक पहले, आज तेलंगाना में भी ऐसे ही कमल खिलता नजर आ रहा है। तेलंगाना में अंधेरा छंटने की शुरुआत हो गई है। हाल में हुए उपचुनाव में भाजपा के प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में टीआरएस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरी तेलंगाना सरकार को एक विधानसभा क्षेत्र (मुनुगोड़े) में ला खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि लोगों का आशीर्वाद भाजपा के साथ है। मोदी ने पिछले दो वर्षों के दौरान दुब्बाक और हुजुराबाद विधानसभा सीट पर उपचुनावों में भाजपा की सफलता का जिक्र करते हुए कहा, हाल के दिनों में, जो भी उपचुनाव हुए थे, संदेश स्पष्ट है कि तेलंगाना में सूर्योदय दूर नहीं है। अंधेरा मिट जाएगा। तेलंगाना में हर जगह कमल खिलेगा। मोदी ने मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा, अब (शेष पेज 8)

# दिल्ली-एनसीआर से नेपाल तक फिर हिली धरती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली एवं** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और उत्तरी भारत के कुछ राज्यों में शनिवार रात फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। अधिकारियों के मुताबिक, 5.4 तीव्रता के भूकंप का केंद्र नेपाल में था जो उत्तराखंड में जोशीमठ से दक्षिणपूर्व में 212 किलोमीटर दूर था। इससे तीन दिन पहले भी भूकंप आया था। उसका केंद्र भी नेपाल में ही था और इसकी वजह से छह लोगों की मौत हो गई थी। उत्तर प्रदेश में राजधानी लखनऊसमेत कई हिस्सों में शनिवार रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह भूकंप रिएक्टर पैमाने पर 5.4 का था। नेपाल में एक सप्ताह में तीसरी बार शनिवार को शाम सात बजकर 57 मिनट पर महसूस किए गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप का केंद्र नेपाल में 10 किलोमीटर की गहराई में था। उत्तराखंड में पिथौरागढ़, मुनस्यारी और गंगोलीहाट सहित कई स्थानों पर भूकंप महसूस किया गया। पिथौरागढ़ के आपदा प्रबंधन अधिकारी बीएस महर ने बताया कि भूकंप की उत्पत्ति 10 किलोमीटर सतह के नीचे हुई थी और यह स्थान नेपाल के सिलंगा शहर से तीन किलोमीटर दूर था। प्रभावित देश भारत, चीन और नेपाल हैं। भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की जानकारी फौरन नहीं मिल सकी।

# यूपी में डेंगू से बचाव को हर जिले में डेडिकेटेड अस्पताल

● स्थिति की समीक्षा के लिए अधिकारियों की बैठक में मुख्यमंत्री के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में डेंगू तथा अन्य संचारी रोगों की समीक्षा करते हुए रोकथाम के लिए प्रयासों को और तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विगत कुछ सप्ताह से डेंगू व अन्य संचारी रोगों के दुष्प्रभाव में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। इनकी स्क्रीनिंग के लिए सर्विलांस को बेहतर करने की आवश्यकता है। इस कार्य में आशा बहनों का सहयोग लें। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल की भांति डेडिकेटेड डेंगू अस्पताल एक्टिव किये जाएं। हर जिले में कम से कम एक ऐसा डेडिकेटेड अस्पताल जरूर क्रियाशील हो। यहां चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता, जांच की सुविधा तथा उपचार की पर्याप्त व्यवस्था हो। इसे आईसीसीसी से भी जोड़ा जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार के सभी मंत्री फील्ड में बने रहें। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए अस्पताल में आने वाले हर मरीज को बेड मिले, उसकी समुचित चिकित्सकीय जांच हो और समय पर इलाज किया जाए। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों सहित जिला अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी व उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थान साधन सम्पन्न हैं। इसका लाभ लोगों को मिलना चाहिए। स्वास्थ्य सेवा अथवा सुरक्षा में तैनात कार्मिकों से मरीजों के तीमारदारों के साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार करने की अपेक्षा है।



लखनऊ में डेंगू को लेकर समीक्षा बैठक करते उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री ने कहा कि डेंगू के मरीजों के लिए हर शासकीय अस्पताल में आइसोलेशन वॉर्ड बनाए गए हैं। स्थानीय जरूरतों के अनुसार इनकी संख्या बढ़ाई जाए। सभी जनपदों में डेंगू की जांच और प्लेटलेट्स की जांच की सुविधा होनी चाहिए। नगर विकास व पंचायती राज विभागों द्वारा प्रदेशव्यापी साफसफाई व फॉगिंग का कार्य नियमित रूप से कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य, नगर विकास, पंचायती राज और सूचना विभाग व्यापक जागरूकता के कार्यक्रम चलाएं। डेंगू के लक्षण कारण तथा बचाव आदि के बारे में लोगों को सही जानकारी दी जाए। सीएम ने कहा कि प्रयागराज में त्रिवेणी तट पर आगामी (शेष पेज 8)

# राष्ट्रपति पर टिप्पणी कर घिरे बंगाल के मंत्री, मांगी माफी

● तृणमूल कांग्रेस ने अखिल गिरि के बयान से बनाई दूरी, भाजपा ने की बर्खास्त करने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल सरकार के मंत्री अखिल गिरि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बारे में विवादित बयान देकर चौतरफा आलोचनाओं से घिर गए हैं। हालांकि, उनके बयान से जुड़ा वीडियो वायरल होने के बाद गिरि ने माफी मांग ली है। इस 17 सेकंड के वीडियो में गिरि राष्ट्रपति के रूप के बारे में टिप्पणी करते हुए सुनाई दे रहे हैं।

भाजपा ने ममता सरकार पर हमला बोलते हुए मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की है, जबकि ममता सरकार ने गिरि के बयान से दूरी बना ली है। राज्य के सुधार गृह मंत्री व तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता गिरि को शुक्रवार देर शाम नंदीग्राम के एक गांव में एक रैली में कहते सुना गया कि उन्होंने (भाजपा ने) कहा कि मैं अच्छा नहीं दिखता हूं। हम किसी को उसके रूप से नहीं आंकते। हम (भारत के) राष्ट्रपति के पद का सम्मान करते हैं, लेकिन हमारी राष्ट्रपति कैसी दिखती हैं? विवाद बढ़ने पर शनिवार सुबह पत्रकारों से बात करते हुए गिरि ने उस बयान के लिए माफी मांगी। उन्होंने एक समाचार चैनल से कहा कि मेरा मकसद राष्ट्रपति का अपमान करना नहीं था। भाजपा नेताओं ने मेरे बारे में जो कहा, मैं उसका जवाब दे रहा था। हर दिन मेरे रूप के कारण मुझ पर टिप्पणियां की जाती हैं। अगर किसी को लगता है कि मैंने राष्ट्रपति का अपमान किया है, तो यह गलत है। मैं देश की राष्ट्रपति का बहुत सम्मान करता हूं। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा कि गिरि का बयान टीएमसी की आदिवासी विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आदिवासी (शेष पेज 8)



राजीव गांधी हत्याकांड में नलिनी श्रीहरन और चार अन्य दोषियों को शनिवार शाम तमिलनाडु की जेलों से रिहा कर दिया गया। वेल्लोर में महिलाओं की विशेष जेल से रिहा होने के तुरंत बाद नलिनी वेल्लोर केंद्रीय जेल गई, जहां से उसके पति वी. श्रीहरन उर्फ मुरुगन को रिहा किया गया। पति से मिलकर नलिनी भावुक हो गई। मुरुगन के अलावा मामले में अन्य दोषी संथन को रिहाई के बाद पुलिस वाहन में राज्य के तिरुचिरापल्ली स्थित विशेष शरणार्थी शिविर ले जाया गया। दोनों श्रीलंकाई नागरिक हैं। राजीव गांधी हत्याकांड के दोषी रॉबर्ट पायस और जयकुमार को यहां की पुझाल जेल से रिहाई के बाद विशेष शरणार्थी शिविर ले जाया गया। पायस और राजकुमार भी श्रीलंकाई नागरिक हैं। उच्चतम न्यायालय के शुक्रवार के आदेश की प्रति मिलने के बाद जेल अधिकारियों ने चार श्रीलंकाई नागरिकों सहित सभी छह दोषियों को रिहा करने की प्रक्रिया शुरू की थी।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,795 | ↑ | 1181 | |
| निफ्टी | 18,349 | ↑ | 321 | |
| सोना | 52,669 | ↑ | 294 | /10g |
| चांदी | 62,858 | ↑ | 638 | /kg |

## क्विक न्यूज

### झारखंड में बजरंग दल नेता की बम से हत्या

**चाईबासा।** झारखंड में चाईबासा जिले के चक्रधरपुर इलाके में शनिवार को अज्ञात बदमाशों ने देसी बम से हमला कर बजरंग दल के नेता की हत्या कर दी। चक्रधरपुर के सहायक पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने बताया कि झारखंड के चक्रधरपुर में भारत भवन के पास अज्ञात व्यक्तियों ने गिरिराज सेना के अध्यक्ष और बजरंग दल के नेता कमल देवगिरी की बम से हमला कर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि जब भारत भवन के पास से गिरी गुजर रहे थे उसी समय बाइक सवार हमलावरों ने उन पर बम से हमला कर दिया। उन्हें तत्काल रेलवे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, दो आरोपियों की अभी पहचान नही हो सकी है।

# भारत-यूक्रेन बैठक: जंग खत्म करने के उपायों पर हुई चर्चा

● विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने समकक्ष दिमित्रो कुलेबा के साथ बैठक कर की स्थिति की समीक्षा

पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली/नोम पेन्ह



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने शनिवार को यूक्रेन के अपने समकक्ष दिमित्रो कुलेबा के साथ बैठक की और दोनों नेताओं ने क्षेत्र में हालिया घटनाक्रम, परमाणु चिंताओं तथा यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को खत्म करने के तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर ने यहां कंबोडिया की राजधानी में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन से इतर कुलेबा से मुलाकात की। उन्होंने ट्वीट किया, यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा से मिलकर खुशी हुई। हमारी चर्चाओं में संघर्ष में हालिया घटनाक्रम, अनाज निर्यात की पहल और परमाणु चिंताएं शामिल थी। रूस और यूक्रेन के युद्ध पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच रूस के दो दिवसीय दौरे के कुछ दिनों बाद जयशंकर की कुलेबा से मुलाकात हुई है। फरवरी में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद जयशंकर का मास्को का यह पहला दौरा था। जयशंकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ यात्रा पर हैं, जो यहां आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 17वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल (शेष पेज 8)

# ऑस्ट्रेलिया में कोरोना विस्फोट, क्रूज शिप पर 800 लोग पॉजिटिव निकले

● इतनी बड़ी संख्या में पर्यटकों के संक्रमित होने से हड़कंप, स्वास्थ्य अधिकारी बता रहे इसे टियर-3 खतरा

एजेंसी। सिडनी

**कोविड**-19 महामारी से फिलहाल निजात मिलती नजर नहीं आ रही है। हालांकि टीकाकरण और बचाव के तमाम उपायों के कारण उसकी पकड़ थोड़ी ढीली हुई है लेकिन दुनिया के किसी न किसी कोने से ऐसी खबर आ जाती है जो फिर डराने लगती है।

आस्ट्रेलिया से आए एक समाचार के मुताबिक साउथ वेल्स राज्य के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर सिडनी के एक बंदरगाह में खड़े क्रूज शिप में करीब 800 लोग कोरोना से संक्रमित हो गए हैं। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में यात्रियों के संक्रमित होने की खबर से हड़कंप मच गया। क्रूज का नाम मैजिस्टिक प्रिंसेज है, जो कार्निवाल कंपनी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, यात्रियों के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद क्रूज को बीच से वापस लौटना पड़ा। क्रूज इस समय सिडनी के तट पर खड़ा है। सिडनी, साउथ वेल्स राज्य का सबसे ज्यादा आबादी वाला शहर हैं। स्वास्थ्य अधिकारी इस कोविड प्रकोप को 'टियर-3 खतरा' बता रहे हैं और इसके संक्रमण के फैलने की रफ्तार तेज होने की आशंका जता रहे हैं। स्थानीय लोग कोविड महामारी के फिर से फैलने की आशंका जता रहे हैं। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के गृहमंत्री क्लेयर ओ (शेष पेज 8)



मैजिस्टिक प्रिंसेंज क्रूज, जिसमें सवार 800 लोग कोरोना संक्रमित हैं

# योग शिक्षकों की तनख्वाह के लिए केजरीवाल ने जनता से मांगी मदद

● व्हाट्एप नंबर 72779 72779 जारी किया, दिल्ली की योगशाला कार्यक्रम के लिए काम कर रहे शिक्षकों की संख्या और उनका वेतन भी बताया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**मुख्यमंत्री अरविंद** केजरीवाल ने दिल्ली की योगशाला कार्यक्रम के योग शिक्षकों के वेतन के लिए आम लोगों से मदद मांगी है। इस संबंध में उन्होंने शनिवार को एक व्हाट्सऐप नंबर जारी किया है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी में योग कक्षाएं रोक कर और आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा लागू की जा रही अन्य योजनाओं को बंद करके उपराज्यपाल वीके. सक्सेना और भाजपा दिल्लीवासियों का जीवन बर्बाद कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि जो लोग योग शिक्षकों के वेतन में योगदान देना चाहते हैं वे 7277972779 नंबर पर संदेश भेजकर इसकी जानकारी दें और बताएं कि वे कितने योग शिक्षकों के वेतन का खर्च उठाना चाहते हैं। दिल्ली की योगशाला के तहत योग शिक्षकों को प्रतिमाह 15,000 रुपए का (शेष पेज 8)

# किडनी रैकेट चला रहे तीन लोग गिरफ्तार

## सोशल मीडिया पर समूह बनाकर जरूरतमंदों के साथ की करोड़ों की धोखाधड़ी

● फर्जी मेडिकल दस्तावेज तैयार कराने के बाद करते थे ब्लैकमेल



नोएडा में शनिवार को किडनी ट्रांसप्लांट के नाम धोखाधड़ी करने वालों गिरफ्तारी के बाद जानकारी देती पुलिस।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस ने फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ग्रुप बनाकर किडनी ट्रांसप्लांट का ग्रुप बनाकर धोखाधड़ी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। 10 नंवबर को दीपेश पुत्र राम अवतार सिंह निवासी मयूर विहार फेस-3 ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्तारी की। ये लोग अब तक करोड़ों रुपए की ठगी कर चुके है।

दीपेश ने बताया कि उनके भाई की पत्नी को किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत थी। उन्होंने इसी तरह के एक ग्रुप पर संपर्क किया। जिसके बाद दस्तावेज बनवाने के नाम पर उनसे 9.5 लाख रुपये की ठगी की। इसी तरह एक अन्य व्यक्ति स्वर्णाभ शुक्ला के साथ भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से जून में 15 लाख रुपए की ठगी की थी। एडसीपी साद मिया खान ने बताया कि ठगी करने वाले गिरोह शिवम सिंह उर्फ अविनाश पुत्र विष्णुपाल सिंह निवासी लखीमपुर खीरी, प्रवीण कश्यप पुत्र कदम सिंह कश्यप निवासी देहरादून और अनुज पांडेय पुत्र प्रेम नारायण पांडेय निवासी मध्यप्रदेश को थाना क्षेत्र के एच.9 सेक्टर.63 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि ये लोग फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से किडनी ट्रांसप्लांट से सम्बन्धित ग्रुप बनाते थे। जिन व्यक्तियों को किडनी की जरूरत होती थी वह इस ग्रुप के माध्यम से हम लोगों के संपर्क में आ जाते थे। मोबाइल नंबर के जरिए संपर्क कर सभी जानकारियां देकर उनको विश्वास में लेकर फर्जी मेडिकल दस्तावेज तैयार कराते और बहुत सारे पैसों की डिमांड करते थे।

### राहगीरों से लूटपाट करने के आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** बिसरख पुलिस ने लोगों से लूटपाट करने वाले पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये बदमाश चोरी के वाहनों का इस्तेमाल लूटपाट करते थे। पुलिस ने आरोपियों पास से चोरी का एक लैपटॉप, दो मोबाइल, एक बाइक, एक स्कूटी, अवैध तमंचा और चाकू बरामद किया है। बदमाशों की पहचान अजय कुमार, अनुज उर्फ अनुराग, आकाश, सुधांशु और के रूप में हुई है।

### छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी प्रधानाचार्य गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** छठी क्लास की छात्रा से दुष्कर्म करने के आरोप में स्कूल के प्रधानाचार्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को पीड़िता की मां ने थाना मसूरी में शिकायत दी थी। आरोपी स्कूल की छुट्टी के बाद छात्रा को एक्स्ट्रा क्लास के नाम पर रोक लेता था और अकेले में उसके साथ गलत हरकत करता था।

इस कारण पीड़िता गुमसुम रहने लगी थी। शुक्रवार को स्वजन के पूछने पर पीड़िता ने इस बारे में बताया था। पहले स्वजन ने आरोपी को फोन कर पूछा और फिर थाना मसूरी में दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस आरोपी के घर पहुंची तो वह फरार हो चुका था। एएसपी निमिष पाटिल ने बताया कि आरोपी शाहदत नाहल स्थित एक निजी स्कूल का प्रधानाचार्य है। उसे डासना के पास से शनिवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया गया, जब वह भागने की फिराक में था। लेकिन पुलिस ने उसे समय रहते धर दबोचा।

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा के स्कूलों को 31 मार्च तक बनाया जाए मॉडल

**नोएडा।** शहर में प्रस्तावित योजनाओं, आपरेशन कायाकल्प, तालाबों के जीर्णोद्धार, पार्किंग संचालन और नए सेक्टरों के विकास को लेकर नोएडा प्राधिकरण सीईओ रितु माहेश्वरी ने समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों दिशा निर्देश दिए। आपरेशन कायाकल्प के तहत 18 मूलभूत सुविधाओं के टेंडर 31 दिसंबर तक जारी करते हुए 31 मार्च तक सभी कार्य पूर्ण करा लिए जाए। नोएडा में 14 तालाबों का जीर्णोद्धार किया जाना है। ऐसे में शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के आधार पर कार्य शुरू कराया जाए।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ दर्जनों वादों का निस्तारण

**गाजियाबाद।** शनिवार को जिला कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला जज जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने लोक अदालत का निरीक्षण किया। विभिन्न कक्षों में लोक अदालत लगाई गई, जिसमें विभिन्न लंबित वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया गया। प्राधिकरण की सचिव नूतन द्विवेदी ने बताया कि इस लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके इसका पूरा प्रयास किया गया। लोक अदालत में बैंक, विद्युत बिल, परिवहन, दुर्घटना बीमा आदि से सम्बंधित वादों का निस्तारण कराया गया। जिला जज जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने लोक अदालत का शुभारंभ किया।

### जीडीए बोर्ड बैठक सोमवार को, नहीं पहुंचा एजेंडा

**गाजियाबाद।** जीडीए बोर्ड की बैठक सोमवार को होने जा रही है। पहली बार ऐसा हुआ है कि बोर्ड की बैठक का एजेंडा जीडीए ने शनिवार दोपहर तक भी सदस्यों के पास नहीं भेजा है। बताया जा रहा है कि बोर्ड के एक सदस्य की जमीन का प्रकरण है जिसे बोर्ड में लाया जा रहा है। इस कारण एजेंडे का वितरण भी देरी से होगा। जीडीए बोर्ड की बैठक 14 नवंबर को होने जा रही है। इस बैठक को लेकर जीडीए तैयारी में जुटा है। मौजूदा मंडलायुक्त की यह पहली बोर्ड की बैठक होगी और वह इस बैठक की अध्यक्षता करेंगी।

### डॉग व स्ट्रक्चर ऑडिट पालिसी को मिलेगी मंजूरी!

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की आज 207वीं बोर्ड बैठक हो रही है। बोर्ड बैठक में 12 प्रस्ताव को मंजूरी के लिए रखा गया है। नोएडा में 207वीं बोर्ड बैठक शुरू हो चुकी है। बैठक सेक्टर.6 प्राधिकरण कार्यालय के बोर्ड रूम में की जा रही है। इस बार बोर्ड में 12 एजेंडों पर मुहर लगेगी। नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में आज मुख्य रूप से नोएडा की डॉग पॉलिसी और स्ट्रक्चर ऑडिट पालिसीए सेक्टर.151ए में प्रस्तावित हेलीपैड के निर्माण के लिए दूसरी बार ग्लोबल टेंडर जारी करने का प्रस्ताव के अलावा स्पोर्ट सिटी योजना, भूखंडों की नीलामी, पुलिस कमिश्नरेट को 100 वाहन देने, बकाया वसूली, सेक्टर-82बस टर्मिनल से संचालन, शहर के विकास सहित कई अन्य प्रस्ताव रखे गए हैं।

### डीपीसी की बैठक से पहले निगमकर्मियों में घमासान

**गाजियाबाद।** लंबे समय से निगम में डीपीसी की बैठक नहीं हुई है। इस को लेकर अब नगर निगम कर्मचारी संघ और नगर निगम प्रशासन के बीच तनातनी शुरू होने जा रही है। इस मामले में पहले ही संघ नगर निगम प्रशासन को एक ज्ञापन दे चुका है। ज्ञापन संघ के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार की ओर से दिया गया है। यह ज्ञापन कई दिन पहले दिया गया है, मगर अभी तक भी यह तय नहीं है कि आखिर कब डीपीसी की बैठक होगी।

### रसूलपुर एनटीपीसी तिराहे पर किसानों का धरना जारी

**नोएडा।** भारतीय किसान परिषद का धरना.प्रदर्शन 13वें दिन भी एनटीपीसी दादरी के खिलाफ रसूलपुर एनटीपीसी तिराहे पर जारी रहा। इस धरना.प्रदर्शन में एनटीपीसी से प्रभावित 24 गांवों के किसान शामिल है। भारतीय किसान परिषद के आशीष चौहान ने बताया कि अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था रविशंकर छवि से वार्ता तथा ज्ञापन सौंपने के बाद 1 नवबंर को लाठीचार्ज में घायल 2 महिला और 6 पुरुषों के बयान जारचा थाने में दर्ज कराए गए। आज शेष बचे किसानों के बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि जेल में बंद किसान नेताओं की बिना शर्त रिहाई व उनकी मांगों को जिला प्रशासन मान नहीं लेता किसानों का धरना.प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि किसानों का अगला कदम अधिकारियों के रूख पर निर्भर करेगा।

## दवा एकत्र करो मुहिम को दिखाई हरी झंडी

● मेयर आशा शर्मा ने सकारात्मक अभियान करार दिया



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले में कोई भी बीमार व्यक्ति बिना दवा के ना रह जाए इसके लिए मेयर आशा शर्मा ने शनिवार को हरी झंडी दिखाकर 'दवा एकत्र करो' अभियान शुरू किया। यह अभियान लायंस क्लब गाजियाबाद, संकल्प और नवीन ग्रुप हॉस्पिटल के संयुक्त संयोजन में शुरू किया गया।

मेयर आशा शर्मा ने अभियान शुरू करने के अवसर पर कहा कि जो लोग अपने घर में अतिरिक्त दवा बच जाने पर उसका प्रयोग नहीं करते, ऐसी दवाओं को जरूरतमंद तक पहुंचाने के लिए शुरू किया सकारात्मक अभियान कई लोगों की जान बचाएगा। राज नगर सेक्टर 2 से शुरू हुए इस अभियान में सबसे पहले मेयर ने ही बड़ी संख्या में दवाइयां दान की। इस अवसर पर नवीन हॉस्पिटल समूह के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अनिल तोमर ने कहा कि उनका अस्पताल व डॉक्टर लायंस क्लब के साथ हैं। इस अवसर पर नवीन अस्पताल के डायरेक्टर धनंजय तेवतिया, लायंस क्लब अध्यक्ष मीरा चौधरी, रुचि बिंदल, अनामिला, झरना गर्ग, दमयंती सिंह, रीना सिंह, देवेंद्र सिंह, डॉ. अनुज गौड़, विवेक सोलंकी, अश्विनी चौधरी आदि मौजूद थे।

## यशोदा हाफ मैराथन में बड़ी संख्या में दौड़ेंगे प्रतिभागी

● प्रतियोगिता में भाग लेने को 2,300 लोगों ने कराया पंजीकरण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

यशोदा अस्पताल द्वारा आयोजित रविवार को होने वाले दूसरे यशोदा हाफ मैराथन में 2300 प्रतिभागी समेत बड़ी संख्या में लोग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। दूसरी बार आयोजित होने वाले 21 किलोमीटर के हाफ मैराथन के मद्देनजर प्रशासन और अस्पताल की तरफ से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

यशोदा हाफ मैराथन में 2300 लोग सुबह 5:45 से 21 किलोमीटर से लेकर 5 किलोमीटर तक की दौड़ में भाग लेंगे। हाफ मैराथन 2022 यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी से शुरू होकर एलिवेटेड पर जाएगी और वापसी यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी पर ही खत्म होगी। 21 किलोमीटर दौड़ में पुरुष 317 और महिला 25, 10 किलोमीटर दौड़ के लिए 329 पुरुष और 82 महिला, 5 किलोमीटर दौड़ के लिए 246 पुरुष और 182 महिला, 5 किलोमीटर वॉक के लिए 37 पुरुष और 111 महिला, 3 किलोमीटर दौड़ के लिए 94 पुरुष और 42 महिलाओं ने पंजीकरण करवाया है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**नोएडा।** युवती ने अपने सहकर्मी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस ने अदालत के आदेश पर केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत में युवती ने बताया कि वह फेज.2 क्षेत्र स्थित कंपनी में काम करती है। उसके साथ ही कंपनी में सोन प्रताप यादव भी काम करता है। उससे उसकी दोस्ती हो गई। युवती का आरोप है कि सोन ने शादी का झांसा देकर उसके साथ काफी दिनों तक दुष्कर्म किया। इस बीच वह दो बार गर्भवती हो गई। आरोपी ने उसका गर्भपात करा दिया। जब युवती ने युवक से शादी करने की बात कही तो उसने इनकार कर दिया।

### संदिग्ध हालात में महिला की अस्पताल में मौत

**गाजियाबाद।** न्यू पंचवटी कॉलोनी में रहने वाले अभिषेक की पत्नी रेखा मिश्रा की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने रेखा को एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया। शनिवार को संदिग्ध हालात में रेखा की मौत हो गई।

शाहजहांपुर निवासी अभिषेक परिवार के साथ न्यू पंचवटी कॉलोनी में रहते हैं। अभिषेक चालक हैं। एक महीने पहले उनकी पत्नी रेखा ने सर्जरी से एक बच्चे को जन्म दिया था। शुक्रवार को अचानक रेखा की तबीयत बिगड़ गई थी।

## रोडरेज के बहाने युवक से पिस्तौल दिखा लूटी कार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सिल्वर सिटी सोसाइटी के समीप शुक्रवार की शाम बदमाशों ने युवक से पिस्तौल के बल पर उसकी कार और मोबाइल लूट लिया और भाग गए। कार सवार बदमाशों ने युवक की कार को ओवरटेक कर रोडरेज के बहाने रोका था। पीड़ित ने सूरजपुर कोतवाली में लूट का मुकदमा दर्ज करवाया है।

ग्रेटर नोएडा के यूनिटेक सोसाइटी में एएस मूर्ति परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार शाम घर लौटते समय एक कार ने उनकी कार को ओवरटेक कर रोक लिया। एएस मूर्ति से कहा कि वह उनकी कार में टक्कर मारकर आए हैं।

वह बात करने के लिए कार से नीचे उतरे तो बदमाश ने उनकी कनपटी पर पिस्तौल तान कर मोबाइल, पर्स और कार लूट लिया।

## कैंटर और स्कूल बस में टक्कर, कई बच्चे घायल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




थाना दादरी क्षेत्र में शनिवार सुबह को एक एक स्कूली बस और कैंटर में टक्कर हो गई। इस घटना में आधा दर्जन स्कूली बच्चों को चोट आई है। घटना के चलते काफी देर तक अफरातफरी का माहौल रहा।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि सुबह को आरवी नॉर्थलैंड स्कूल कि बस स्कूली बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। दादरी बाईपास के पास आगे चल रहे आयशर कैंटर के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए अचानक ब्रेक मार दिया। पीछे से आ रही स्कूल बस कैटर में जा घुसी। उन्होंने बताया कि इस घटना में बस के चालक तथा दो बच्चे आशुतोष 9 वर्ष, खुशी 8 वर्ष को गंभीर चोट आई। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं बस में सवार कुछ बच्चों को मामूली चोट आई, जिन्हें उनके परिजनों के साथ घर भेज दिया गया।

## खुलासा : लुटेरा गिरोह के 5 गिरफ्तार

● पुलिस ने लैपटॉप, मोबाइल, बाइक, स्कूटी सहित अवैध हथियार बरामद किया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाने की पुलिस ने शातिर लुटेरों के गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लुटेरों के कब्जे से लैपटॉप, मोबाइल फोन, चोरी की मोटरसाइकिल और स्कूटी सहित अवैध हथियार बरामद किया है। यह लोग चोरी के वाहनों से लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे।

ग्रेटर नोएडा में लगातार मोबाइल लूट व मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं सामने आ रही थी। जिसको लेकर पुलिस आरोपियों के गिरोह की तलाश कर रही थी। जो क्षेत्र में इन घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। शुक्रवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक स्कूटी और मोटरसाइकिल पर सवार 5 लोगों को चेकिंग के लिए रोका। जब पुलिस ने उनसे पूछताछ की और मोटरसाइकिल स्कूटी की जांच की तो पता चला कि यह दोनों ही वाहन चोरी के हैं इसके बाद पुलिस इन लोगों को पकड़कर थाने ले आई और कड़ाई से पूछताछ की। जिसके बाद इन लोगों ने बताया कि यह लोग क्षेत्र में लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। पहले यह वाहन चोरी करते थे और फिर उसके बाद उन चोरी के वाहनों से ही सुनसान इलाकों पर लोगों के साथ लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। लोगों को डराने के लिए यह अवैध हथियार भी अपने पास रखा करते थे। बिसरख पुलिस ने इस दौरान अजय, सुधांशु, यशपाल, अनुज और आकाश को गिरफ्तार किया है। यह लोग गिरोह बनाकर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे।

## गारमेंट फैक्ट्री पर इनकम टैक्स की टीम ने मारा छापा

● टैक्स चोरी की शिकायत पर दस्तावेज खंगाल रही टीम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

आयकर विभाग ने नोएडा के सेक्टर.11 में डब्ल्यू.एक स्थित कियाल एंपायर डिजाइन प्राइवेट की उत्पादन इकाई पर छापा मारा है। गारमेंट एक्सपोर्ट करने वाली फैक्ट्री पर टैक्स चोरी की शिकायत मिलने टीम शुक्रवार रात से जुटी है।

इनकम टैक्स विभाग ने इससे पहले भी सेक्टर.63 में गारमेंट फैक्ट्री यूनाइटेड एक्जिम में रेड मारी थी। वहां से 64 लाख रूपये कैश और पांच करोड़ रुपए के अनएकाउंटेंड ट्रांजेक्शन मिले थे। जानकारी में मुताबिक, छापेमारी में 12 से अधिकारियों की टीम है, जो कंपनी की बेलेंसशीट और अन्य दस्तावेजों को खंगाल रही है। कंपनी के मालिक अंकित केयाल और पायल केयाल के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है। प्रारंभिक जानकारी के दस्तावेजों में हेरफेर की बात सामने आई है।

## हवाला कारोबार को लेकर कार्रवाई जारी

● आठ हवाला कारोबारियों से पूछताछ के आधार पर आयकर विभाग मार रहा छापे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

करोड़ों रुपए के काले धन के साथ पकड़े गए 8 हवाला कारोबारियों से पूछताछ के आधार पर आयकर विभाग ने लखनऊ में रह रहे इस गैंग के मास्टरमाइंड आदर्श श्रीवास्तव को को पकड़ लिया है। वह अपने घर में बाहर से ताला बंद कर घर के अंदर छुपा हुआ था। शक होने पर अधिकारियों ने पुलिस को बुलाया तथा उसे धर दबोचा।

आयकर अधिकारी उसे लेकर आज नोएडा पहुंच रहे हैं। वहीं गिरफ्तार आरोपियों से मिली इनपुट के आधार पर आयकर विभाग के अधिकारियों ने दिल्ली में एक ठिकाने पर छापा मारकर 96 लाख रुपये बरामद किये हैं। मौके से तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। आयकर विभाग के अधिकारी दिल्ली और लखनऊ, नोएडा के थाना सेक्टर.58 में जमे हुए जमे हैं। वहीं इस मामले में चर्चाओं में आए दो पत्रकारों राजा मौर्या और मनोज वत्स की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस इन पत्रकारों के संपर्क में आए लोगों के ऊपर भी नजर रखे हुए हैं।

अपर पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि सेक्टर.55 से जिन आठ आरोपियों को करीब दो करोड़ रुपए के साथ पकड़ा गया था। उससे पूछताछ व इनपुट के आधार पर आयकर विभाग व पुलिस टीम ने चांदनी चौक इलाके के एक दफ्तर में दबिश दी। वहां से 96 लाख रुपए मिले।

उन्होंने बताया कि इसी क्रम में आयकर विभाग की 10 सदस्यीय टीम लखनऊ के इंदिरा नगर पहुंची वहां दरवाजे पर ताला बंद मिला। शक होने पर पुलिस की मदद से जांच टीम घर के अंदर पहुंची।

## गाजियाबाद का फार्म हाउस बना डांस बार, खूब उड़ाए नोट

### सोशल मीडिया पर शराब परोसने और डांसरों के वीडियो वायरल होने के बाद टूटी पुलिस की नींद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के गंगा सागर कृषि वाटिका फार्म हाउस, कनावनी में पार्टी के दौरान जमकर शराब परोसी गई। डांसरों ने अश्लील नृत्य किया। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ तो पुलिस की नींद टूटी। आनन-फानन में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फार्म हाउस मालिक सुभाष यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

सोशल मीडिया पर शुक्रवार रात में दो वीडियो जारी होने के साथ वायारल हो गए। दोनों वीडियो गंगा सागर कृषि वाटिका फार्म हाउस, कनावनी का बताया गया। दावा किया गया कि वीडियो बृहस्पतिवार रात की है। वीडियो में दिख रहा है कि करीब दो दर्जन युवक फार्म हाउस में पार्टी कर रहे हैं। शराब परोसी जा रही है। युवा हुक्का गुड़गुड़ा रहे हैं। डांसर अश्लील नृत्य कर रही हैं। वीडियो पुलिस के उच्चाधिकारियों तक पहुंचा। इससे महकमे में हड़कंप मच गया। इंदिरापुरम कोतवाली पुलिस रात में ही फार्म हाउस पहुंच गई। वहां के कर्मचारियों से पूछताछ की। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। वीडियो में साफ साफदिख रहा है कि पार्टी में शराब परोसी गई है। फार्म संचालक ने शराब पिलाने का आबकारी विभाग से लाइसेंस लिया था या नहीं इसकी जांच होनी चाहिए। यदि बिना लाइसेंस के शराब परोसी गई तो आबकारी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफकार्रवाई की होनी चाहिए।

कौशांबी थाने से चंद कदम की दूरी पर एंजल मेगा माल के द बंग बंग बार एंड कैफे में गत वर्ष क्रिसमस पर रात तीन बजे तक जश्न की आड़ में रेव पार्टी हुई थी। नाइट कर्फ्यू के दौरान हुई इस पार्टी में दिल्ली.एनसीआर के युवक और युवतियां शामिल हुए थे।

कोरोना प्रोटोकाल की धज्जियां उड़ाई गई थीं। स्थानीय पुलिस ने इस ओर रूख नहीं किया था। इससे पुलिस पूरी तरह से कठघरे में खड़ी हुई थी।

### गेम ऐप का लिंक भेजकर 2.22 लाख रुपये ठगे

**नोएडा।** साइबर अपराधी ने युवती को गेम ऐप का लिंक भेजकर उसके खाते से 2॰22 लाख रुपये निकाल लिए। इसको लेकर पीड़िता ने सेक्टर.24 थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

पुलिस को दी शिकायत में रेणू रावत ने बताया कि वह सेक्टर.22 में रहती हैं। रेणू ने बताया कि कुछ दिन पहले उनसे व्हाट्सऐप और टेलीग्राम के जरिए अज्ञात लोगों ने संपर्क किया। युवती का आरोप है कि साइबर अपराधी ने झांसे में लेकर गेम एप्लीकेशन का लिंक भेजा। उन्होंने संबंधित लिंक पर क्लिक करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। इसी बीच ठग ने उनके खाते से 2.22 लाख रुपये निकाल लिए। कुछ देर बाद युवती का मोबाइल सामान्य हुआ तो उस पर ट्रांजेक्शन का मैसेज आया।

## पत्नी सोती रही और पति का गला रेत गए बदमाश

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की खुशहाल पार्क में रहने वाले फैय्याज उर्फ चिकना नामक 36 वर्षीय युवक की हत्या गला रेतकर उस समय कर दी गई जब वह बीती रात अपने घर में पत्नी व तीन बच्चों के साथ सो रहा था। युवक की हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस में हडकंप मच गया, वहीं घटनास्थल के आस.पास रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई।

इस सनसनीखेज वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अफसर घटनास्थल पर पहुंच गये। ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस ने वारदात से संबंधित साक्ष्य जुटाने के लिये फॉरेंसिक टीम के अलावा डॉग स्क्वॉड से भी घटनास्थल की जांच करवाई। इसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर मर्डर की गुत्थी सुलझाने के लिये कई ऐंगल पर जांच शुरू कर दी। इस संदर्भ में एसपी देहात डॉ इरज राजा ने बताया कि प्राथमिक जांच के दौरान जो बात निकलकर सामने आई है उससे पता चला है कि फैय्याज मजदूरी करके अपने परिवार का गुजर बसर करता था।

बीती रात जब लगभग सवा तीन बजे के आस.पास उसकी पत्नी की आंख खुली तो उसने देखा कि उसके पति फैय्याज उर्फ चिकना की हत्या गला रेतकर कर दी गई है। इसके बाद उसने उक्त वारदात की सूचना अपने परिजनों को दी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# भाजपा की 232 प्रत्याशियों की सूची में 126 महिलाओं को टिकट

## नौ पूर्व महापौर, 52 पूर्व पार्षद, तीन विस प्रत्याशी, दो प्रदेश पदाधिकारी पर लगाया दांव




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा ने दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए अपने 232 उम्मीदवारों की पहली शनिवार रात जारी कर दी। इसके बाद 18 सीटों के उम्मीदवारों के नाम बाद में ऐलान किए जाएंगे। इस सूची में 127 महिलाओं समेत समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया गया है।

पार्टी ने दावा किया है कि उसने सभी वर्गों से उत्कृष्ट प्रत्याशी चुनकर चुनाव मैदान में उतारे हैं जो लोगों के लिए सेवा के लिये समर्पित हैं। पूर्वी दिल्ली के पूर्व महापौर एवं दिल्ली भाजपा के महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि जिस तरह से दिल्ली की जनता का पिछले 15 सालों से आशीर्वाद मिल रहा है उससे उन्हें पूरा विश्वास है कि मतदाता भाजपा को चौथी बार भी निगम का चुनाव भारी बहुमत से जीतएगी। हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि उम्मीदवारों में 23 पंजाबी, 21 वैश्य, 42 ब्रह्मण, 34 जाट, 26 पूर्वांचली, 22 राजपूत, 17 गुर्जर, 13 जाटव, 9 बाल्मीकि, 9 यादव, 1 सिन्धी, 2 उत्तराखंडवासी के साथ ही 7 सिख, 3 मुस्लिम एवं 1 जैन समाज के कार्यकर्ता को दिल्ली वालों की सेवा करने का मौका दिया गया है।

इसके आलावा पार्टी ने 1 बलाई, 2 भूमिहार, 2 धानक, 3 धोबी, 1 कश्यप, 1 कायस्थ, 2 कोली, 1 कुशवाह, 1 लोहार, 1 सैनी, 1 सुनार, 2 स्वर्णकार समाज से जुड़े उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को भी आज की सूची में स्थान दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि पार्टी ने 9 पूर्व महापौरों, 52 पूर्व पार्षदों, 3 विधानसभा चुनाव लड़ चुके प्रत्याशियों के आलावा दो प्रदेश पदाधिकारियों, 4 जिला अध्यक्षों के साथ ही तीन डाक्टरों को भी चुनाव मैदान में उतारा है। प्रत्याशियों का चुनाव करते समय उनके सेवा भाव के साथ ही विभिन्न रायशुमारी एवं सर्वे में लोकप्रियता को परखा गया है।

इससे एक दिन पहले आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को 134 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की लंबी बैठक के बाद उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई। सूची में 60 से अधिक महिलाएं हैं।

### आप ने 117 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने चार दिसंबर को होने वाले दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव के लिए शनिवार को 117 उम्मीदवारों की दूसरी सूची की घोषणा कर दी है।

पार्टी ने 250 वार्ड के चुनाव के लिए शुक्रवार को 134 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी। इससे पहले दिन में, मुख्यमंत्री एवं आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनौती दी थी कि वह लोगों को वे पांच चीजें बताएं, जो उसने पिछले 15 साल में एमसीडी में की हैं। उन्होंने कहा, पांच चीजें तो भूल जाइए, वे दो ही चीजें बता दें, जो उन्होंने एमसीडी में की हैं। वे सिर्फ संवाददाता सम्मेलन करते हैं और दिन में चौबीसों घंटे अरविंद केजरीवाल के लिए अपशब्द कहते हैं। उन्होंने मुझे धोखेबाज, आतंकवादी, खालिस्तानी और क्या-क्या नहीं कहा। यह कैसी राजनीति है।

## बलि के लिए शिशु का अपहरण करने वाली महिला गिरफ्तार

- आरोपी महिला पहले भी लूटपाट और चोरी के दो मामलों में शामिल थी : पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दक्षिण पूर्वी जिले के थाना अमर कालोनी पुलिस की टीम ने अंधविश्वास के चलते दो महीने के नवजात के अपहरण मामले की गुत्थी सुलझाते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला अपने मृत पिता को पुनर्जीवित करने के लिए नवजात की बलि देना चाहती थी। शिकायत के करीब 24 घंटे में पुलिसकर्मियों ने नवजात को सकुशल बरामद कर लिया।

महिला की पहचान कोटला मुबारकपुर की स्वेता के रूप में हुई है। वह अपनी मां के साथ रह रही थी। गत अक्टूबर में उसके पिता की मृत्यु हो गई थी। अंतिम संस्कार के दौरान किसी ने स्वेता से कहा था कि अगर वह नरबलि दे दे तो उसके पिता जीवित हो सकते हैं।

पुलिस उपायुक्त ईशा पांडेय ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम करीब चार बजे अमर कालोनी थाना पुलिस को गढ़ी इलाके से एक महिला के करीब दो महीने के बच्चे के अपहरण की खबर मिली। थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरंत छानबीन शुरू की। जांच टीम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी व एसीपी कालकाजी की देखरेख और अमर कालोनी के एसएचओ को शामिल किया गया। पुलिस के अनुसार, शिशु की मां ने बताया कि अपहरणकर्ता उससे सफदरजंग अस्पताल में मिली थी और उसने खुद को जच्चा-बच्चा देखभाल के लिए काम करने वाले एक एनजीओ के सदस्य के रूप में पेश किया था। श्वेता ने मां और बच्चे को मुफ्त दवा और परामर्श देने का वादा किया।

बाद में, वह नवजात बच्चे की जांच के बहाने उनका पीछा करने लगी। बुधवार को आरोपी महिला गढी स्थित ममराज मोहल्ला में बच्चे की जांच करने के लिए उनके घर भी आई थी। एक वरिष्ठ पद्युलिस अधिकारी ने कहा, बृहस्पतिवार को वह फिर उनके घर आई और बच्चे की मां को बच्चे को बाहर घुमाने के लिए सौंपने को राजी किया।

## गौतम को स्टार प्रचारक बनाने पर बिफरी भाजपा

- हिंदू विरोधी मानसिकता के हैं सीएम केजरीवाल : भाटिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची में राजेन्द्र पाल गौतम का नाम शामिल किया है। हिंदू देवी-देवताओं पर विवादित शपथ दिलाने पर उठे विवाद के बाद गौतम को अपने मंत्रिपद से इस्तीफा देना पड़ा था लेकिन उन्हें स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल करने के बाद फिर से यह मुद्दा फिर से गरमा गया है। इस मुद्दे पर भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी को घेर है।

भाजपा को राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में सीएम अरविंद केजरीवाल को चुनावी हिंदू बताते हुए कहा कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है जो लोग देश में नफरत फैलाते हैं, देश को बांटने की बात करते हैं, उन्हीं का साथ केजरीवाल देते हैं। आम आदमी पार्टी ने जो स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है उनमें राजेन्द्र पाल गौतम का नाम भी शामिल है जो हिंदू देवी-देवताओं को ना ही मानते हैं और ना ही उन्हें पूजा करने की बात करते हैं।

केजरीवाल अपने मंत्री को बर्खास्त करके दिखावा करते हैं और दूसरी तरफ निगम चुनाव के लिए जब स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी होती है तो उसमें राजेन्द्र पाल गौतम का नाम भी शामिल हैं। इससे स्पष्ट है कि जो भी हिंदू देवी-देवताओं के लिए गलत शब्दों का प्रयोग करते है वह शब्द भले ही राजेन्द्र पाल गौतम के थे लेकिन सोच केजरीवाल की हैं। केजरीवाल एक तरफ वक्फ बोर्ड में 100 करोड़ रुपये का दान देते हैं और दूसरी तरफ मंदिर के पुजारियों के साथ भेदभाव करते हैं।

गोपाल इटालिया का नाम गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल किया गया है जबकि यह वही गोपाल इटालिया हैं कहना है कि मंदिर महिलाओं का शोषण करने का अड्डा है। अब ऐसे लोगों को स्टार प्रचारक बनाकर नफरत फैलाने का काम केजरीवाल ने किया है।

### केजरीवाल के लिए घड़ियां लाता था सुकेश : सूद

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और सत्येंद्र जैन के खिलाफ महाठग सुकेश चंद्रशेखर का एक और लेटर बम सामने आया है। जिसे उसने अपने वकील अशोक सिंह के जरिये वायरल कराया है। इसमें महाठग ने पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की चुनौती दी है और कहा कि वह जैन और केजरीवाल के खिलाफ दिए आरोपों पर पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के सुझाव का स्वागत करता है।

इस मुद्दे पर भाजपा के चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक आशीष सूद ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सुकेश चंद्रशेखर का अब पांचवाँ लेटर बम फूटने से पता चला है कि केजरीवाल के लिए दुबई से निजी एयरजेट से घड़ियां मंगवाई जाती है।

## डीसीडब्ल्यू ने नाइजीरियाई लड़की को तस्करों से छुड़ाया

- दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर मामले में कार्रवाई रिपोर्ट, प्राथमिकी की प्रति और गिरफ्तार किए गए लोगों का विवरण मांगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस और एनजीओ शक्ति वाहिनी के साथ मिलकर एक 20 वर्षीय नाइजीरियाई लड़की को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया है, जिसे नाइजीरिया से यहां लाया गया था। आयोग को एनजीओ शक्ति वाहिनी से इसकी जानकारी मिली थी। पीड़िता को नौकरी दिलाने के बहाने टूरिस्ट वीजा के जरिए लाया गया था। आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर मामले में कार्रवाई रिपोर्ट, प्राथमिकी की प्रति और गिरफ्तार किए गए लोगों का विवरण मांगा।

दिल्ली महिलिा आयोग के अनुसार, बृहस्पतिवार को सूचना मिली थी कि नौकरी देने का वादा कर पर्यटक वीजा पर 24 अक्टूबर को एक महिला को तस्करी के रास्ते दिल्ली लाया गया था, लेकिन उसे बंधक बना लिया गया एवं उसका पासपोर्ट ले लिया गया। आयोग ने कहा कि लेकिन वह किसी तरह अपने भाई को लोकेशन भेज पाने में सफल रही कि उसे पश्चिम दिल्ली के तिलक नगर में रखा गया है , तब उसके भाई ने एनजीओ से संपर्क किया।

उसके बाद उसके, दिल्ली पुलिस और एनजीओ के अधिकारियों की एक टीम ने तिलक नगर में छापा मारा और महिला को मुक्त कराया। बयान के अनुसार महिला ने पुलिस को बताया कि तस्करों ने कई अन्य महिलाओं को भी बंधक बनाकर रखा है जिन्हें आकर्षक नौकरियों का लालच देकर अन्य अफ्रीकी देशों से यहां लाया गया एवं वेश्यावृति में धकेल दिया गया। आयोग ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर उससे इस मामले में की गई कार्वाई पर रिपोर्ट, प्राथमिकी की प्रति तथा गिरफ्तार किए गए लोगों का विवरण मांगा है।

## राजधानी में अब तक कटा 5,800 वाहनों का चालान

- प्रदूषण रोकने के लिए बीएस-तीन पेट्रोल और बीएस-चार डीजल चार पहिया वाहनों की आवाजाही पर है रोक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगने के बाद 5,882 से ज्यादा चालान काटे हैं। दिल्ली सरकार ने राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को कम करने के मकसद से इन वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है, जो 13 नवंबर तक रहेगी। यह आंकड़ा शुक्रवार सुबह 6 बजे तक का है। राजधानी में सिर्फ आपातकालीन वाहनों के आवागमन पर छूट दी गई है।

यातायात पुलिस ने शनिवार को ट्वीट कर कहा प्रदूषण से लड़ने के लिए 13 नवंबर तक बीएस-तीन पेट्रोल और बीएस-चार डीजल वाहनों पर प्रतिबंध के तहत, शुक्रवार को सुबह 6 बजे तक 5882 वाहनों को उल्लंघन के लिए रोका गयाचालान काटा गया। आपातकालीन वाहनों को इससे छूट दी गई है। हाल ही में एक समीक्षा बैठक के दौरान, दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग ने फैसला किया था कि चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्रवाई योजना (जीआरएपी) के तीसरे चरण के तहत प्रतिबंध अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को कहा था कि चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्रवाई योजना के तीसरे चरण के तहत दिल्ली में बीएस-तीन पेट्रोल और बीएस-चार डीजल चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा।

सोमवार को एक आदेश में, दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग ने कहा था कि नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने वाले वाहनों के मालिकों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया जाएगा, जिसके लिए 20,000 रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है। आपातकालीन सेवाओं, सरकारी और चुनाव संबंधी कार्यों में लगाए गए वाहन प्रतिबंध के दायरे में नहीं आते हैं। परिवहन विभाग ने अपने आदेश में कहा था, संशोधित जीआरएपी के चरण तीन के तहत दिए गए निर्देशों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में बीएस-तीन पेट्रोल और बीएस-चार डीजल हल्के मोटर वाहन चलाने पर प्रतिबंध होगा। दिल्ली सरकार का उपरोक्त निर्देश 13 नवंबर तक तक लागू रहेगा। आदेश में कहा गया था कि यदि सीएक्यूएम जीआरएपी-तीन और उसके प्रतिबंधों का आदेश देता है, तो प्रतिबंध 13 नवंबर के बाद भी जारी रहेंगे।

## स्व की भावना भारतीय संस्कृति से जन्मी : नंद कुमार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




स्व की भावना भारतीय संस्कृति से जन्मी है और जीवन के समस्त क्षेत्रों में विकसित हुई है। हमारे बीच यह गलत भ्रम फैलाया गया कि भारत के स्वाधीनता संग्राम में किसी राष्ट्र की संकल्पना नहीं दिखती, किन्तु हमें यह ध्यान रखना होगा कि अनेक ऐसे क्रांतिकारी हुए हैं जिन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों से लड़ाई लड़ी।

चाहे वह रानी लक्ष्मीबाई हों, रानी अब्बक्का, शिव गंगा रियायत की रानी वेलुनचियार इन सभी ने राष्ट्र के लिए लड़ाई लड़ी न कि किसी राज्य पर शासन करने के लिए। ये बातें दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस के खेल परिसर में युवा संगठन द्वारा आयोजित बौद्धिक विमर्श की थीम 'स्वाधीनता स्वतंत्रता स्वराज-यात्रा भारत के स्व की' पर प्रज्ञा प्रवाह के संयोजक जे. नंद कुमार ने कही।

उन्होंने कहा कि महर्षि अरबिंदो ने सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक सभी क्षेत्रों में स्व की भावना को विकसित किए जाने की बात की। भारत के स्व की यात्रा में संविधान निर्माण के साथ साथ भारतीय समाज को सर्वसमावेशी बनाने में डॉ. आंबेडकर के महत्वपूर्ण योगदान की चर्चा की। कार्यक्रम के विषय 'भारत की आज़ादी के 75 वर्ष' पर अपनी बात करते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का भी मानना था कि भारत के आजादी का उद्देश्य एक दूरदृष्टिकोण के साथ होना चाहिए जिसमें सभी क्षेत्रों में भारत का गौरव स्थापित हो सके। एक ऐसा भारत बने जो केवल भौगोलिक दृष्टिकोण से ही अखंड न हो बल्कि साथ साथ विचारों में भी अखंड हो।

प्रसिद्ध राजनीतिशास्त्री और दिल्ली विश्विद्यालय की पूर्व प्रोफेसर मीनाक्षी जैन ने कहा कि भारत के इतिहास को लेकर चर्चा हमेशा विवादों में रही है, हमने अंग्रेजों द्वारा लिखे गए इतिहास को अपना मान लिया ।

## एम्स के पूर्व निदेशक रणदीप गुलेरिया ने लिया वीआरएस

- उनके आवेदन को मंजूर कर लिया गया है। उनका रिटायरमेंट अप्रैल 2024 में था

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया ने 30 से अधिक वर्षों की सेवा के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली है।

संस्थान (एम्स) के निदेशक के रूप में उनका साढ़े पांच साल का कार्यकाल 23 सितंबर को समाप्त हुआ जिसके बाद उन्होंने वीआरएस के लिए आवेदन किया था। उनके आवेदन को मंजूर कर लिया गया है। गुलेरिया की सेवानिवृत्ति अप्रैल 2024 में थी। कोविड-19 महामारी के चरम के दौरान गुलेरिया सरकार की ओर से प्रतिक्रिया का नेतृत्व करने वाले प्रमुख व्यक्ति थे। गुलेरिया एम्स में 1992 में में सहायक प्रोफेसर के रूप में शामिल हुए और उन्होंने 2011 में पल्मनरी, क्रिटिकल केयर और स्लीप चिकित्सा विभाग का गठन किया।

### बंटवारा जमीन ही नहीं दिलों का भी हुआ : राम माधव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राम माधव ने शनिवार को कहा कि 1947 में विभाजन सिर्फ जमीन का नहीं हुआ, बल्कि दिलों का भी हुआ तथा उन्होंने इस विमर्श के प्रति भी आगाह किया कि हिंदू और मुस्लिम साथ नहीं रह सकते।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, यदि आज यह विमर्श किया जा रहा है कि हिंदू और मुस्लिम एक साथ नहीं रह सकते हैं तो (मुहम्मद अली) जिन्ना अपने कब्र में हंस रहे होंगे। हमें इस विमर्श के प्रति सावधान रहना चाहिए।

राम माधव ने कहा, 1947 में जो कुछ हुआ, वह महज जमीन का नहीं, बल्कि दिलों का भी विभाजन था।

## होलिस्टिक एप्रोच अपनाने से ही नियंत्रित होगी डायबिटीज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



होलिस्टिक एप्रोच अपनाने से ही डायबिटीज नियंत्रित हो सकती है। यह कहना है आयुर्वेद विशेषज्ञ और प्रशांत विहार स्थित आयुर्वेदिक पंचकर्म अस्पताल के मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ. आरपी पाराशर का।

डॉ. पराशर ने बताया कि इंटरनेशनल डायबिटिक फेडरेशन के अनुसार विश्व में डायबिटीज के 53.7 करोड़ मरीज हैं जिनके 2030 तक बढ़कर 64.3 करोड़ तथा 2045 तक 78.5 करोड़ होने का अनुमान है। वहीं देश में इस समय मधुमेह के लगभग आठ करोड़ मरीज हैं जिनके 2045 तक 13.4 करोड़ होने की आशंका है। देश में हर छठा व्यक्ति मधुमेह से ग्रस्त है लेकिन बच्चे और किशोर भी तेजी से गिरफ्त में आ रहे हैं। इससे बचने को शारीरिक सक्रियता, मानसिक शांति के साथ प्रोसैस्ड, जंक व फास्ट फूड का त्याग से बचाव संभव है।

## पतंजलि की फर्जी वेबसाइट से ठगी, गिरफ्तार

- बीस फर्जी वेबसाइट की पहचान की गई, ब्लॉक करने के लिए ब्योरा नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया को भेजा गया : पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित पतंजलि योग ग्राम का खुद को प्रतिनिधि बताकर आयुर्वेदिक उपचार को इच्छुक लोगों को ठगने के आरोप में बिहार से तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों द्वारा बनाई गई 20 फर्जी वेबसाइट की पहचान की गई और उन्हें ब्लॉक करने के लिए उनका ब्योरा नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया को भेजा गया है। आरोपियों की पहचान हरेंद्र कुमार, रमेश पटेल और आशीष कुमार के तौर पर की गई है जो बिहार के निवासी हैं। उसके अनुसार हरेंद्र वेबसाइट निर्माता है और उसने ही लोगों को ठगने के लिए फर्जी वेबसाइट बनाई थीं।

पुलिस के अनुसार, नितिन शर्मा नामक एक व्यक्ति ने पुलिस से शिकायत की थी कि वह अपने बेटे का आयुर्वेदिक इलाज कराना चाहते थे और उन्हें इंटरनेट पर एक मोबाइल नंबर मिला था। शर्मा के मुताबिक जब उन्होंने इस नंबर फोन किया, तो उधर से एक व्यक्ति ने अपने को पतंजलि से जुड़ा डॉ सुनील गुप्ता बताया और उनसे पंजीकरण शुल्क के रूप में 10,000 रुपए का भुगतान करने को कहा। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शर्मा के अनुसार उनसे कई बार भुगतान करने को कहा गया और इस तरह उनसे 2,40,500 रुपए ऐंठ लिए गए। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि जो मोबाइल नंबर इंटरनेट पर था, वह कोलकाता में खरीदा गया था और बिहार के नालंदा में चालू था। उ


पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने कहा कि जांच के दौरान हरेंद्र पकड़ा गया तथा उससे मिली जानकारी के आधार पर पटेल और कुमार को नालंदा के गिरियाक से गिरफ्तार किया गया।

## फरफेस्ट-2022 में दिखा कैट एंड डॉग के फैशन शो का जलवा

### जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय शो में रंग बिरंगे पोशाक में पालतू जानवरों ने जीते लोगों के दिल

- बैंड परफॉरमेंस के साथ पेट ग्रुमिंग कम्पटीशन, वेटिनरी टॉक का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली








जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 'फरफेस्ट-2022' के दूसरे दिन कैट एंड डॉग के अनोखे फैशन शो पेट लवर्स (जीव प्रेमियों) को रोमंचित कर दिया। शो के दूसरे दिन 1500 से ज्यादा पेट लवर्स ने एक्सपो में हिस्सा लेकर इसकी भव्यता को चार चाँद लगाया। शो के पहले दिन 500 से अधिक पेट लवर्स व प्रतिभागियों ने भाग लिया।

शो के मुख्य आयोजक चैतन्या जैन के अनुसार पेट एक्सपो फरफेस्ट-2022 का मुख्य उद्देस्य देश के पेट इंडस्ट्री के तीन 3 मुख्य अंगों - पशु चिकित्सक, खुदरा विक्रेता और पेट पेरेंट्स को एक मंच पर एक जुट करना है 11 से 13 नवम्बर 2022 तक चलने वाले इस तीन दिवसीय शो में सभी तरह के पालतू जानवरों और उनके शौकीन मालिकों के लिए बहुत कुछ खास किया जा रहा है। शो का उद्देश्य देश की असंगठित पेट इंडस्ट्री को एक जुट कर उन्हें एक सम्पूर्ण मंच देना है।

चैतन्या जैन के अनुसार पेट एक्सपो इस पेट एक्सपो के मुख्य रुझानों में सिक्योरिटी डॉग शो, डॉग एंड कैट फैशन शो, बर्ड शो के साथ अवार्ड शो भी शामिल है। एक्सपो में 300 से ज्यादा स्टाल्स लगे हैं जिनमे पेट प्रोडक्ट्स, खिलौने और डाइट से सम्बंधित ची ?ें को प्रदर्शित किया जायेगा।

शो दुसरे दिन की शुरुआत एम्सी के साथ बातचीत के साथ हुई, जिसके बाद वेटिनरी टॉक, कोल चुग प्रशिक्षण और एक डॉग शो हुआ। यह कार्यक्रम अदनान ओबेडिएंस शो के साथ आगे बढ़ा और प्रमुख गणमान्यों और पेट पेरेंट्स के लिए बेहद खास बन गया। पेट्स के लिए विभिन्न एक्टिविटीज के साथ शो में पेट पेरेंट्स के लिए भी रोमांचक गेम्स आयोजित हो रहे हैं। वी आई पी कक्ष और कैट प्ले एरिया के साथ साथ खाने-पीने के शैकीन आगंतुकों के लिए भी बहुत कुछ उपलब्ध है।

पॉपुलर पेट ब्रीडर्स के साथ साथ नूट्राबोन, आल 4 पेट्स, हटवेट फार्मा, हिमालया, बेको, रिओ, वेस्ट पॉ जैसे कई प्रमुख पेट ब्रांड्स थे।

## अपने अंदर के जुनून को पहचानें : सोनल मान सिंह

- नृत्य की तुलना नहीं, इसके लिए साधना जरूरी : डॉ. कर्ण सिंह

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

युवा पीढ़ी अगर किसी के साथ जुड़े तो उन्हें दिल से आदर सम्मान दें। यह बात प्रख्यात नृत्यांगना सोनल मानसिंह ने कहते हुए युवाओं को संदेश दिया कि अगर हम अपने जुनून को पहचानते हैं तो बहुत अच्छी बात है लेकिन बहुत लोगों को अपने जुनून का पता ही नहीं चलता है।

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में दो दिवसीय 'दीक्षा : गुरु शिष्य परम्परा महोत्सव' का शुभारंभ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की ट्रस्टी, पद्मविभूषण, प्रख्यात नृत्यांगना, राज्यसभा सांसद डॉ. सोनल मान सिंह और कला केंद्र के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। डॉ. सोनल मान सिंह की पुस्तक 'जिग जैग माइंड' का विमोचन मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद कर्ण सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि नृत्य के बराबर कोई अन्य चीज नहीं हो सकती है। इसके लिए साधना करनी होती है। इस मौके पर राम बहादुर राय, सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी, राज्यसभा सांसद, विनय सहस्त्रबुद्धे आदि मौजूद रहे।

# प्रौद्योगिकी, नवाचार और अनुसंधान भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाएंगे

### कहा, केंद्र की तरह हरियाणा सरकार भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध



कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**एसजीटी** यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम द्वारा आयोजित तीन दिवसीय टेक फेस्ट सिनर्जी-2022 का रविवार को समापन हुआ। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे। डॉ. सुभाष सरकार, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और अतुल कोठारी राष्ट्रीय सचिव शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास विशिष्ट अतिथि थे।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पद्मश्री राम बहादुर राय, कुलपति डॉ. ओपी कालरा, प्रबंध न्यासी मनमोहन सिंह चावला, अध्यक्ष मधुप्रीत कौर चावला सहित विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए दत्तात्रेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लागू कर शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने का प्रयास कर रही है। केंद्र की तरह, हरियाणा सरकार भी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने में विश्वविद्यालयों की बड़ी भूमिका है। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रतिस्पधीज़् दुनिया में प्रौद्योगिकी, नवाचार और अनुसंधान बहुत महत्वपूर्ण हैं और ये तीनों ही भारत को आत्मनिर्भर भारत बना सकते हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में एसजीटी विश्वविद्यालय की भूमिका की सराहना करते हुए, राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही सिनर्जी छात्रों को नई तकनीकों, नवाचारों को सीखने और उनमें अनुसंधान के लिए एक कौशल विकसित करने में मदद करेगी। उन्होंने एनईपी-2020 को लागू करने के लिए कदम उठाने के लिए विश्वविद्यालय की भी प्रशंसा की।

मेगा टेक्नो फेस्ट में, एमआरआई दस्ताने, फोरेंसिक ड्रोन, इलेक्ट्रिक बाइक, इलेक्ट्रिक साइकिल, इलेक्ट्रिक गो-कार्ट और इलेक्ट्रिक विंटेज कार सहित तकनीकी नवाचारों को प्रदर्शित किया गया। छात्रों ने रोबोटिक्स और ईवी वाहनों के क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं का भी प्रदर्शन किया। एसजीटी में संबद्ध विज्ञान, दंत चिकित्सा, और कृषि, जनसंचार, और व्यवहार विज्ञान आदि सहित विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की एक श्रृंखला भी प्रस्तुत की गई। विकसित की गई कुछ परियोजनाएं सरकारी और निजी संस्थाओं के सहयोग से हैं। आयोजन के दौरान, छात्रों और शिक्षकों ने छात्रों, कामकाजी पेशेवरों और भाग लेने वाले कॉलेजों के साथ बातचीत की और नेटवर्क बनाया। इसके अतिरिक्त इस आयोजन में नुक्कड़ नाटक जैसे क्षेत्रों में आकर्षक, गर्दन से गर्दन की प्रतियोगिताएं भी देखी गईं, जो समकालीन सामाजिक मुद्दों, रोबोटिक्स और ड्रोन पर केंद्रित थीं, जहां छात्रों ने अपने नवाचारों और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दर्शकों और आयोजकों की खुशी। तीन दिवसीय उत्सव के हिस्से के रूप में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवीन परियोजनाओं, चिकित्सा विज्ञान, प्रबंधन और मानविकी आदि के कामकाजी मॉडल का भी प्रदर्शन किया गया।

## इलेक्ट्रोनिक्स की दुकान में चोरी, अज्ञात में केस दर्ज

**पुन्हाना।** नगीना के मांडी खेड़ा गांव में एक इलेक्ट्रोनिक्स के सामान की दुकान से चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित दुकानदार द्वारा पुलिस को शिकायत देने पर नगीना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में देवसिंह निवासी सांठावाडी ने बताया कि दिल्ली अलवर रोड मांडी खेड़ा में बिजली मोटर वाइंडिंग की दुकान है। प्रतिदिन की तरह 9 नवंबर को वो दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। 10 नवंबर को जब दुकान पर आया तो दुकान का शटर टूटा हुआ मिला। दुकान से 3 क्विंटल कॉपर तार मोटर वाइंडिंग, 30 किलोग्राम एल्युमिनियम मोटर वाइंडिंग तार, ग्राइंडर मशीन, ड्रिल मशीन, कॉपर कनेक्शन लीड बंडल,मोटर कनेक्शन लीड बंडल, माईक्रोमीटर व अन्य सामान को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पीड़ित ने बताया कि उसने अपने स्तर पर सुराग लगाने की कोशिश की लेकिन सुराग नहीं लग पाया। पीड़ित की शिकायत पर नगीना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विंटर ओलंपिक में हरियाणा के आइस स्केटर्स दिलाएंगे पदक : साहनी

### गुरुग्राम में छठी स्टेट आईस स्केटिंग चैम्पियनशिप संपन्न



डांस प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**भारतीय** आइस स्केटिंग एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव जगराज सिंह साहनी ने कहा कि हरियाणा के युवा विंटर ओलंपिक में देश के लिए पदक जीतने की क्षमता रखते हैं। वे एंबिएंस मॉल स्थित आईस्केट में आयोजित तीन दिवसीय छठी स्टेट आइस स्केटिंग चैंपियनशिप के विजेताओं को बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कुश्ती एवं दूसरे खेलों के क्षेत्र में हरियाणा देश का नेतृत्व कर रहा है। उसी प्रकार वर्ष 2026 में इटली के मिलान और कोर्टिना में आयोजित होने वाले 25वें शीतकालीन ओलंपिक में राष्ट्रगान की धुन बजने की आस से पूरा देश हरियाणा के आइस स्केटर्स की राह निहार रहा है। हरियाणा आईस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड ने बताया कि स्पीड स्केटिंग में अन्डर-10 लडक़ों में रोहतक के विरेन ने गोल्ड, हिसार के तनिष्क शर्मा ने सिल्वर एवं सोनीपत के विहान दहिया ने ब्रॉन्ज मेडल, अन्डर-10 कैटेगिरी में हिसार के भूराज ने गोल्ड, रोहतक के विवान गोयल ने सिल्वर एवं सोनीपत के नमन ने ब्रॉन्ज, 10 से 13 आयु वगज़् में गुरुग्राम के अभिउदय प्रताप सिंह ने गोल्ड, हिसार के दुष्यत बामल में सिल्वर तो फतेहाबाद के दिपांशु नैन ने शानदार प्रदशज़्न करते हुए ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। इसी प्रकार 13 से 15 आयु वगज़् में झज्जर के ह्दय अरोड़ा ने गोल्ड, गुरुग्राम के गुरजस सिंह ने सिल्वर एवं जींद के वंश ढिल्लो ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसी प्रकार अन्छर-17 में आरसले रहेजा ने गोल्ड, आयज़् रमेश कटारिया ने सिल्वर तो जींद के संयम ने ब्रॉन्ज प्राप्त किया। इसी प्रकार अन्डर-19 में गुरुग्राम के शुभम मुंजाल एवं सार्थक कपूर ने पहले दोनों स्थानों पर कब्जा किया। इसी प्रकार सीनियर वगज़् में इंटरनेशनल खिलाड़ी परिक्षित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड जीता तो सोनीपत के वेदांत ने सिल्वर एवं हिसार के कोच दिपांशु पूनियां ने ब्रॉन्ज प्राप्त किया। सभी विजेताओं को भारतीय आइस स्केटिंग एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कर्नल सुभाष नारंग, इंडियन बिच रेसलिंग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहताश नांदल, हरियाणा आईस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान, हरियाणा ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष सूरजपाल अम्मू, हरियाणा आईस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ किया गया।

## वांछित वाहन चोर चोरी की तीन बाइकों समेत किया काबू

**नूंह।** पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने बतलाया कि वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं के मध्येनजर पुलिस अधीक्षक नूंह वरुण सिंगला आईपीएस द्वारा जिला पुलिस को वाहन चोरों पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश जारी किये हुए हैं। जिनकी पालना के दौरान समय-समय पर जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर वाहन चोरों पर अंकुश लगाया जाता रहा है।

इसी कड़ी में 11 नवंबर 2022 को एवीटी स्टॉफ रोजकामेव प्रभारी सहायक उप-निरीक्षक धर्मेंद्र की टीम ने विश्वसनीय सूत्रों की सूचना के आधार पर थाना शहर बहुदारगढ क्षेत्र से 30 अगस्त 2022 को चोरी की गई मोटरसाईकिल के आरोप में चोर को नूंह सोहना रोड गांव बडैलाकी से नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल सहित काबू करने में सफलता प्राप्त की है। जिसकी पहचान आसिफ पुत्र रमजान उर्फ कन्हैया निवासी घासेडा थाना सदर नूंह के रूप में हुई है। मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में थाना शहर बहादुरगढ़ में केस तहत दर्ज है। चोरी की मोटरसाइकिल रखने के जुर्म में आरोपी आसिफ के खिलाफ थाना रोजकामेव में मुकदमा दर्ज किया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**पायनियर समाचार सेवा। नूंह**


### नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी पर 10 हजार रुपये का लगाया जुर्माना

**पुलिस** प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला आईपीएस द्वारा जिला नूंह के सभी प्रबंधक थाना, चौकी इंचार्ज व अनुसंधानकर्ताओं को विशेष निर्देश दिए हैं कि महिला विरुद्ध अपराध व पोक्सो एक्ट के तहत शिकायत का बिना किसी विलंब के शिकायत के आधार पर अभियोग अंकित करें साथ ही महत्वपूर्ण साक्ष्य व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी पुलिस कार्यवाही करते हुए न्यायालय में आरोपी को दंड व पीड़ित को न्याय दिलाने का कार्य करें। इन निर्देशों की पालना के परिणाम स्वरूप नूंह पुलिस द्वारा की गई दमदार एवं उत्कृष्ट पैरवी पर नाबालिग पीड़िता के साथ बलात्कार करने के मामले में आरोपी आरिफ निवासी थाना नगीना जिला नूंह को स्पेशल कोर्ट/अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट पोक्सो नरेन्द्र पाल की अदालत ने 11 नवंबर 2022 को दोषी करार देते हुए व पोक्सो एक्ट के तहत 10 वर्ष कारावास की सजा व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि नहीं भरने पर आरोपी को 6 महिने अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी पड़ेगी।

मामले के अनुसार जिला नूंह के थाना नगीना के अंतर्गत एक गांव में वर्ष 2018 में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पीडिता के परिजन ने जिला नूंह के महिला थाना में एक शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें आरोपी के द्वारा नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म करने व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप थे । इस संबंध में जिला नूंह पुलिस ने अविलम्ब अभियोग संबन्धित धाराओं के तहत पंजीबद्ध किया था। मामले की सुनवाई न्यायालय में हुई। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने मामले को बहुत ही संगीन माना और जांच इकाई की उत्कृष्ट पैरवी एवं प्रॉसीक्यूशन द्वारा पेश की गई मजबूत दलीलों से दोषियों की सजा में कोई नरमी नहीं बरती। मामले में नूंह पुलिस के द्वारा बिना किसी विलंब के अभियोग अंकित किया गया। इसके बाद नाबालिग पीड़िता के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान करवाए गए तथा जांच इकाई के द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्यों का आकलन कर अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार





**फरीदाबाद डबुआ कॉलोनी में तन्मय के जन्म दिवस के अवसर पर श्री खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें गायक अभिषेक शर्मा ने अपने भजनों से मौजूद भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। शर्मा ने खाटू वाले श्याम मेरे सांवरे व भजन लेने आजा खाटू वाले रिंगस के उस मोड़ पर गाकर पंडाल में समा बांध दिया तथा ओ श्याम रे मुझे तेरी जरूरत है आदि भजनों पर दर्शक खूब झूमे।**

### पिता ने बेटी के पति समेत 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया

**सोहना।** गुरुग्राम के सेक्टर-65 भीमगढ़ निवासी ने बेटी के दामाद समेत उसके रिश्तेदारों समेत करीब 9 लोगों पर मारपीट करने तथा गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया है। सोहना सदर थाना पुलिस ने पीड़ित ससुर की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। गुरुग्राम सेक्टर-65 भीमगढ़ निवासी धर्मबीर ने सदर थाना पुलिस सोहना को बताया कि उसकी बड़ी बेटी रिना की शादी आज से करीब 18 साल पहले खेड़ला निवासी राजकुमार से की गई थी। गुरुवार को समय करीब साढ़े 11 बजे दिन में उसकी बेटी रिना ने उसे फोन करके बताया कि राजकुमार उसे तथा उसकी बेटी को मार रहा है। वह आज उन दोनों की जान ले लेगा। वह अपनी पत्नी रामरती छोटा बेटा नवीन के साथ गाड़ी में बैठकर खेड़ला आ रहे थे। उसका बड़ा बेटा राधेशाम अपने साथ दीपक को लेकर अलग से आ रहा था। जब वे प्रमिट लाइन मार्ग गांव खेड़ला के निकट बना पावंर हाउस के पास पहुंचे। तभी राजकुमार उसके मामा का लड़का प्रधुम, दीपक, सुनील निवासी हरियाहेड़ा, प्रेमलता व राजकुमार की मां कौशल्या उनके रास्ते में आगे आ गए। अपने घर खेड़ला जाने से रोक लिया। सभी ने पहले तो उनको पीटा और उनकी गाड़ी पर डंडों से हमला करके क्षतिग्रस्त कर दिया। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयसिंह ने बताया कि धर्मबीर की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उसके बाद दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### कार रुकवा कर ढाई लाख रुपये छीने

**पुन्हाना।** पुन्हाना तिगांव रोड पर तीन चार अज्ञात बदमाशों द्वारा लूटपाट करने का मामला प्रकाश में आया है। चांदडाका चौकी पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि राजपुर कुहकबान निवासी आसिफ ने पुलिस को शिकायत दी की 9 नवंबर को वो अपनी ससुराल फिरोजपुर झिरका से अपने साले से किसी काम के लिए 2 लाख 50 हजार रुपये लेकर वो अपने गांव के लिए आ रहा था। जब वो तिगांव गांव के पास पहुंचा तो तीन चार अज्ञात बदमाशों ने उसकी गाड़ी को रुकवाकर उसके पैसे छीन लिए। पीड़ित की शिकायत पर चांदडाका पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है।

## विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक राजेश नागर

### तिलपत की पोप कॉलोनी में लाखों की लागत से बन रही नाली खड़ंजों के काम की प्रगति देखी

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



तिलपत क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण करते विधायक राजेश नागर

**विधायक** राजेश नागर ने आज तिलपत क्षेत्र में पोप कॉलोनी में बन रही नाली खड़ंजे के काम का निरीक्षण किया और ठेकेदार को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने विकास कार्य को समय पर पूरा करने और सही निर्माण सामग्री का प्रयोग करने के लिए भी कहा।

यहां पहुंचे विधायक राजेश नागर ने निर्माण कार्य को देखा और लोगों से इसकी जानकारी ली। नागर ने ठेकेदार से कहा कि निर्माण कार्य को करते हुए लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने ठेकेदार से भी कहा कि लाखों रुपयों से हो रहे निर्माण कार्य को समय पर पूरा करें क्योंकि समय पर पूर्ण होने पर ही विकास का सही लाभ जनता को मिल पाता है। उन्होंने कहा कि सीएम मनोहर लाल के निर्देश पर हमारे क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। जिससे तिगांव क्षेत्र के हालात बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब किसी भी क्षेत्र में विकास कार्य होते हैं तब थोड़ी दिक्कतों का सामना सभी को उठाना पड़ता है। लेकिन हमें इसमें अपना सहयोग देना चाहिए क्योंकि उस विकास का लाभ भी हम सभी उठाते हैं। विधायक राजेश नागर ने कहा कि अपने क्षेत्र की समस्याओं को मुझसे खुलकर बता सकते हैं। हमें हमारे कार्यकर्ता समस्याओं और जरूरतों के बारे में बताते हैं लेकिन आप लोग भी अपने अनुभव हमारे साथ साझा करें। जिससे मैं क्षेत्र को और अच्छी तरह से सेवा कर पाऊंगा। इस अवसर पर पुष्कर पूर्व सरपंच, प्रहलाद शर्मा, बासुदेव भारद्वाज, प्रवेश भारद्वाज, विनोद शर्मा, नारायण शर्मा, श्याम शर्मा, बुद्धराम शास्त्री, गोविन्द शर्मा, विकास भारद्वाज, आजाद शर्मा, मनीष चड्ढा, नीरज भारद्वाज, एसडीओ बृजमोहन पल्ला पावर हाउस, एसई वीरपाल, रवि नम्बरदार, विकास नागर, गुड्डू कुमार आदि विशेष रूप से मौजूद थे।

# अर्जन हत्याकांड में 36 घंटे बाद भी गिरफ्तार नहीं हुए नामजद आरोपी

### परिजन और ग्रामीणों की नजर टिकी है पुलिस कार्रवाई पर

### पुलिस चार आरोपियों में से एक को भी नहीं कर सकी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**सोहना** सदर थाना पुलिस दमदमा निवासी अर्जन हत्याकांड में 36 घंटा बीत जाने के बाद भी किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। मृतक के परिजनों से लेकर ग्रामीणों की नजर पुलिस कार्रवाई पर टकटकी लगाए हुए है।

गुरुवार की रात करीब 10 बजे खंड के गांव दमदमा में भतीजा संदीप उर्फ सूरजन उसका भाई आनंद, दोस्त मनोज तथा पड़ोसी गांव बहलपा निवासी पवन द्वारा रंजिश में यहा के निवासी अर्जन की डंडा, सरियां और पत्थर से हमला कर हत्या कर दी थी। सदर थाना सोहना पुलिस ने मृतक के शव को शुक्रवार को सोहना की नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस ने मृतक अर्जन के भाई भीम की शिकायत पर संदीप उर्फ सूरजन, आनंद, मनोज व पवन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज तो कर लिया था, लेकिन पुलिस 36 घंटा बीत जाने के बाद भी हत्या के आरोप में संलिप्त चार आरोपियों में से एक को भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

### पुलिस कार्रवाई पर जमी नजरें

**शनिवार** को पंचायत चुनाव में दमदमा के निवासियों ने अपना वोट डालने में हिस्सा तो लिया, लेकिन सभी की नजरें अर्जन के हत्यारों की गिरफ्तारी पर टीकी है। पुलिस अर्जन के हत्यारोपियों को कितनी जल्द गिरफ्तारी कर पाएगी क्योंकि संदीप उर्फ सूरजन अर्जन की हत्या करने से पहले भी गांव के दो युवकों पर पहले भी जानलेवा हमला कर चुका था। ग्रामीण सूरजन की अपराधित वारदातों को बंद होता देखना चाहते है। कही भविष्य में और कोई वारदात न कर दे।

“ **खंड** की ग्राम पंचायतों में पंच व सरपंच पद का चुनाव होने के कारण पुलिस शनिवार को अधिक व्यस्त रही है। रविवार को अर्जन हत्याकांड में नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने की संभावना है।

**जयसिंह ( सदर थाना प्रभारी )**

### हरियाणा रोडवेज बस अनियंत्रित होकर नाले में गिरी

# हादसे में एक दर्जन सवारियां घायल, कई की हालत गंभीर

### घायलों को विभिन्न अस्पतालों में कराया गया भर्ती

### बस में सवार करीब 30 में से 15 यात्री हुए घायल

**पायनियर समाचार सेवा। तावडू**





अनियंत्रित होकर नाले में उतरने से क्षतिग्रस्त हुई रोडवेज बस। निजी अस्पताल में उपचाराधीन यात्री।

**नगर** में बाईपास बस स्टैंड के निकट शनिवार सुबह करीब 9 बजे सवारियों से भरी हरियाणा परिवहन विभाग पलवल डिपो की एक बस अनियंत्रित होकर नाले में उतर गई। हादसा ओवरटेक कर रहे एक वाहन के कारण स्कूली बच्चों को लेकर जा रहे एक ऑटो को बचाने के चक्कर में हुआ। बस में करीब 30 यात्री सवार थे। हादसें में 15 लोग घायल हो गए। जिनमें कई की हालत गंभीर बताई गई है। आसपास के लोगों ने तुरंत बस में बैठी घायल सवारियों को बाहर निकाला और उपचार के लिए नगर के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और कार्रवाई में जुटी है।

**रेवाड़ी से पलवल जा रही थी बस :** पलवल डिपो की रोडवेज बस यात्रियों को लेकर रेवाड़ी से सोहना-पलवल की ओर जा रही थी। बस में करीब 30 यात्री सवार थे। हादसे की वजह से बस में सवार करीब एक दर्जन सवारियां के सिर, हाथ, पैर व होठ आदि जगहों पर गंभीर चोटें लगी हैं। इनमें कई के हाथ व पैर भी फैक्चर हो गए। घायलों में कई की हालत नाजुक बताई गई है। घटला की सूचना मिलते ही पीसीआर पुलिस मौके पर पहुंची और बस में फंसे यात्रियों को लोगों की मदद से बाहर निकाल उपचार के लिए भर्ती कराया।

प्रत्यक्षदर्शी व आसपास के दुकानदार वसीम, इरफान व जुन्नी आदि ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 9 बजे नगर के शिकारपुर बाईपास रोड पर रेवाड़ी की ओर से सवारियों से भरी पलवल डिपो की एक रोडवेज बस तेज गति से आ रही थी, उसी दौरान सामने से स्कूली बच्चों को लेकर एक टेंपो आ रहा था, रोडवेज बस के चालक ने टैंपो को बचाने का प्रयास किया तो बस अनियंत्रित हो गई और सड़क के साथ लगते गहरे नाले में उतर गई। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

**विद्युत ट्रांसफोर्मर से टकराने से बाल-बाल बची बस :** गनीमत रही कि घटना स्थल पर बस बिजली के ट्रांसफार्मर से बाल-बाल बच गई, जिसकी वजह से बड़ा हादसा टल गया। नाले में गिरी रोडवेज बस को एक घंटे की मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया।

**छात्रों से भरे ऑटो के बचाने के चक्कर में बिगड़ा संतुलन :** इस दौरान जैसे ही बस तावडू बाईपास के पास पहुंची तो किसी बड़े वाहन ने बस को ओवरटेक किया। इसी दौरान स्कूली बच्चों को लेकर जा रहे ऑटो को बचाने के चक्कर में बस का संतुलन बिगड़ गया। इससे बस सड़क के किनारे बने गहरे पानी के नाले के गड्ढे में उतर गई।

**ये बस यात्री हादसे में हुए घायल :** हादसे में बस में सवार यात्री हैड कांस्टेबल दलवंती पलवल, रोडवेज कर्मचारी राकेश, चन्द्रभान गांधीनगर सहारनपुर यूपी, बस चालक दीपक गांव बेरली जिला रेवाड़ी, बस परिचालक सतीश, गांव आकोदा जिला महेन्द्रगढ़, सुजाता सुबास बस्ती रेवाड़ी, श्योराज गांव गावीला बुलंदशहर, रविन्द्र सीआईडी यूनिट पलवल, शिखा, विनोद शर्मा, तनवी शर्मा, मानवी व विनीत शर्मा गांव रवाना जिला बिजनौर यूपी, विपीन व अरूण गांव केरल जिला मैनपुरी गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि बाकी बचे यात्रियों का मामूली चोटें लगी हैं।

## खंड में अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई तेज की जाए : एसडीएम

**फिरोजपुर-झिरका।** एसडीएम फिरोजपुर-झिरका दीपक बाबूलाल ने शुक्रवार को सभी संबंधित अधिकारियों को शहर में सफाई व अतिक्रमण मुक्त शहर बनाने को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

उन्होंने नगर पालिका की टीम को निर्देश दिए है, वो शहर में जाकर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी देते हुए अतिक्रमण करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार करें। अतिक्रमण करने वाले लोगों को कहे की वह अपना अतिक्रमण सड़क से जल्द से जल्द हटा ले नही तो प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। एसडीएम ने दुकानदारों से अपील की कि वे बाजारों में आने वाले लोगों को समझाए कि अपना वाहन दुकानों के सामने खड़ा करने की बजाए पार्किंग में खड़ा करें। दुकानों के सामने वाहन खड़ा करने से सडक़ पर जाम लग जाता है और आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए दुकानदारों का सहयोग सबसे ज्यादा जरुरी है। एसडीएम ने कहा कि जल्द ही प्रशासन द्वारा मुनादी कराकर अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर लोगों से अपील की जाएगी।

# देश भक्ति गीतों पर डांस करके छात्रों ने खूब बटोरी तालियां

**पायनियर समाचार। गुरुग्राम**



डांस प्रतियोगिता में छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि।

**ऋषि** पब्लिक स्कूल सेक्टर-31 गुरुग्राम में देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों पर एक डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। आईएमसीटीएफ हरियाणा द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में 14 स्कूलों के 200 बच्चों एवं अध्यापकों ने भाग लिया। देश भक्ति के गीतों पर मंजे हुए कलाकारों की तरह अपनी प्रस्तुति देकर बच्चों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी और लोगों को भाव विभोर कर दिया।

एचएसएसएफ के प्रांतीय सह सचिव नरोत्तम वत्स, आईएमसीटी एप्स के जिला संयोजक सुजाता गॉड एवं अन्य सदस्यों ने मिलकर मुख्य अतिथि एवं प्रसिद्ध लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन कंपनी विनसम एक्सप्रेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर व प्रसिद्ध समाजसेवी ललित शमाज़् ललित शर्मा, शिवरतन छक्कड़, ऋषि पब्लिक स्कूल के चेयरमैन एवं प्रिंसिपल व अन्य अतिथियों को मोमेंटों देकर सम्मानित किया। एचएसएसएफ के सचिव विनोद शर्मा ने बताया कि कड़ी प्रतियोगिता के बीच ऋषि पब्लिक स्कूल की टीम प्रथम रही। वहीं द्वितीय स्थान पर लायंस पब्लिक स्कूल और तृतीय स्थान परयूरो पब्लिक स्कूल की टीम रही। विंसम एक्सप्रेस ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं अन्य अतिथि गणों ने अपने कर कमलों से विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।

इस शानदार देश भक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन में आईएमसीटीएफ की समस्त टीम के सदस्य सुजाता, युक्ति, निधि, प्रवेशिका प्रीति, पूनम, अंजू जोशी, अनुराधा, विमला एवं पूनम यादव ने मुख्य भूमिका अदा की एवं अपने अथक प्रयास एवं योगदान से कायज़्क्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर विंसम मुख्य अतिथि विंसम एक्सप्रेस के मैनेजिंग डायरेक्टर ने कायज़्क्रम को बेहद उम्दा और प्रेरणादायक बताया साथ ही आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत होगी। इस मौके पर आरके गर्ग, रिटायर्ड चीफ एक्सईएन एनएचएआई नरोत्तम वत्स, प्रदेश सहसचिव एचएसएसएफ हरियाणा के पदाधिकारी नरेश शर्मा, आरके सिंगला, रिटायर्ड ड्रग कंट्रोलर हरियाणा प्रोफेसर डॉ केएन पटेल, रिसर्च साइंटिस्ट इंडियन ऑयल, प्रोफेसर डॉ मधुलिका पटेल भी मौजूद रहे।

# पांच एचआईवी ग्रस्त महिलाओं ने दिया बच्चों को जन्म

## आधुनिक तकनीक से गर्भ में पल रहे बच्चों पर नहीं होता एचआईवी का असर

कविता। फरीदाबाद

एचआईवी संक्रमण अब मां बनने के लिए अभिशाप नहीं रह गया है। अब ऐसी तकनीक ईजाद कर लिया गया है, जिससे मां के एचआईवी संक्रमित होने पर भी उनके गर्भस्थ का बचाव मुमकिन है। शहरों के साथ अब ग्रामीण एरिया में भी एड्स को लेकर पुरुष व महिलाएं जागरुकता दिखाने लगी हैं। ऐसे एचआईवी रोगियों का स्वास्थ्य विभाग के पास डाटा पहुंच रहा है। वहीं रोगियों को समय रहते इलाज मुहैया हो पा रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। बीते माह जिले में पांच एचआईवी संक्रमित महिलाओं की डिलीवरी हुई। इस बात का खुलासा आंकड़ों में किया गया है। बीते अक्टुबर माह में 1418 जांच में आठ पॉजिटिव मिले। जिसमें सात पुरूष और एक महिला शामिल है। आंकड़ों में खुलासा हुआ कि बीते माह पांच गर्भवती महिलाओं की भी डिलीवरी हुई है। जिसमें दो की




डिलीवरी बीके सिविल अस्पताल, एक की दिल्ली सफदरजंग अस्पताल और दो महिलाओं की डिलीवरी निजी अस्पतालों में हुई है। किसी भी नवजात बच्चे में एचआईवी के लक्षण नहीं पाए गए। क्योंकि सभी गर्भवतियों ने बच्चे के जन्म से पहले अपना एचआईवी टेस्ट कराया था। एचआईवी टेस्ट में पॉजिटिव रिपोर्ट आते ही पीड़ित गर्भवती का इलाज शुरू किया गया। इलाज से गर्भ में पल रहे बच्चे पर बीमारी का असर नहीं पड़ा।

एड्स काउंसलर कविता सिंह ने बताया कि पहले लोग एचआईवी की जांच कराने से कतराते थे, लेकिन अब लोग खुलकर सामने आने लगे हैं। अब स्थिति स्पष्ट होने लगी है। जिससे मामले उजागर हो रहे हैं। वहीं प्रीति ने बताया कि एचआईवी एक विषाणु होता है जो मानव शरीर में बाहरी रोगों से लड़ने वाली कोशिकाओं को नष्ट कर देता है। कुछ समय पहले तक एचआईवी पॉजिटिव मरीज आपस में शादी तो कर सकते थे, लेकिन गाइडलाइन के अनुसार बच्चे पैदा नहीं कर सकते थे। वहीं नई दवाओं के आने के बाद से माता-पिता से इन्हें संतान में जाने से भी रोका जा सकता है। इस कार्यक्रम का नाम है प्रिवेंशन पेरेन्ट टू चाइल्ड ट्रांसमिशन (पीपीटीसीटी) है।

**अधिकारी का कथन:** डिप्टी सिविल सर्जन/वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शीला भगत ने कहा कि प्रत्येक गर्भवती को एचआईवी की जांच करानी चाहिए। एचआईवी से संक्रमित मां से उसके बच्चे में एचआईवी तीन प्रकार से स्थानांतरित हो सकता है। गर्भावस्था के दौरान, योनि से बच्चे के जन्म के दौरान, स्तनपान के माध्यम से। आशान्वित मां गर्भावस्था, प्रसूति पीड़ा और प्रसव के दौरान एंटीरिटोवायरल ट्रीटमेंट लेकर अपने बच्चे व अपनी सेहत की रक्षा कर सकती हैं। गर्भावस्था के दौरान पॉजिटिव पाये जाने पर महिलाओं की दवा शुरू कर दी जाती है। वहीं डिलीवरी के तुरंत बाद शिशुओं को भी एचआईवी से बचाव के लिए दवा शुरू कर दी जाती है।

# नई पहल : कामकाजी महिलाओं को रात के समय घर पहुंचाएगी पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने पुलिस विभाग फरीदाबाद के साथ महिला सुरक्षा को लेकर बैठक का आयोजन किया। उन्होंने फरीदाबाद में घटित दो घटनाओं पर शोक व्यक्त करते हुए कहाकि सभ्य समाज में ऐसी घटनाएं होना बेहद की शर्मनाक है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए लोगों को अपनी मानसिकता का बदलना बेहद जरुरी है।

रेनू भाटिया ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा एक बहुत ही अच्छी पहल आज से शुरू की जा रही है। फरीदाबाद में जो भी कामकाजी महिलाओं को रात्रि में घर जाने के लिए साधन ना मिलने पर पुलिस द्वारा उनको घर छोड़ने की सुविधा प्रदान करने का इनीशिएटिव उठाया है। इसके लिए महिलाएं फरीदाबाद पुलिस कंट्रोल रूम के नंबरों 9999150000, 7290010000 और 0129-2227200 पर संपर्क करके पुलिस की हेल्प ले सकती हैं। यह



महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करती हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया।

नंबर 24×7 उपलब्ध है अगर किसी महिला को लगता है की वह घर पहुंचने में असमर्थ है। उसको किसी परेशानी का सामना न करना पड़े तो वह पुलिस की मदद ले सकती है। फरीदाबाद पुलिस आपकी सहायता के लिए हमेशा तत्पर है।

उन्होंने पुलिस विभाग की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस की तत्परता से एक घटना के आरोपी को 24 घंटे के अंदर ही पकड़ लिया गया। दूसरी घटना के आरोपी को भी बहुत जल्द पुलिस पकड़ लेगी। उन्होंने कहा कि महिला अयोग पुलिस विभाग के साथ मिलकर स्कूली बच्चों और कामकाजी महिलाओं को जागरूक करने का कार्य कर रही है। अब उसमें और तेज गति से कार्य किया जाएगा। रोजाना कम से कम 10 स्कूलों में जाकर वहां दो पीरियड लेकर पढ़ रहे लड़के और लड़कियों को कुछ लीगल बातें और साइबर क्राइम की अवेयरनेस के लिए जागरूक किया जाएगा।

वैसे तो मोबाइल एक बहुत ही अच्छा माध्यम है पढ़ने के लिए लेकिन कई बार छोटे बच्चे गलत राह पर चले जाते हैं और वह और ज्यादा फंसते ही चले जाते हैं। हम दोनों लोगों की टीम बनाकर अलग-अलग स्कूलों में जाएंगे वैसे तो महिला पुलिसकर्मी समय-समय पर बच्चों को जागरूक करने का कार्य कर रही है लेकिन हमारा उद्देश्य है कि लड़कियां सबसे ज्यादा सुरक्षित रहे। मुख्यमंत्री का नारा है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तो बेटियों को पढ़ाने के साथ-साथ समाज में उनको सुरक्षा देना भी हमारा कर्तव्य है। इसके साथ ही हम स्कूल और कॉलेजों के आसपास बने हुए ओयो होटलों में भी रूटीन चेकिंग का काम शुरू करेंगे। उनका पूरा डाटा चेक किया जाएगा कि उनके सारे रिकॉर्ड बराबर है या नहीं और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे सही काम करते हैं या नहीं सभी चीजों की पूरी जांच की जाएगी। उन विराम और इसके साथ ही कोई भी महिला कानून का दुरुपयोग ना करें क्योंकि महिला और पुरुष दोनों के लिए कानून में बराबर सजा का प्रावधान है। हमारा उद्देश्य है कि लड़कियों को सतर्क किया जा सके ताकि वह किसी गलत व्यक्ति के चंगुल में ना फंसे। बैठक में डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह, एसीपी सिटी बल्लभगढ़ मुनीश सहगल, एसीपी महिला सुरक्षा मोनिका, एसीपी क्राइम सुरेंदर सोरान, एसीपी मुजेसर दलबीर सिंह, सीएमओ डॉ विनय गुप्ता, महिला थानों से एसएचओ सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।

# बाइक न रोकने पर पुलिसकर्मी ने डंडे से तोड़ी छात्र की नाक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एनएच तीन स्थित ईएसआइ चौक वाहनों की जांच के दौरान बाइक न रोकना डीएवी कॉलेज के एक छात्र को भारी पड़ गया। छात्र को भागते देख एक एसपीओ ने डंडा फेंक कर मारा। डंडा लगने से छात्र की नाक टूट गई। छात्र को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां करीब दो घंटे बाद उसे छुट्टी दे दी। घटना का पता चलते ही डीएवी कॉलेज के विद्यार्थियों ने आरोपी पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

सेक्टर-23 की संजय कॉलोनी में रहने वाले वरदान सिंह ने बताया कि वह डीएवी कॉलेज में बीसीए द्वतीय वर्ष के छात्र हैं। शनिवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह कॉलेज से बाइक पर सवार होकर घर आ रहा था। एनएच तीन ईएसआई चौक पर पुलिस कर्मी नाका लगाकर वाहनों की जांच कर रहे थे। इस कारण जाम की स्थिति बनी हुई थी। ऐसे में छात्र ने बाइक वापस मोड़ ली और कॉलेज की तरफ जाने लगे। कुछ दूरी पर खड़े एसपीओ फूल कुमार ने रुकने का इशारा किया। लेकिन बाइक की रफ्तार धीमी करने से पहले ही पुलिस



पुलिस का डंडा लगने से घायल हुआ छात्र।

कर्मी ने डंडा उसकी तरफ फेंक कर वरदान की नाक पर दे मारा। डंडा लगते ही वह बाइक से सड़क पर गिर गया। उसकी नाक से खून बहने लगा। तभी कॉलेज से आ रहे दोस्त उसे तुरंत बीके अस्पताल ले गए। दो घंटे बाद डॉक्टरों ने नाक से बह रहे खून को रोका। वरदान का कहना है कि सिटी स्कैन में नाक की हड्डी टूटी हुई दिखाई दे रही है। इस घटना पता चलते ही छात्रों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। छात्रों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। वहीं दूसरी तरफ छात्र के परिजनों की तरफ से शिकायत न दिये जाने के करण पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है।

# चोरी के छह मुकदमों में दो शातिर चोर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश सिंह की टीम ने चोरी की अनेक वारदातों में संलिप्त दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रंजीत उर्फ राज (35) तथा विमल उर्फ गोलू (26) का नाम शामिल है। आरोपी रंजीत उत्तर प्रदेश के रामपुर गांव का रहने वाला है और फिलहाल दिल्ली के छतरपुर में रह रहा था वहीं आरोपी विमल उत्तर प्रदेश के सरहेरा गांव का निवासी है। क्राइम ब्रांच की टीम ने 3 नवंबर को गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी की फिराक में घूम रहे आरोपियों को गुड़गांव फरीदाबाद मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश करके 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। जिसमें पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों ने कई खुलासे किए। पुलिस



जांच में सामने आया कि आरोपी बहुत ही शातिर किस्म के चोर हैं जो जुए, सट्टे और अय्याशी का शौक रखते हैं। आरोपी खाली पड़े फ्लैटों को अपना निशाना बनाते हैं। आरोपी सारा दिन चोरी की फिराक में घूमते हुए घरों की रेकी करते हैं और जिन फ्लैटों के दरवाजों पर धूल मिट्टी जमी होती है उसके घर की घंटी बजाते हैं। यदि कोई दरवाजा खुलता है तो वह किराए पर मकान लेने के बहाने से मकान देखते हैं और वहां से चले जाते हैं और यदि कोई दरवाजा नहीं खोलता तो आरोपी समझ जाते हैं कि फ्लैट खाली है। वह उसका ताला तोड़कर अंदर घुस जाते हैं। सारे कीमती आभूषण चोरी करके फरार हो जाते हैं।

# अज्ञात महिला के शव की पहचान की सीमा बढ़ाई

फरीदाबाद। सेक्टर सात में मिली मृतक महिला की पहचान बताने वाले को फरीदाबाद पुलिस की तरफ से 25000 रुपये का दिया जाएगा नकद इनाम, सूचना देने वाले का नाम रखा जाएगा गुप्त। मृतक महिला की पहचान के लिए पुलिस द्वारा यूआइडीएआइ को पत्र लिखा जा चूका है। महिला के फिंगरप्रिंट तथा यूआइडीएआइ के माध्यम से महिला की पहचान करने में मिलेगी मदद।

पुलिस द्वारा लापता व्यक्तियों की जानकारी के लिए बनाई गई वेबसाइट पर 22 महिलाओं की पहचान की गई है। जिसमें उनके हाथ पर ओम गुदा हुआ है। परंतु मृतक महिला की इसमें पहचान नहीं हुई है। फरीदाबाद पुलिस द्वारा मृतक महिला की पहचान के लिए दिल्ली, गुड़गांव, रेवाड़ी, पलवल, अलीगढ़ इत्यादि आसपास के एरिया में पहचान के लिए इश्तिहार छपवाकर भेजे गए हैं। मृतक महिला की पहचान के लिए आरोपी की तलाश के लिए क्राइम ब्रांच, थाना पुलिस, और मिसिंग सेल सहित सात टीमें कार्य कर रही है। पुलिस को अहम सुराग मिले हैं जिन पर स्टडी किया जा रहा है।

# 90 इंडिपेंडेंट फीडरों का बिजली निगम ने किया टेकओवर

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को सुविधाएं देने और सुचारू बिजली आपूर्ति बनाए रखने की ओर अग्रसर है। प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने बताया कि निगम द्वारा अनेक रिहायशी सोसायटी को 11केवी और 33केवी इंडिपेंडेंट फीडरों द्वारा निरंतर बिजली आपूर्ति की जा रही है। पहले ग्रुप हाउसिंग सोसायटी, बिल्डर आरडब्ल्यूए द्वारा अपने-अपने इंडिपेंडेंट फीडर का रखरखाव किया जा रहा था।

अब अनेक ग्रुप हाउसिंग, बिल्डर एरिया की सोसायटी को बिजली निगम टेकओवर कर रहा है और उनका ऑपरेशन एंड मेंटिनेस बिजली निगम द्वारा लगातार किया जा रहा है। इस वर्ष जुलाई से किए गए सोसायटी फीडर टेकओवर करने की शुरुआत के तहत गुरुग्राम के 62 और फरीदाबाद के 28 इंडिपेंडेंट फीडरों को बिजली निगम टेकओवर कर चुका है। गुरुग्राम सर्कल 2 के अंतर्गत आने वाली 67 सोसायटियों में से 61 को टेक ओवर



पीसी मीणा।

किया जा चुका है। बकाया सोहना रोड उपमंडल की 6 सोसायटी फीडर के अपर्याप्तता कार्य आदि पूर्ण होते ही टेकओवर कर लिया जाएगा। गुरुग्राम सर्कल एक के अंतर्गत एक सोसायटी को टेक ओवर किया जा चुका है। सिटी डिवीजन की बकाया 18 सोसायटी फीडर के अपर्याप्तता कार्य आदि पूर्ण होते ही टेकओवर कर लिया जाएगा। फरीदाबाद सर्कल के अंतर्गत सभी उपमंडल के तहत आने वाली सभी 28 सोसायटियों के इंडिपेंडेंट फीडर को बिजली निगम द्वारा टेकओवर किया जा चुका है। बिजली निगम इन सभी सोसायटियों के फीडर का परिचालन एवं रखरखाव कर रहा है। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम सर्कल एक के अंतर्गत आने वाली मानेसर डिवीजन की एक सोसाइटी एवीएल 36 सोसायटी को टेक ओवर किया जा चुका है। गुरुग्राम सर्कल 2 के तहत डीएलएफ उपमंडल की 26, साउथ सिटी उपमंडल की 4, सुशांत लोक उपमंडल की 2, सेक्टर 23 उपमंडल की 3, सेक्टर 31उपमंडल की एक, सेक्टर 56 उपमंडल की 11 और सोहना रोड उपमंडल की 14 सोसायटी के फीडर को टेकओवर किया जा चुका है।

गुरुग्राम की अभी तक टेकओवर की गई 62 सोसायटी में सेलिब्रिटी होम्स, पार्क व्यू रेजीडेंसी, गुड़गांव वन, वेस्टएंड हाइट, ऑइकन, पिनाकल, मेपल हाइट, सहारा ग्रेस, गुलाब फॉर्म, आर्किड, कंट्री वाइड, सुशांत एस्टेट, पाम ग्रूव हाइट, यूनीवर्ल्ड गार्डन, लीजेंड, सनसिटी हाइट, एक्जोटिका, नीलकंठ, ला लैगून, पाम स्प्रिंग, जैस्मिन, वैली व्यू, फैंटेसी, अलोहा, वृंदास आदि शामिल हैं।

# डबुआ फ्लैट्स का किया सुप्रीम कोर्ट की टीम ने दौरा

## निगम के अधिकारी छिपाते रहे समस्या, पब्लिक ने की उजागर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

खोरी बस्ती के लोगों को पुनर्वास योजना के तहत डबुआ कालोनी में फ्लैट दिए गए थे, लेकिन वहां लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए शनिवार को सुप्रीम कोर्ट की टीम के सदस्यों ने डबुआ कालोनी में बने फ्लैट्स का दौरा किया। लेकिन फ्लैट्स का दौरा कर रही टीम को नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी गुमराह करते नजर आए, जिस पर लोगों ने टीम को समास्याओं से अवगत करवाया। लेकिन टीम कुछ ही समस्याओं को देख पाई और वापस लौट गई।

नगर निगम द्वारा गत वर्ष अरावली पर बसी खोरी बस्ती में अवैध निर्माण ढहाए गए थे। विरोध होने पर सरकार ने पुनर्वास योजना के



डबुआ कालोनी स्थित गांव खोरी के लोगों को दिए गए फ्लैट्स का निरीक्षण करते सुप्रीम कोर्ट से आई कमेटी के सदस्य।

तहत डबुआ कालोनी में फ्लैट देने की घोषणा की थी। जिसमें बाद लोगों ने पुनर्वास योजना के तहत नगर निगम में आवेदन किए थे। दस्तावेजों की जांच के बाद नगर निगम ने 1009 लोगों को आवंटन पत्र जारी किए थे। उस समय नगर निगम की शर्त के अनुसार आवेदक को 10 हजार रुपये जमा कराने थे। पुनर्वास योजना के तहत यह भी शर्त थी कि आवेदक को 20 वर्ष तक 1950 रुपये प्रति माह देने होंगे। नगर निगम के रिकार्ड के अनुसार अब तक 141 लोगों ने 10 हजार रुपये जमा कराए हैं। इनमें से 104 लोग फ्लैट में आकर रहने लगे हैं।

खोरी रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन ने पिछले वर्ष ही सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी कि डबुआ कालोनी के फ्लैट जर्जर हालत में हैं और यहां सुविधाओं की कमी है। पहले फ्लैट की खिड़कियां और दरवाजे टूटे थे। साफ-सफाई नहीं थी। पानी का भी इंतजाम नहीं था। कचरे के ढेर लगे हुए थे। कचरा पहले उठा लिया गया था। वहां काली मिट्टी जमा थी, जिसे बुधवार को अर्थमूवर से उठाया गया है। नगर निगम की ओर से डबुआ कालोनी के फ्लैटों की दशा सुधारने का काम अब भी चल रहा है। जितना काम हो गया था, उसकी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दी गई थी। लेकिन शनिवार को टीम दौरा करने पहुंची तो वहां समस्या समाप्त नहीं हुई थी।

**हुई बहस :** सुप्रीम कोर्ट की टीम ने जब जांच शुरू की, तो उस दौरान नगर निगम के अधिकारियों समेत कर्मचारी सभी मौके पर मौजूद थे, जहां उन्होंने टीम को कराये गए कुछ काम करवा कर लीपापोती करनी शुरू कर दी, इस दौरान पब्लिक एकत्रित हो गई और उन्होंने अपनी समस्याएं टीम को बतानी शुरू कर दी, जिस पर टीम और नगर निगम के अधिकारियों के बीच बहस भी हुई, हालांकि टीम ने पब्लिक के द्वारा बताई गई, कुछ स्थानों का दौरा किया।

# अब नहीं होगी स्कूलों में अध्यापकों की कमी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

स्कूली विद्यार्थियों के लिए खुशखबरी है, कि जल्द ही स्कूलों में उन्हें अध्यापकों की कमी के कारण प्रदर्शन नहीं करना पड़ेगा। पिछले काफी समय से अध्यापकों की कमी के कारण जगह-जगह विद्यार्थी घंटो सड़कों पर प्रदर्शन करते हुए स्कूल के गेटों पर ताला जड़ रहे थे, लेकिन अध्यापकों की कम संख्या की समस्या अब समाप्त हो जाएगी, क्योंकि अब जिन स्कूलों में टीचर्स की कमी है, उन स्कूलों को जल्द ही टीचर्स मिल सकेंगे, क्योंकि पीजीटी और टीजीटी गेस्ट टीचर्स के आवेदन मांगे गए हैं।

इसके लिए टीचर्स शिक्षा विभाग या अपने खंड शिक्षा कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को सिरे चढ़ाने के लिए छुट्टी के दिन भी खंड शिक्षा कार्यालय शनिवार को खुले रहे। जानकारी के मुताबिक जिले में अध्यापकों की संख्या काफी कम है। देखा जाए तो जिले में पांचवीं से लेकर 12वीं कक्षा तक 350 से अधिक स्कूल हैं। इनमें काफी स्कूलों में पर्याप्त अध्यापक नहीं है। टीचर्स न होने के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कई स्कूल तो ऐसे भी हैं, जो की गेस्ट टीचर्स के दम पर ही चल रहे हैं। स्थिति ये है कि पहली से पांचवीं कक्षा तक की सभी कक्षाओं को एक ही टीचर्स पढ़ा रहे हैं। इसी को लेकर पिछले दिनों कई स्कूलों में ग्रामीणों ने ताले जड़ दिए थे, बावजूद स्कूलों में टीचर्स की कमी है। ऐसे में सरकार ने गेस्ट टीचर्स के आवेदन जमा कराने के लिए कहा है। फार्म जमा कराने का दो दिन का समय दिया गया। इससे की शनिवार को भी खंड शिक्षा कार्यालय खोले गए। जो टीचर्स आवेदन जमा कराएंगे, उनकी सूची तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी शिक्षा निदेशालय को भेजेंगी। निदेशालय के हस्तक्षेप के चलते बाद में आगे की कार्रवाई शुरू होगी।

# संक्षिप्त समाचार

## नौ मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया



फरीदाबाद। लॉयन्स क्लब हमदर्द के सहयोग से मानव भवन सेक्टर-10 में संचालित आई विजन सेंटर ने शनिवार को 9 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन दिल्ली स्थित लायंस आई हॉस्पिटल में कराया। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व आई विजन सेंटर के कोऑर्डिनेटर लायन ललित कुमार झा ने कहा है कि लॉयन्स क्लब हमदर्द के सहयोग से मानव सेवा समिति के सेक्टर-10 स्थित कार्यालय मानव भवन में नवंबर 2021 में चैरिटेबल आई विजन सेंटर खोला गया था। इस सेंटर में प्रत्येक रविवार को सुबह 9 से 12 आधुनिक मशीनों से आंखों की जांच करके उचित उपचार किया जाता है दवाइयां नि:शुल्क प्रदान की जाती हैं और मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों का ऑपरेशन रियायती दर पर दिल्ली स्थित लायंस क्लब के आई हॉस्पिटल में कराया जाता है। अब तक 1428 मरीजों की आंखों की जांच की जा चुकी है और 58 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया जा चुका है। लायंस क्लब के वाइस डिस्ट्रिक गवर्नर अनिल अरोड़ा व समिति के चेयरमैन अरुण बजाज ने लोगों से अपील की है कि वे इस चैरिटेबल आई विजन सेंटर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## डीएवी कॉलेज में मासिक यज्ञ का हुआ आयोजन

फरीदाबाद। डीएवी शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद की आर्य समाज इकाई द्वारा सभी की मंगल कामना के लिए मासिक यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉ सविता भगत ने सम्पूर्ण चराचर की मंगल कामना के लिए यज्ञ में आहुति डाली। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि यज्ञ का अर्थ आग में घी डालकर मंत्र पढ़ना नहीं होता। यज्ञ का अर्थ है-शुभ कर्म। श्रेष्ठ कर्म। सत्कर्म। वेदसम्मत कर्म। सकारात्मक भाव से ईश्वर-प्रकृति तत्वों से किए गए आह्वान से जीवन की प्रत्येक इच्छा पूरी होती है। मांगो, विश्वास करो और फिर पा लो। यही है यज्ञ का रहस्य। वेद में भी यही प्रार्थना की गई है कि हे ईश्वर, हमारे सारे दुर्गुणों को दूर कर दो और जो अच्छे गुण, कर्म और स्वभाव हैं, वे हमें प्रदान करो। प्राणियों की उत्पत्ति एवं पोषण का कारण अन्न है। पृथ्वी में स्थित खनिज सम्पत्ति पोषक अन्न का रूप तभी लेती है जब जल वृष्टि होती है। वर्षा के बिना न तो वनस्पति जीवन की वृद्धि होगी और न पशुओं का जीवन ही सम्भव होगा। यज्ञ के फलस्वरूप वर्षा होती है तथा यज्ञ का सम्पादन मनुष्य के कर्मों द्वारा होता है। इसलिए प्रत्येक गृहस्थ को प्रतिदिन यज्ञ करना चाहिए। संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ अमित शर्मा ने यज्ञब्रह्म का पद अलंकृत किया। इस अवसर पर डॉ मीनाक्षी हुड्डा, वंदना, डॉ रेखा मैत्रा, आरती, स्नेहलता आदि तथा गैर शिक्षक कर्मचारियों में रवि धीमान, गुलशन शर्मा, सुनील शर्मा, प्रवीण कुमार, लल्लन प्रसाद, सुनील कुमार, रविन्द्र सिंह आदि उपस्तिथ रहे। यज्ञ के उपरांत शिक्षकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को ऋषि प्रसाद भी वितरित किया गया।

## परिवहन मंत्री मूलचंद ने पूरा किया एक और चुनावी वायदा



बल्लभगढ़। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि जलघर सेक्टर- 22, सेक्टर- 23 व संजय कालोनी (बूस्टर) का आगामी 20 नवंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल बटन दबाकर उद्घाटन कर यह बूस्टर जनता को समर्पित करेंगे। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि करीब 20 साल से भी ज्यादा समय पहले इस बूस्टर का निर्माण हुआ था। लेकिन इस बूस्टर तक कोई भी पूर्व की सरकार पानी नहीं पहुंचा पाई थी और बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रेलवे पार इस इलाके में लंबे अरसे से जनता स्वच्छ पेयजल सप्लाई के पानी के लिए परेशान थी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आगे बताया कि उन्होंने चुनाव में जनता से वादा किया था, कि वे इस इलाके को मीठा पानी उपलब्ध करवाएंगे। अब वह मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा उनका चुनावी वादा पूरा होने जा रहा है। उन्होंने बताया की प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 20 नवंबर को इस जलघर का उद्घाटन करेंगे। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि एफएमडीए द्वारा यमुना के किनारे लगे रेनीवेल ट्यूबवेल से पानी की सप्लाई इस बूस्टर तक पहुंचाई गई है। अब इस बूस्टर से सेक्टर-22, सेक्टर -23, संजय कॉलोनी, ईस्ट इंडिया कॉलोनी, जनता कॉलोनी और शिव कॉलोनी के लोगों को हर रोज मीठा पानी मिलेगा।

## शिविर में 60 रक्तवीरों ने किया रक्तदान



फरीदाबाद। भारत रत्न महामना पं. मदन मोहन मालवीय की पुण्यतिथि पर मदन मोहन मालवीय जनकल्याण ट्रस्ट के सेक्टर-70 स्थित कार्यालय पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ट्रस्ट के संस्थापक पं. प्रीतम सिंह ने किया। शिविर का रोटरी क्लब सैन्ट्रल युवा शक्ति फरीदाबाद एवं पं. मदन मोहन मालवीय जन कल्याण ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें 60 रक्तवीरों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। ट्रस्ट के संस्थापक पं. प्रीतम सिंह ने बताया कि इस रक्त का उपयोग थैलेसीमिया रोग से ग्रस्त बच्चों के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की स्थापना के बाद यह पहला रक्तदान शिविर है और पहली बार में ही भारी संख्या में रक्तवीरों ने रक्तदान किया है। जिसके लिए उनका ट्रस्ट सभी रक्तवीरों का आभार व्यक्त करता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधान सुरेश शर्मा, महेन्द्र मुदगिल, कमल शास्त्री, लोकेश शर्मा, जीत सिंह तेवतिया, चौ. टेकचंद, सुरेन्द्र नट नागर, लखन सिंह, बृजमोहन शर्मा एडवोकेट, मनीष वत्स, ज्ञान प्रकाश शर्मा, ओमदत्त कौशिक एडवोकेट, हर्ष हुड्डा, सचिन पाराशर एडवोकेट, हरीश भारद्वाज, दलवीर नागर, योगेश पटवारी, भूपेन्द्र पटवारी के अलावा रोटरी क्लब की ओर से प्रधान गौरव जैन, सचिव विकास जैन व उनकी समस्त टीम मौजूद रही।

## एलपीजी गैस की कालाबाजारी में दो गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशानिर्देश तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेंद्र कुमार की टीम ने गैस सिलेंडर सप्लाई करते समय उसमें से गैस निकालकर ग्राहकों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के मामले में दो गाड़ी चालकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में आजाद और गौरव का नाम शामिल है। आरोपी आजाद फरीदाबाद के अलीपुर तथा आरोपी गौरव न्यू राजीव कॉलोनी का निवासी है। पिछले काफी समय से घर में सप्लाई होने वाले गैस सिलेंडर के बारे में काफी शिकायतें मिल रही थी। जिसमें ग्राहकों को गैस सिलेंडर में निर्धारित मात्रा से गैस कम गैस पहुंचाई जा रही थी। डीसीपी क्राइम के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने इन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना डबुआ में आवश्यक वस्तु अधिनियम चोरी तथा धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ शुरू की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी पर्वतीय कॉलोनी स्थित ओम साई एचपी गैस एजेंसी में काम करते हैं और वहां से गाड़ी में गैस सिलेंडर भरकर ग्राहकों को उनके घर पर सप्लाई करते हैं। आरोपी गैस एजेंसी से सिलेंडर लादकर चलते हैं और रास्ते में पाली बाखरी रोड पर जंगल में पुराने खंडहर पड़े टिन शेड के पीछे गैस एजेंसी से लाए गए भरे हुए गैस सिलेंडर से थोड़ी-थोड़ी गैस निकालकर खाली सिलेंडर में भर लेते थे।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 13 नवंबर 2022



# मोदी नीत सरकार पसमांदा मुसलमानों के सशक्तीकरण के लिए कर रही काम

## अन्य राजनीतिक दलों ने समुदाय का इस्तेमाल सिर्फ वोट के लिए किया: बृजेश पाठक

भाषा। बरेली

**रामपुर** सदर विधानसभा सीट पर पांच दिसंबर को होने वाले उपचुनाव से पहले उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शनिवार को कहा कि नरेंद्र मोदी नीत केंद्र सरकार जहां अपनी योजनाओं के माध्यम से पसमांदा मुसलमानों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रही है, वहीं अन्य राजनीतिक दलों ने समुदाय का इस्तेमाल सिर्फ वोट के लिए किया है।उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले की यह सीट समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद खाली हुई है। खान को नफरती भाषण के मामले में तीन साल के कारावास की सजा सुनाए जाने बाद विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया गया था। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा रामपुर के गांधी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और राज्य मंत्री बलदेव ओलक सहित अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पसमांदा मुस्लिम समुदाय से जुड़े लाभार्थियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, आजादी के बाद जो सम्मान आपको मिलना चाहिए था, वह सम्मान आपको नहीं मिल पाया। आप के सम्मान की किसी ने चिंता की तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने की। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज में जो दलित मुस्लिम हैं, पिछड़े हैं, वंचित हैं, उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाना होगा। पाठक ने कहा कि मोदी जी ने फैसला किया है कि वह उनके (पसमांदा मुसलमानों) के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे।

सपा के दिग्गज नेता आजम खान ने 2022 के विधानसभा चुनाव में सीतापुर जेल में रहते हुए रिकार्ड दसवीं बार रामपुर सीट से चुनाव जीता था। इसके बाद उन्होंने रामपुर संसदीय सीट छोड़ दी थी, जो उन्होंने 2019 में जीती थी। पाठक ने कहा, कुछ लोगों ने आपके वोट हासिल करने के लिए हिंदुओं और मुसलमानों के बीच खाई पैदा की। मोदीजी और भाजपा का एक भी फैसला नहीं है, जिसमें पसमांदा समुदाय के भाइयों और बहनों को शामिल नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर योजना का लाभ आपको देने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा, दूसरी तरफ विपक्षी दल चाहे कांग्रेस पार्टी हो, समाजवादी पार्टी हो, या बहुजन समाज पार्टी हो सब हिंदू-मुस्लिम करके वोट हासिल करते रहे, लेकिन आपके हक के लिए कुछ नहीं किया। पाठक ने आजम खान का नाम लिए बगैर कहा, बड़े मियां ने कहा कि आपने उनका हुक्का भरा है---आपने उन लोगों की सेवा की जिन्होंने आपका खून चूसा। पाठक ने आजम खान का नाम लिए बगैर कहा, बड़े मियां ने कहा कि आपने उनका हुक्का भरा है---आपने उन लोगों की सेवा की जिन्होंने आपका खून चूसा। मैं अपने कुरैशी, अंसारी, धोबी, चिड़ीमार, मनिहार समुदाय के भाइयों से कहना चाहता हूं कि आप बड़े मियां से कह दें कि पसमांदा समाज के मुस्लिम भाई अब आपका हुक्का नहीं भरेंगे। पसमांदा समुदाय में 41 जातियां आती हैं, जिनमें अंसारी, कुरैशी, मंसूरी, सलमानी आदि शामिल हैं और ए बूचड़खाने और बुनाई जैसे पेशे में लगे हैं। इन्हें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक लिहाज से अति पिछड़ा समझा जाता है। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने अपने भाषण में आजम खान का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते कहा कि राजनीति में गर्व का कोई स्थान नहीं होता। अपनी ताकत का जिन्हें गुरूर है, उनकी स्थिति सबके सामने है।



रामपुर में शनिवार को अल्पसंख्याक सम्मेलन में यूपी के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी

## एमबीए की छात्रा ने खोला रेस्टोरेंट

**पड़ावधचन्दौली।** क्षेत्र के बच्चा बाबू यादवए शकुंतला देवी व प्रतिका यादव ने संयुक्त रूप के साथ खुले डोरा आफ हैप्पीनेस रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया।इस अवसर पर काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। जिलापंचायत सदस्य शमीम सिद्दिकी ने रेस्टोरेंट के मालिकिन अंकिता यादव को मुबारकबाद दी और कहा कि बाजार में इस तरह का रेस्टोरेंट खोलने से स्थानीय लोगों को काफी फायदा मिलेगा और उन्हें बैठने के लिए बेहतर जगह भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि अंकिता यादव एमबीए करनें के बाद नौकरी न करनें का प्रण लेकर रेस्टोरेंट खोला यह मौजूदा समय में सभी लोगों को सरकारी नौकरी मिले यह संभव नहीं है ऐसे में लोग अपना रोजगार चला कर दूसरों को भी रोजगार के अवसर प्रदान कर सकते हैं।बच्चा बाबू ने कहा कि अपने विचार रखते हुए कहा कि मुख्य बाजार में बेहतर किस्म का रेस्टोरेंट खोलने से लोगों को काफी फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहां पर फास्ट फूड के साथ.साथ खाने के लिए अन्य वस्तुएं भी उपलब्ध हैं। इस मौके पर किशन यादवए अंकित यादवए बीना यादवए प्रिती यादवएवर्दान यादवए सिद्धार्थ सिंह आदि।

## वी लेकर आया परीक्षा सामग्री

**वाराणसी।** इंडियन एयर फोर्स की नौकरियां भारत के युवाओं को सबसे ज़्यादा लुभाती हैं। इंडियन एयर फोर्स ने साल 2023 के लिए अग्निवीर वायु योजना के तहत भर्तियों के अवसरों की घोषणा की है, इसी के मद्देनज़र वी, परीक्षा के साथ साझेदारी में वी ऐप पर अग्निवीर एयर फोर्स एक्स एण्ड वाय ग्रुप की तैयारी के लिए अध्ययन सामग्री लेकर आए हैं। सरकारी परीक्षा की तैयारी के लिए अग्रणी संस्थान परीक्षा पर विशेषज्ञों द्वारा विशेष रूप से तैयार की गई यह सामग्री वी ऐप पर उपलब्ध है, जिसे कैडेट्स डीफेन्स एकेडमी के जाने-माने शिक्षकों ने डिज़ाइन किया गया है।

## समाज के सभी हिस्सों को सशक्त बनाने का प्रयास

**वाराणसी** फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस सिर्फचीज़ें खरीदने और बेचने के प्लेटफॉर्म से कहीं अधिक बढ़कर है क्योंकि यह हमारे समाज के सभी हिस्सों को सशक्त बनाने और उन्हें बेहतर बनाने का प्रयास करता है द बिग बिलियन डेज़ के दौरान लाखों भारतीयों ने ऑनलाइन खरीदारी की ऐसे में छोटे कारोबारों और शिल्पकारों को उत्पादों की व्यापक रेंज के साथ प्लेटफॉर्म पर अपनी पहुंच का विस्तार करने का बेहतरीन अवसर मिला, उन्हें अपनी कुशलता व मेक इन इंडिया उत्पादों का प्रदर्शन करने का मौका मिला।

# हादसों में नौ लोगों की मौत

भाषा। अमरोहा

**जिले** के गजरौला थाना क्षेत्र के दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार की शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार की शाम लगभग छह बजे दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रही तेज रफ्तार इनोवा कार आगे चल रहे अज्ञात वाहन में घुस गई जिससे यह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, उसमें सवार तीन लोग अंदर ही फंसे रह गए। उन्होंने बताया कि किसी तरह कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला जा सका। कार चला रहे युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि एक महिला समेत दो लोगों को सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों में कार चालक अरहान (22), शोएब उर्फ जमील खान (60) तथा उसकी पत्नी अफरोज बेगम (58) शामिल हैं।

**आगरा में तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, तीन की मौत, दो घायल:** आगरा। जिले के फतेहाबाद थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात पलिया गांव के पास एक कार के एक पेड़ से टकरा जाने की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत नाजुक है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आगरा-फतेहाबाद मार्ग पर देर रात लखनऊकी ओर से आ रही एक कार बेकाबू होकर पलिया गांव के समीप एक पेड़ से टकरा गई। उन्होंने बतया कि कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि पेड़ से टकराने के बाद उसके परखच्चे उड़ गए। उन्होंने बताया कि मरने वाले की पहचान फिरोजाबाद के जाटवपुरी के रहने वाले इमरान, नासिर और जबी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वकार और ओवेस गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया एक अन्य घटना में, हरीपर्वत थाना क्षेत्र के फ्रीगंज में एक ट्रक से कुचल कर एक युवक की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उसकी पहचान मोहम्मद उर्फ भइए के तौर पर की गई है। उन्होंने बताय कि शवों का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**विषाक्त पदार्थ का सेवन कर युवती की मौत, युवक उपचारित**

आगरा। जिले के शमसाबाद थाने में प्रेमी-प्रेमिका ने जहर खा लिया, जिससे प्रेमिका की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई जबकि युवक का उपचार चल रहा है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। शमसाबाद के पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि युवती की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने युवक का बयान दर्ज कर लिया है। कुमार ने बताया कि दोनों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। उन्होंने बताया कि युवक और युवती के परिजनों ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है और पुलिस आगे की कार्वाई कर रही है।

**खेत में टूटकर गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से दो लोगों की मौत:** बलिया। जिले के एक गांव में शनिवार की सुबह खेत में टूटकर गिरे बिजली के तार की चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि सहतवार थाना क्षेत्र के खानपुर गांव में शनिवार सुबह संदीप तिवारी (19) अपने बहनोई अजय पाण्डेय (27) के साथ खेतों की ओर जा रहा था कि दोनों खेत में टूटकर गिरे बिजली के हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। गाजीपुर जिले के निवासी अजय पाण्डेय एक पारिवारिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने अपनी ससुराल खानपुर गांव आए थे। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**सहारनपुर में मोटरसाइकिल नहर में गिरी, एक व्यक्ति डूबा:**

सहारनपुर। जिले के सिकरी गांव के पास एक पुल से मोटरसाइकिल गंगा नहर में गिरने से एक व्यक्ति नहर में डूब गया, जबकि दो लोगों को बचा लिया गया। मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति सवार थे। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।देहात पुलिस अधीक्षक सूरज राज ने बताया कि देवबंद इलाके का फारुक (19), अब्दुल रहीम (20) और हैदर (21) मोटरसाइकिल पर जा रहे थे कि इसी दौरान उनकी बाइक गंगा नहर में गिर गई।उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने अब्दुल रहीम और हैदर को किसी तरह से डूबने से बचा लिया, लेकिन फारुक पानी में बह गया। मुजफ्फरनगर पुलिस ने शनिवार को फारुक का शव बरामद कर लिया और इसकी सूचना उसके परिजनों को दे दी।

**घर पर सो रही किशोरी से दुष्कर्म:** फतेहपुर। किशोरी के साथ घर में घुसकर गुरुवार रात दुष्कर्म किया गया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसकी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 13 साल की किशोरी घर के अंदर सो रही थी। किशोरी के पिता का आरोप है कि गांव के परवेज ने घर में घुसकर बेटी के साथ दुष्कर्म किया। उसे जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

# उन्नाव में लूटपाट के बाद महिला की हत्या

भाषा। उन्नाव

**जिले** की गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत गायत्री नगर भातू फॉर्म इलाके में एक घर में लूटपाट के बाद महिला की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर गंगा घाट कोतवाली प्रभारी और क्षेत्राधिकारी (सीओ) नगर मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष कुमार ने बताया शुक्रवार रात गायत्री नगर भातू फॉर्म निवासी प्रेम शंकर मिश्रा की पत्नी कांति मिश्रा (58) घर पर अकेले थीं। मिश्रा कपड़ा बाजार में नौकरी करते हैं। उन्होंने बताया मिश्रा जब रात में अपनी ड्यूटी से घर लौटे तो उन्होंने घर के मुख्य द्वार का कुंडा टूटा हुआ पाया, जिसके बाद वह कमरे में पहुंचे जहां उन्होंने कमरे का सामान बिखरा हुआ देखा। उनकी पत्नी का शव आंगन में पड़ा हुआ था। यह देखकर उन्होंने पड़ोसियों को बुलाकर पुलिस को इसकी सूचना दी। सीओ ने बताया कि जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस के साथ वह मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। उन्होंने बताया शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### छात्रा के साथ बलात्कार के बाद मौत के मामले में एक युवक की हुई गिरफ्तारी

**उन्नाव।** जिले की सदर कोतवाली में बीएससी की अनुसूचित जाति की छात्रा के साथ कथित बलात्कार और उसकी मौत के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बलात्कार की पुष्टि हुई है और मौत का कारण निजी अंगों में गहरी चोट के कारण अधिक खून बहना बताया गया है। कोतवाली प्रभारी राजेश पाठक ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 19 वर्षीय युवती बृहस्पतिवार को घर पर अकेली थी। उन्होंने बताया कि छोटी बहन दोपहर बाद जब स्कूल से घर लौटी तो उसने पाया कि उसकी बड़ी बहन अर्धनग्न अवस्था में बिस्तर पर पड़ी थी और उसके निजी अंगो से रक्तस्राव हो रहा था। उन्होंने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस युवती को लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उन्होंने बताया कि तीन डाक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया है, जिसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई है।

## लोक अदालत का अधिवक्ताओं ने किया बहिष्कार

**खागा** (फतेहपुर)। जमीनों के बढ़े सर्किल रेट के विरोध मे अधिवक्ताओं की हड़ताल लगातार जारी है। लोक अदालत का अधिवक्ताओं ने खुलकर बहिष्कार किया। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अधिवक्ताओं तहसील मुख्यालय के गेट पर एवं अदालत गेट को घेरकर बैठे रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी तैनात रहा। लोक अदालत मे अधिवक्ताओं की हड़ताल की जानकारी होने पर वादकारी भी कचहरी मे नही दिखे। बताते चलें कि सर्किल रेट के विरोध मे 21 अक्टूबर से अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी है। अधिवक्ताओं की मांग है कि सर्किल रेट की बढ़ोत्तरी वापस ली जाए और सब रजिस्ट्रार को तत्काल हटाया जाए। जब तक ये सभी मांगे नही मानी जाएगी तो तब तक हड़ताल जारी रहेगी हालांकि प्रशासन से वार्तालाप होने के बाद भी कोई हल नही निकल सका। इस मौके पर संयोजक अशोक गुप्ता, सह संयोजक मोतीलाल, महेंद्रराज सिंह, राजेंद्र सिंह, विद्या भूषण मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, आशुतोष पांडेय, राजकुमार दुबे, रामशखा द्विवेदी, संजय सिंह, धीरेंद्र गुप्ता, आशीष दीक्षित, अरुण अवस्थी, एसडी शुक्ला हनुमान सिंह, जितेंद्र द्विवेदी, मनीष पांडेय, कुंवर बहादुर सिंह, राजेश कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने धान क्रय केन्द्र का किया निरीक्षण

**असोथर** (फतेहपुर)। जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने राजकीय धान क्रय केन्द्र, विपणन केन्द्र शाखा (उपमंडी) एवं अनाज भंडारण गोदाम असोथर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमी मापक यंत्र, बोरे की उपलब्धता आदि को देखा और कहा कि धान क्रय केंद्र में आने वाले किसानों का धान प्राथमिकता के आधार पर क्रय किया जाय। किसानों के बैठने एवं शुद्ध पेय जल की व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। क्रय केंद्र में आने वाले किसानों को विक्रय करने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो पाये, इसका विशेष ध्यान रखा जाय। विक्रय करने वाले किसानों का भुगतान समय से कराया जाय। उन्होंने कहा कि किसानों को जागरूक किया जाय कि पराली को न जलाए। अनाज भंडारण गोदाम असोथर के निरीक्षण के दौरान कहा कि गोदाम में रखे हुए फोर्टिफाइड/नॉन फोर्टिफाइड चावलों को बोरो से निकलवाकर देखा और जानकारी ली। गोदाम की साफसफाई रखने एवं आने वाले वाहनों के लिए सुगम रास्ता बनाये जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी आरएमओ, जिला सूचना अधिकारी, गोदाम प्रभारी, धान क्रय केंद्र प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

**यातायात माह: सीपीएस की रूचिका के नाम रही चित्रकला प्रतियोगिता:** फतेहपुर। शहर के चित्रांश नगर इलाके में स्थित चिल्ड्रन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न किए जाने हेतु 1 से 7 नवंबर तक जनपद के माध्यमिक स्तर पर कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओं लेखन, चित्रकला एवं क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। इसमें विजेता प्रतिभागियों को जनपद स्तर पर 9 नवंबर से 12 नवंबर तक प्रतियोगिताओं का आयोजन संपन्न किया जाना था। अत: उसी कड़ी में विद्यालय के विजेता प्रतिभागियों को जनपद के अनेक विद्यालय के मध्य विद्यार्थियों के बीच लेखन चित्रकला व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके मूल्यांकन हेतु जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करते हुए जनपद स्तरीय कमेटी सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं छात्र-छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप धनराशि बैंक खाते में भेजी जाएगी। शहर के स्थानीय चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल की कक्षा 11 की रुचिका दीक्षित ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का ही नहीं जनपद का भी गौरव बढ़ाया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर प्राची श्रीवास्तव, प्रशासक लालजी श्रीवास्तव ने माल्यार्पण कर रूचिका का उत्साह वर्धन किया और उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अमित श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# विक्टोरिया की मूर्ति को ध्वस्त किये जाने के आंदोलन के नायक प्रभुनारायण ही थे

पायनियर समाचार सेवा ।वाराणसी

**अपनी** जायज मांगों को लेकर अहिंसक आंदोलन करने वाले निहत्थे किसानों-मजदूरों और नवजवानों पर लाठी -गोली चलाये जाने के खिलाफसख्त कानून बनाया जाना चाहिए । यह मांग प्रसिद्ध समाजवादी विचारक , स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व मंत्री प्रभुनारायण सिंह की 103वीं जयंती पर आयोजित समारोह में विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने की । प्रभु बाबू को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 1967 की संविद सरकार में प्रभुनारायण सिंह मंत्री थे ।उस दौरान मेरठ के मोदी नगर में आंदोलन कर रहे श्रमिको पर पुलिस ने गोली चला दी थी और उन्होने न सिर्फ इसके विरोध में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था बल्कि पार्टी के सम्मेलन में निहत्थी भीड़ पर लाठी गोली के खिलाफकानून बनाने का प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया जिसे स्वीकार कर लिया गया था। वक्ताओं ने प्रभु बाबू के व्यक्तित्व व कृतित्व की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि 1954 में काशी विश्वनाथ मंदिर में हरिजन प्रवेश और गुलामी के अवशेष बेनियाबाग स्थित विक्टोरिया की मूर्ति को ध्वस्त किये जाने के आंदोलन के नायक राजनारायण और प्रभुनारायण ही थे। परतंत्र भारत से लेकर स्वतंत्र भारत तक उनके संघर्षों और जेल यात्राओं की अनगिनत गाथाएं आज भी प्रेरणा दायक हैं। समारोह में वक्ताओं ने आजाद हिंदुस्तान की जेलों में अब भी जारी गुलामी के दौर के ब्रिटिश कानूनों को तत्काल खत्म करने और जेलों में राजनीतिक बंदियों के लिए सभ्य और सम्मानजनक नियम कानून लागू करने पर जोर दिया । समारोह में प्रमुख रूप से कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय , भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अशोक पांडेय , समाजवादी विचारक विजयनारायण, प्रो इंदीवर पांडेय, माकपा के प्रांतीय सचिव डा हीरालाल यादव, नंदलाल,कुंवर सुरेश सिंह, प्रह्लाद तिवारी, पूर्व एमएलसी अरविंद सिंह, गोपाल जी यादव, राकेश पाठक आदि ने विचार व्यक्त किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो सुरेंद्र प्रताप ने की और संचालन राधेश्याम सिंह ने किया ।

# भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग चार सत्रों में हुआ सम्पन्न

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टीए किसान मोर्चा मीरजापुर का जिला प्रशिक्षण वर्ग जिला कार्यालय मीरजापुर में चार सत्रों में सम्पन्न हुआ। प्रथम सत्र से चतुर्थ सत्र तक के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ध् वक्ता क्रमश: भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंहए भाजपा जिला उपाध्यक्ष सोनभद्र ओमप्रकाश दूबेए किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी किसान मोर्चा रहे। प्रथम सत्र से चतुर्थ सत्र का विषय क्रमश: भाजपा का इतिहास एवं विकासए विचार परिवारए संगठन संरचना में हमारी भूमिका एवं सरकार की उपलब्धि पर विस्तृत चर्चा हुयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह एवं संचालन जिला महामंत्री नागेश्वर तिवारी ने किया ।उक्त कार्य प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री अमर बहादुर सिंहए जिला उपाध्यक्ष डॉ0 प्रशान्त कुमार पाण्डेयए आशुतोष त्रिपाठीए अनिल सिंहए जिलामंत्री सहेन्द्र मौर्यए अखिलेश सिंहए मीडिया प्रभारी डॉ0 रूपेश सिंहए सिद्धार्थ सिंहए नीरज त्रिपाठीए प्रथम साहूए पवन यादवए मनोज गिरीए अभिषेक चौबे सहित सभी मण्डल अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दिया।

# परमिट है न फिटनेस, बसें दौड़ रहीं सरपट

## सीएम तक पहुंचा मामला, सदर विधायक ने उठाई आवाज, परिवहन मंत्री को लिखा पत्र

**बाँदा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोबारा प्रदेश में शपथ लेने के साथ यह घोषणा की थी कि कोई भी अधिकारी अगर भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं होगा यदि लिप्त पाया जाता है तो उसको कठोर दंड दिया जाएगा । इसके विपरीत बांदा में इसका खुलकर मखौल उड़ाया जा रहा है। यहां लोगो की जान जोखिम में डालकर गैर तकनीकी योग्यता धारी अधिकारी द्वारा दी जा रही है। वाहनों को फिटनेस और अवैध संचालन को लेकर समाजसेवी बस उपभोक्ता मयंक गुप्ता ने भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने सीएम को पत्र लिखकर मामले की जांच की मांग की है। दूसरी ओर, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को एक पत्र लिखकर यह अवगत कराया है बांदा में बिना परमिट के लगभग एक दर्जन बसों का उत्तर प्रदेश से मध्य प्रदेश सवारियों का अवैध संचालन किया जा रहा है।

आपको बताते चलें कि बांदा जनपद में जनता की जान की परवाह किए बगैर पूरे प्रदेश में यात्री बसों पब्लिक स्कूल बसों टूरिस्ट बसों को नियमों को दरकिनार करते हुए पंजीयन और फिटनेस किया जा रहा है जिस पर मुख्यमंत्री के सचिव फूम भगवती शरण सिंह द्वारा प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की अपेक्षा की गई थी साथ में अपर मुख्य सचिव परिवहन को भेजा जिस पर परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा त्रियदस्यी जाँच कमेटी का गठन 24जनवरी 2022को किया जाँच कमेटी ने मयंक गुप्त बाँदा को 11फरवरी 2022को शिकायत के समर्थन में साक्ष्य हेतु लखनऊ बुलाया गया। 2 मार्च 2022 को अपर परिवहन आयुक्त राजस्व देवेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा आरटीओ कानपुर को संबंधित वाहनों द्वारा उनसे संबंधित पत्रावली ओं अभिलेखों का परीक्षण कर निष्कर्ष युक्त जांच आख्या 1 सप्ताह के अंदर परिवहन मुख्यालय तलब की गई। इस दौरान जांच समय ना होने पर मयंक गुप्ता द्वारा 14 तीन 2214 22234 22 को प्रथम द्वितीय तृतीय अनुस्मारक पत्र परिवहन आयुक्त को भेजे गए इस पर परिवहन आयुक्त द्वारा जांच अधिकारी आरटीओ कानपुर को शिकायतकर्ता ने मुख्य बिंदु है की क्या एआरटीओ बांदा प्रशासन को व्यवसायिक वाहन निरीक्षण ऑब्लिक फिटनेस प्रमाण पत्र निर्गत करने का अधिकार है या नहीं। इस प्रश्न की जांच मैं पाया गया उत्तर प्रदेश मोटर यान अधिनियम नियमावली 1998 के नियम 39 एवं नियम 56 में दिए गए प्रावधानों के अंतर्गत पंजीयन प्राधिकारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन को फिटनेस पंजीयन लाइसेंस संबंधित समस्त कार्यों को संपादित करने का अधिकार प्राप्त है।

## आज डीएम को रिपोर्ट देगी कमेटी

**फतेहपुर।** स्टांप रेट वृद्धि के विरोध मेंतहसील खागा में जारी हड़ताल से पैदा गतिरोध को दूर करने के उद्देश्य से 05 नवम्बर को अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) द्वारा संघर्ष समिति के अधिवक्ताओं से वार्ता की गयी। बैठक में अधिवक्ताओं द्वारा प्रत्यावेदन दिया गया तथा कुछ बिन्दुओ पर गंभीरता से विचार किया गया। अधिवक्ताओ के प्रत्यावेदन पर विचार/जाँच करने हेतु जिलाधिकारी द्वारा अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), एआईजी स्टाम्प, अपर उपजिलाधिकारी नन्द कुमार मौर्य की कमेटी गठित की गयी। उपजिलाधिकारी खागा द्वारा संघर्ष समिति संघर्ष समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता से वार्ता करके कुछ बिन्दुओ पर सहमति बनायी गयी। जिलाधिकारी द्वारा गठित कमेटी कल अपनी संयुक्त रिपोर्ट जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगी।


## हाईफाई कनेक्शन

यूपी के चीफ साहब इस समय बिना किसी तनाव के अपना काम निपटा रहे हैं जबकि उनको दिया गया सेवा विस्तार अगले माह पूरा हो रहा है। उनका ध्यान एक बड़े लक्ष्य की तरफ है। वह अपने सेवा विस्तार को बढ़ाने के लिए प्रयासरत नहीं है। वह तो किसी संवैधानिक पद पर आसीन होने के लिए प्रयास कर रहे हैं और इस प्रयास में वह काफी आश्वस्त नजर आ रहे हैं। वह इसलिए क्योंकि लंबा समय पीएमओ में काम करने के बाद उनकी वर्क स्टाइल जब चीफ साहब के रूप में उत्तर प्रदेश में उनके अधीनस्थ अधिकारियों को देखने को मिली तो उसके परिणाम सरकार ने भी देखे और सराहा भी। अब साहब का जो हाईफाई कनेक्शन दिल्ली दरबार तक है उसी का नतीजा है कि अब उनको दिसंबर के बाद किसी बड़े संवैधानिक पद पर भेजा जा सकता है और वह साहब के दिल्ली दरबार के हाईफाई कनेक्शन की बदौलत ही संभव हो पाएगा। इस बात की चर्चा सत्ता के गलियारे में बहुत तेज हो रही है। इस आत्मविश्वास से लबरेज साहब अपना काम बिना किसी तनाव के निपटा रहे हैं क्योंकि उन्हें भी कहीं न कहीं से संकेत मिला है कि आपके लिए आगे बेहतर ही होगा और यह सब सिर्फ उनके हाईफाई कनेक्शन की वजह से ही संभव हो पाएगा।

## .... मैं नशे में हूं

पिछले दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक शराबी सीएमओ की करतूत सबने देखी। यहां तक कि जब सीएमओ नाक के बाल बन गए तो अन्तत: उनका धीरे से ट्रांसफर कर दिया गया। बात आई और गई हो गई। लेकिन बात यहां पर उन अधिकारियों की है जो बगैर मदिरा सेवन के ड्यूटी पर भी नही आते हैं। शायद सरकार की नजर ऐसे अधिकारियों पर नही पड़ी है। जबकि यह मामला तो एक बानगी भर है। अगर सही तरीके से इसकी जांच कराई जाए तो नशा मुक्त अभियान चलाने वाले इन अधिकारियों की खैर नही। नशा मुक्त अभियान के तहत लाखों रुपये का वारा न्यारा करने वाले जब ये अधिकारी खुद इसमें संलिप्त हैं तो फिर कैसे नशा मुक्त समाज बनेगाए यह एक यक्ष प्रश्न है।






## हर तरफ मैं ही मैं

सपा मुखिया अखिलेश यादव पर मैं 'मैं' हूं, । मैं स्वयंभू हूं। समाजवाद की भूमि में जो चाहूं वह कर सकता हूं। मुझे स्वयं की सुख सुविधा चाहिए। उसके बाद बाकी कुछ और। पहले मेरा परिवार फि र बाकी रिश्तेदार। उसके बाद जनता जनार्दन। बस मेरी यही कमजोरी और समाजवाद के हस्तिनापुर का दुर्भाग्य है। परिवारवाद की अदा तो मुझे विरासत में मिली है। पद प्रतिष्ठा हो या कुर्सी। सब आस पास ही होना चाहिए। दूर नहीं जाना चाहिए। जब पिता के पद को छीनने में मुझे जरा सी देर नहीं लगी तो बाकी सब क्या है मेरे सामने। मेरी अर्धांगनी के होते प्रताप ने बहुत तेजी पकड़ी थी। विरासत की सीट को हथियाने में। लेकिन हम भी कम नहीं है। प्रताप की तेजी को अर्श से फर्श पर लाकर पटक दिया और अपनी अर्धांगनी को पद पर सुशोभित करने के लिए मैदान में उतार दिया क्योंकि असली सुख के हकदार का पहला उम्मीदवार मैं हूं और मेरा परिवार। उसके बाद रिश्तेदार। नातेदार और फिर बचा तो जनता जनार्दन। क्या करूं यही तो समाजवाद के हस्तिनापुर का दुर्भाग्य है।



## मेहनत रंग लायी

नगर निगम ने कूड़े के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए लेकिन शहर को कचरा मुक्त नहीं कर पाया। परेशान कई विभागों के अधिकारियों ने अपनी समस्या शहर की सबसे बड़ी महिला अधिकारी के सामने रखी। महिला अधिकारी ने विभागों का दौरा कर शहर को साफ रखने की योजना पर अमल करना शुरू किया। नगर निगम सहित सभी विभागों के अफसरों को कड़क महिला अधिकारी से सफाई कर्मियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश मिले। फिर क्या था। शहर में 11 हजार सफाई कर्मियों को सड़कों पर विशेष सफाई अभियान पर लगा दिया गया। कुछ ही दिनों में लोगों को सड़कों और बाजारों में फर्क दिखने लगा। सब कुछ ठीक चल रहा था लेकिन यह कार्य कुछ छुटभइये सफाई नेताओं और ठेकेदारों को नहीं भाया। उसके पीछे ठकेदारों और छुटभइये नेताओं की अपनी जेब हल्की होते दिखने लगी। तीन के तेरह बनाने वाले सयाने लोग महिला अधिकारी के कड़क तेवर से वाकिफ थे। ऐसे में सफाई कर्मियों को भड़काने में जुट गए और जबरन सफाई कर्मियों की पुरानी समस्या उठाने लगे। महिला अधिकारी को यह सब समझते देर न लगी। महिला अधिकारी की ईमानदारी और भ्रष्टचारियों पर कड़क रवैये से वाकिफ सफाई कर्मियों ने महिला अधिकारी के दिए आश्वासन पर भरोसा जताया और दोबारा काम पर लग गए। कर्मियों को उनकी ड्रेस, बूट और जरूरी उपकरण देने में देरी जरूरी हुई लेकिन सभी उपकरण मिल गए।

## ईडी का खौफ

देश की भगवा सरकार को ईडी के रूप में ऐसा कारगर हथियार हाथ लग गया है जिसके प्रयोग मात्र से बड़े-बड़े माफिया, अंडरवर्ल्ड डान और उनके बाहुबली कारिन्दों की रूह कांप उठती है। बात उत्तर प्रदेश की हो तो यहां मौजूदा समय में ईडी का इस कदर खौफ व्याप्त है कि उसकी नोटिस और समन पाते ही बड़े-बड़े सूरमा बीमार होकर अस्पताल में भर्ती हो जा रहे हैं। पूर्ववर्ती राज्य सरकारों के जमाने में जिस माफिया मुख्तार अंसारी के नाम से लोग थर्राते थे। उसकी हालत तो जगजाहिर है। जेल में रहकर भी लग्जरी गाड़ियों में फर्राटा भरने और बड़बोल बोलने वाले मुख्तार ने अपने होंठ सी रखे हैं। वहीं उसके दम पर सीना चौड़ा करके हनक दिखाने वाले उसके साथी-बराती भी निरीह नजर आ रहे हैं। दरअसल ईडी जिसे पूछताछ के लिए नोटिस और समन भेज रही है उसे बाद पूछताछ गिरफ्तार कर लिया जा रहा है। यही वजह है कि अपने बचाव में अब ईडी के निशाने पर चल रहे माफिया के गुर्गे बीमार पड़ते जा रहे हैं। पिछले दिनों जेल गेट से ईडी ने माफिया के साले को दबोच लिया। उसे गाजीपुर से प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में ही उसकी हालत बिगड़ गई। ईडी उसे बीएचयू ले गई तो डाक्टरों ने स्वस्थ बताया। इसी तरह माफिया और उसके साले की कंपनी के सीए को भी ईडी ने नोटिस भेजी है। बताते हैं जिस दिन उसे प्रयागराज में ईडी के आफिस जाना था वह उसी दिन बीमार हो गया और इस समय लखनऊ के किसी निजी अस्पताल में भर्ती है। इसी तरह माफिया से जुड़े एक बिल्डर को पूछताछ के लिए बुलाया गया। दौरान पूछताछ उसने तबीयत बिगड़ने की बात कही। उसे अस्पताल ले जाया गया तो डाक्टरों ने कहा कि वह तो पूरी तरह सामान्य है और उसे कोई बीमारी नहीं है।

# अब गुजरात में चलेगा ब्रांड योगी का जादू

## मोदी, शाह, नड्डा के साथ 40 स्टार प्रचारकों में यूपी के सीएम योगी भी

● देश के सभी राज्यों में बढ़ रहा योगी आदित्यनाथ का क्रेज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का क्रेज देश के सभी राज्यों में बढ़ रहा है। हर राज्य की जनता उन्हें सिर आंखों पर बिठाने लगी है। अभी हिमाचल के अपने व्यस्ततम चुनावी कार्यक्रम से वह खाली हुए हैं। इसके तुरंत बाद भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें गुजरात के स्टार प्रचारकों की सूची में भी शामिल कर लिया। भाजपा ने गुजरात के लिए जिन 40 स्टार प्रचारकों की सूची चुनाव आयोग को सौंपी उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, योगी आदित्यनाथ के अलावा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भोजपुरी फिल्मों के स्टार एवं सांसद मनोज तिवारी, दिनेश लाल यादव निरहुआ, रवि किशन, हेमा मालिनी, परेश रावल, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी, पूर्व उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल आदि के नाम शामिल हैं।

गुजरात में दिसंबर में चुनाव है। यहां की 182 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में मतदान होने हैं। नतीजे 8 दिसंबर को हाल ही में सम्पन्न हुए हिमाचल विधानसभा चुनाव के साथ ही आएंगे। गुजरात में उत्तर भारतीयों की बड़ी संख्या है। अलग.अलग स्रोतों से उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक गुजरात में गैर प्रांतों के करीब 42 लाख लोग रह रहे हैं। यहां दो शहरों अहमदाबाद और सूरत की करीब 50 फीसद आबादी बाहर के लोगों की है। इन दोनों शहरों में विधानसभा की सीटें भी सर्वाधिक हैं। गुजरात में रहने वाले अन्य राज्यों के लोगों में सर्वाधिक यूपी, बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश के हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र एवं ओडिसा के लोगों की संख्या भी ठीकठाक है। मसलन सूरत की आबादी में करीब 32.2 फीसद लोग बाहर के हैं। अहमदाबाद में यह संख्या करीब 12.4 फीसद है। जामनगर, भावनगर, राजकोट और वडोदरा में भी अन्य राज्यों से आये हुए लोग हैं। इन सबमें उत्तर प्रदेश के लोगों की संख्या सर्वाधिक है। उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बनकर योगी आदित्यनाथ अपनी लोकप्रियता का प्रमाण दे चुके हैं। वह सिर्फ मुख्यमंत्री नहीं, नाथपंथ का मुख्यालय माने जाने वाले गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर भी हैं। यूं तो नाथ पंथ के अनुयायी पूरे देश में हैं पर गोरखपुर से सटा होने के नाते बिहार में इस पीठ की बड़ी मान्यता है। वहां मकरसंक्रांति से लगने वाले माह भर के मेले में आने वाले लाखों लोगों में बिहार वालों की संख्या सर्वाधिक होती है। रोजी-रोटी की तलाश में वर्षों पहले जो लोग गुजरात के महानगरों में गए उनमें से अधिकांश वहीं बस गये। उत्तर प्रदेश गुजरात में इस कदर रचा-बसा है कि यहां के कई गांवों में कुछ लोगों के नाम ही गुजराती हैं। अब भी यह सिलसिला जारी है। प्रवासी होने के बावजूद वह अपनी जड़ों को नहीं भूले हैं। यही वजह है कि धर्मगुरु और नेता के रूप में अपनी बात को पूरी दमदारी एवं बेबाकी से रखने की वजह से उत्तर प्रदेश, बिहार के अलावा अन्य हिंदी भाषी राज्यों के लोगों को योगी प्रभावित करते हैं। पहले भी यह साबित हो चुका है। इस बार भी होगा। गुजरात के पिछले चुनाव में भी योगी हिट रहे।

उन्होंने जिन 29 जिलों की 35 सीटों पर प्रचार किया था उनमें से 20 पर भाजपा को जीत मिली थी। वह भी तब जब उस चुनाव में कांग्रेस से कांटे का मुकाबला था। यही वजह है कि सीटों के लिहाज से उस चुनाव में भाजपा भले नंबर एक रही हो पर उसका वोट फीसद घटा था। इस बार आम आदमी पार्टी की जोरदार इंट्री से फिलहाल मुकाबला त्रिकोणीय बनाता दिख रहा है भले ही आधार सीटों की बजाय मतदान फीसद का हो। गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में 182 सीटों में से बीजेपी को 99 और कांग्रेस को 77 सीटें मिली थीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ उन चुनावों में भी योगी आदित्यनाथ की ही सर्वाधिक मांग थी।

# बीजेपी कोर कमेटी की बैठक में प्रत्याशी तय करने को लेकर मंथन

● मैनपुरी लोकसभा, रामपुर व खतौली विधानसभा सीट के लिए तीन-तीन नामों का पैनल केंद्रीय नेतृत्व को भेजा गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** आवास पर शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बीजेपी कोर कमेटी की बैठक में यूपी में हो रहे एक लोकसभा और दो विधानसभा सीटों के उपचुनाव में प्रत्याशियों के नाम को लेकर मंथन हुआ।।कमेटी ने तीन-तीन नामों के पैनल केंद्रीय नेतृत्व को भेज दिया है। संभवत: सोमवार तक भाजपा अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर देगी। इसके अलावा निकाय चुनाव में खासतौर पर नव सृजित निकायों में सीटों के आरक्षण को लेकर भी चर्चा हुई। जिन निकायों का सृजन हुआ हैं वहां पहली बार निकाय चुनाव होगा जिसमें आरक्षण क्षेत्रीय व जातीय समीकरण के हिसाब से तय होगा। बैठक में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह मौजूद रहे। पार्टी सूत्रों की मानें तो पार्टी मैनपुरी में सपा प्रत्याशी डिपंल यादव के खिलाफ ऐसे नाम पर चर्चा कर रही है जो जातिगत और क्षेत्रीय राजनीति पर पूरी तरह फिट बैठे ताकि उप चुनाव में पार्टी को उम्मीदों के अनुरूप परिणाम मिल सके। मैनपुरी में इस समय जनता की संवेदनाएं सपा की तरफ अधिक दिखाई पड़ रही है। ऐसे में भाजपा के लिए प्रत्याशी चयन पर अधिक संवेदनशीलता बरत रही है। मैनपुरी की करहल सीट से जब समाजवादी पार्टी की ओर से अखिलेश यादव यूपी चुनाव 2022 में उम्मीदवार बने थे तो भाजपा ने कुछ ऐसी ही रणनीति अपनाई थी। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल को चुनावी मैदान में उतार दिया गया था। अंतिम समय में उन्होंने नामांकन दाखिल कर हर किसी को चौंकाया। करहल सीट पर मुकाबला इतना कड़ा हो गया था कि सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव को बीमारी की स्थिति में भी प्रचार करने के लिए खुद चुनावी मैदान में आना पड़ा। इस बार कुछ वैसी स्थिति डिंपल यादव के समक्ष खड़ा करने की कोशिश की जा रही है।

# विपक्ष के प्रति बदले की भावना से काम कर रही भाजपा सरकार: फारूक अब्दुल्ला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जम्मू** कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला ने शुक्रवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव से उनके विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास पर भेंट की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की पुरानी यादें ताजा कीं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने फारूक अब्दुल्ला का स्वागत किया और उनका आभार जताया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरन मय नंदा तथा राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी भी उपस्थित रहे।

फारूक अब्दुल्ला ने समाजवादी पार्टी की सरकार के समय उत्तर प्रदेश में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से 5 घंटे में लखनऊ आ गए। ऐसा हाई वे यूरोप में भी नहीं है। उन्होंने कहा वे इससे इतना प्रभावित हैं कि वे वापस भी इसी रास्ते दिल्ली जाएंगे। फारूक साहब ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने जो काम किए थे वे बेमिसाल है। भाजपा सरकार ने तो बने बनाए को बिगाड़ने का ही काम किया है। नेशनल कांफ्रेस के वरिष्ठ नेता फारुक अब्दुल्ला ने कहा कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) ने राजनीति का जो रास्ता बनाया उस पर चलना है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के विकास को नई दिशा दी थी। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनत अखिलेश यादव के साथ है। आने वाला समय उनका ही है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मुल्क के हालात ठीक नहीं है। भाजपा सरकार विपक्ष के प्रति बदले की भावना से काम कर रही है। जनता को झूठे वादों से बहकाया जा रहा है। भाजपा ने देश का बेड़ा गर्क कर दिया है। महंगाई चरम पर है। अर्थव्यवस्था चौपट है। नौकरी नहीं, बेकारी बढ़ी है। भाजपा ने देश को गरीब बना दिया है। कुछ लोगों को इतना अमीर बना दिया कि उनकी दौलत आसमान छू रही है। फारूक अब्दुल्ला और अखिलेश यादव ने देश में आपसी भाईचारा बनाये रखने का आवाहन किया और कहा कि देश में अमन-चैन, तरक्की और संविधान को बचाने के लिए धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ताकतों को आगे बढ़ना है। अखिलेश यादव ने कश्मीर की तरक्की और खुशहाली की कामना की है। उन्होंने कहा कि आज कश्मीर के नौजवानों का कोई भविष्य नहीं रह गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रदेशभर में 4020512 वाद निस्तारित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सम्पूर्ण** प्रदेश में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की गई। इस दौरान प्रदेशभर में 4020512 वाद निस्तारित किए गए।

न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर वरिष्ठ न्यायाधीश उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, कार्यपालक अध्यक्ष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा न्यायाधीश, उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा वरिष्ठ न्यायमूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ पीठ लखनऊ द्वारा वीडियो कांफ्रेंन्सिग के माध्यम से उत्तर प्रदेश के समस्त जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों, मोटर दुर्घटना ट्रिब्युनल, पारिवारिक न्यायालय, व्यवसायिक न्यायालय व स्थायी लोक अदालत आदि के पीठासीन अधिकारियो एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों से विशेष रूप से न्यायालयों में लम्बित मामलों के अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण करने एवं राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया गया।

कोरोना काल के पश्चात आयोजित की गयी राष्ट्रीय लोक अदालतों में उत्तर प्रदेश द्वारा लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सम्पूर्ण भारत वर्ष में वादों के निस्तारण में निरंतर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है तथा इन लोक अदालतों में राष्ट्रीय स्तर पर निस्तारित कुल वादों में लगभग 50 प्रतिशत वादों का निस्तारण अकेले उत्तर प्रदेश राज्य में किया गया है।

प्राप्त सूचना के अनुसार सायं 6:20 बजे तक उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 4020512 वाद निस्तारित हुए। लम्बित एवं प्री-लिटिगेशन वादों के निस्तारण की अन्तिम संख्या अभी प्रतीक्षित है। प्रशासन के सक्रिय सहयोग से सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के न्यायालयों/अधिकरणों द्वारा निस्तारित कुल वादों की संख्या कल तक प्राप्त होगी।

# राजनैतिक व्यक्ति की भांति काम कर रहे हैं गैरभाजपा शासित प्रदेशों के राज्यपाल: प्रमोद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** नेता व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है भारत के संविधान की गौरवशाली परम्परा, मर्यादा और संवैधानिक दीवारें टूट रही हैं।

तिवारी ने कहा कि भारत के संविधान में राज्यपाल जिसे केन्द्र सरकार की सलाह पर राष्ट्रपति नियुक्त करते हैं, वह संविधान के अनुसार प्रदेश सरकार की सलाह पर अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वाहन करते हैं। इसी प्रकार प्रदेश का मुख्यमन्त्री और उसकी मंत्रि परिषद जनता द्वारा निर्वाचित होती है और बहुमत के आधार पर सरकार का गठन करता है तथा मुख्यमन्त्री का पद प्रदेश का सर्वोच्च निर्वाचित पद होता है। जिसकी सलाह पर ही राज्यपाल संवैधानिक दायरे में कार्य करते हैं लेकिन प्रदेश की गैर भाजपा सरकारों के साथ राज्यपाल संविधान से ऊपर उठकर एक राजनैतिक व्यक्ति की तरह काम कर रहे हैं और भारतीय जनतापार्टी सरकार के इशारे पर वे निर्वाचित सरकारों को अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वाहन नहीं करने दे रहे हैं।

# प्रदेशवासियों का हमदर्द बना यूपीकॉप एप

## अक्टूबर तक 25 लाख लोगों ने किया डाउनलोड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में अब कानून का राज चल रहा है। प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में खुद को महफूज महसूस करती है। पुलिस जनता की मित्र बन गई है। अन्य प्रदेशों की तुलना में उत्तर प्रदेश में विभिन्न अपराधों की संख्या में काफी गिरावट दर्ज की गई है।

प्रदेश में 25 लाख लोग हैं जिनके मोबाइल पर यूपी पुलिस की ऐप यूपीकॉप डाउनलोड है। उन्हें छोटे-मोटे कामों के लिए पुलिस थानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। ये लोग सामान्य तरह की शिकायतें ऐप पर ही कर लेते हैं और उनकी शिकायतों का समाधान भी ऑनलाइन ही हो जाता है। मालूम हो कि इस ऐप के जरिए यूपी पुलिस प्रदेशवासियों को नागरिक केंद्रीय सेवाएं उपलब्ध करा रही है। इसे एंड्रॉएड मोबाइल के प्ले स्टोर पर जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूबे की सत्ता संभालते ही यूपी पुलिस को जीरो टॉलरेंस नीति को अपनाते हुए प्रदेश को अपराध मुक्त और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने के निर्देश दिए थे। जिसके फ्लस्वरूप देश के अन्य प्रदेशों की तुलना में उत्तर प्रदेश में विभिन्न अपराधों की संख्या में काफी गिरावट दर्ज की गई है। इतना ही नहीं योगी सरकार ने पुलिस को पीड़ितों की शिकायत दर्ज कर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस पर यूपी पुलिस ने पीड़ितों को थाने आकर शिकायत दर्ज कराने समेत डिजिटल माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराने की सुविधा प्रदान की। इसके लिए यूपी पुलिस ने यूपीकॉप ऐप बनाया और इसका जमकर प्रचार प्रसार किया जिसके फलस्वरूप जहां जनवरी तक 10 लाख लोगों ने इस ऐप को डाउनलोड किया तो वहीं अक्टूबर तक इसे 25 लाख से अधिक लोगों ने अपने मोबाइल पर डाउनलोड किया। एडीजी महिला बाल सुरक्षा एवं संगठन नीरा रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हाईटेक पुलिसिंग पर खासा जोर है। इसे ध्यान में रखते हुए यूपी पुलिस के यूपीकॉप ऐप का प्रचार-प्रसार किया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसे अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर घर बैठे हमे अपनी शिकायत दर्ज करा सकें। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए। जहां जनवरी में 10 लाख लोगों ने ऐप को मोबाइल पर डाउनलोड कर रखा था वहीं प्रचार प्रसार के बाद महज आठ माह में 25 लाख लोगों ने इसे अपने मोबाइल पर डाउनलोड किया और सितंबर में सत्यापन के लिए 183637 से अधिक लोगों ने ऐप के जरिए अपना प्रार्थना पत्र भेजा जबकि मई में इसकी संख्या 69041 थी।

# बंदी कौशल विकास से जुड़कर हुनरमंद बनने का प्रयास करें: धर्मवीर

## कारागार मंत्री ने लखनऊ जेल पहुंचकर बंदियों के साथ किया संवाद

● अच्छा व्यवहार व बेहतर कार्य करने वाले बंदियों को सम्मानित किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने जिला कारागार लखनऊ पहुंचकर बंदियों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि आज सब अपने परिवार के बारे में सोचते हैं कि कैसे आपका परिवार गुजर बसर कर रहा होगा। आपके जेल आने से आपके माता-पिता का सपना टूटा होगा। उन्होंने हाल में उपस्थित बंदियों से पूछा कि कितने बंदी ऐसे हैं जिनकी आयु 40 वर्ष से कम है। लगभग 90 प्रतिशत बंदियों ने हाथ ऊपर किया।

प्रजापति ने कहा कि जिस घर का भविष्य जेल में हो, उसका घर अंधकार में रहता है। उन्होंने कहा कि आपमें से अधिकांश लोग गरीब परिवार से संबंध रखते हैं। मॉ-बाप अपनी बहुत सी इच्छाओं को मारकर आप सबको पढ़ाते लिखाते हैं क्योंकि उन्हें आपके भविष्य की चिंता रहती है। ऐसे में जब उनके बच्चे जेल में रहे तो उनके ऊपर क्या बीतती है, इस बारे में आप लोग विचार विमर्श करते हैं। जिसका भाई या बाप जेल में हो उसकी बहन एवं बेटी की शादी अच्छे परिवार में होने में बहुत समस्याएं आती हैं। धर्मवीर प्रजापति ने संवाद के दौरान कहा कि मैं देख रहा हूं कि अधिकतर बंदी नौजवान है और यदि आप सब जेल से बाहर होते तो अपने परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी आपके ही ऊपर होती। क्या आपने कभी विचार किया है कि हम क्यों ऐसी गलती किए हैं कि हमें जेल में रहना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गायत्रीमंत्र, मृत्यंजय मंत्र इत्यादि की शुरूआत जेलों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ही किया गया है। उन्होंने बंदियो से कहा कि आप संकल्प लें कि आप यहां से एक अच्छा नागरिक बनकर बाहर जायेंगे और दोबारा ऐसी गलती नहीं करेंगे जिससे आपको पुन: जेलों में आना पड़े। प्रजापति ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह प्रयास है कि आपको कौशल विकास से जोड़कर स्वरोजगार के योग्य बनाया जाए, जिससे कि आप जब जेलों से बाहर जाएं तो आप कोई रोजगार खुद कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आप लोगों द्वारा बनाए गए उत्पादों को एमएसएमई के माध्यम से आपके उत्पादों को बेहतर मूल्य दिलाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। जिससे कि आपका परिवार की आय में वृद्धि हो। संवाद के दौरान कारागार मंत्री से कैदियों ने हाथ जोड़कर अपने द्वारा किए गए गलत कार्य के लिए पश्चाताप किया एवं अन्य कैदियों से भावुक अपील की कि भविष्य में हम कोई गलती न करें, जिससे कि हमारा परिवार संकट में आए। प्रजापति ने अच्छा व्यवहार एवं बेहतर कार्य करने वाले बंदियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक आशीष तिवारी ने कारागार मंत्री को राधाकृष्ण की पेंटिंग भेंट की एवं संवाद के लिए जेल आगमन पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कारागार मंत्री को आश्वस्त किया कि आपके द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन किया जाएगा।

# ग्राहकों को नहीं मिल रहा न्याय, आत्मदाह की चेतावनी

● ढखेरवा की पीएनबी बैंक से मुद्रा लोन के नाम पर चार करोड़ की धोखाधड़ी का मामला




**संवाददाता।** ढखेरवा-खीरी

**ढखेरवा** चौराहे की पीएनबी बैंक शाखा से मुद्रा लोन के नाम पर बिचौलियों के द्वारा ठगी का शिकार हुए खाताधारकों को किसी प्रकार का कोई न्याय नहीं मिल पा रहा है। पुलिस चौकी से कोतवाली तक चक्कर काट कर थक चुके खाताधारकों को न्याय ना मिलने से वह आत्मदाह की चेतावनी दे दी है।

ज्ञात हो कि ढखेरवा लखाही की पीएनबी बैंक शाखा से कुछ बिचौलियों के द्वारा दो दर्जन ग्रामीणों के बैंक अकाउंट से मुद्रा लोन के नाम पर करीब चार करोड़ रुपयों की हेराफे री की है। मामला चर्चा में आने के बाद शाखा के उच्च अधिकारी क्षेत्र में रिकवरी के लिए जहां डेरा डाले हुए हैं तो वहीं बिचौलियों के द्वारा ठगी का शिकार हुए सभी खाताधारक न्याय पाने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हो गए हैं। लेकिन भ्रष्टाचार में डूबी पुलिस प्रशासन से उन्हें किसी प्रकार का कोई न्याय नहीं मिल पा रहा है।

काफी दिलचस्प की बात तो यह है कि विभिन्न ग्रामीणों के खातों से कुछ बिचौलियों के द्वारा चार करोड़ रुपयों की इतनी बड़ी रकम डकार ली गई और वह खुलेआम घूम रहे हैं। बिचौलियों के द्वारा ठगी का शिकार हुए खाताधारक संतोष कुमार, रमेश निवासी बबियारी और कमलेश, तोताराम तथा मिट्ठू निवासी चचरा आदि ने कुछ बिचौलियों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए बताया है कि जानकारी होने पर वह पिछले एक माह से पुलिस चौकी से लेकर कोतवाली तक के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन उन्हें कोई न्याय नहीं मिल पा रहा है। यहां तक कि कुछ खाताधारकों ने न्याय ना मिलने पर वह आत्मदाह की चेतावनी भी दे दी है। खाताधारकों ने इस ओर जिला अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

इस संदर्भ में पीएनबी बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक पवन कुमार ने बताया है कि फर्जी लोन के मामले में संलिप्त निवर्तमान शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। इस धोखाधड़ी में शामिल सभी बिचौलियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बरेली में होगा झुमका क्वीन सीजन-3 का भव्य अयोजन

**संवाददाता।** बरेली

**श्री** बालाजी इंटरप्राइजेज के द्वारा झुमका सिटी में झुमका क्वीन का कार्यक्रम दो वर्ष के कोरोना काल के अंतराल के बाद 12 दिसंबर 2022 में कराने जा रहे है, इस कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2018 में किया गया था जिसमे बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी अभिनेता और बिग बॉस विजेता आशुतोष कौशिक ने बरेली की सपना को झुमका क्वीन के रूप में चुनकर उनके सर पर क्राऊन सजाया और बरेली की पहचान के रूम में सोने का झुमका पहना कर सम्मानित किया। उसके बाद वर्ष 2019 में दिसंबर माह में फिर झुमका क्वीन की धूम मची और बॉलीवुड अभिनेत्री मुग्धा गोडसे और सभी के चहेते उभरते स्टार आशुतोष कौशिक ने एक बार मानवी को झुमका क्वीन को चुनकर शीर्ष पर पहुंचाया। झुमका क्वीन कार्यक्रम में आने वाली सभी प्रतिभागी जीतने के बाद आज एक अच्छे मुकाम पर है दिल्ली और मुम्बई में अच्छी फिल्म धारावाहिक और मॉडलिंग जैसे कार्यक्रमों में कार्य कर बरेली का नाम रोशन कर रही है। इस वर्ष 2022 में झुमका क्वीन कार्यक्रम में एक बार फिर एक बॉलीवुड का बड़ा जाना माना चेहरा आप और हम मिलकर चुनेंगे बरेली की तीसरी झुमका क्वीन और सजाएंगे उसके सर झुमका क्वीन का ताज और उनको दिया जायेगा बरेली की पहचान रखने वाला शानदार सा झुमका एकहर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम झुमका क्वीन कार्यक्रम के द्वारा तीन प्रतिभागियों को चुनते है, जिसमे फर्स्ट रनरअप, सेकंड रनरअप और थर्ड रनरअप फीमेल प्रतिभागी को चुना जायेगा । इस कार्यक्रम मैं 18 वर्ष से 25 वर्ष तक की आयु की कोई भी प्रतिभागी भाग ले सकती है और बरेली की झुमका क्वीन बन सकती है । प्रेसवार्ता में राजीव खडगवंशी, जगदीश पाटनी, अजय कश्यप, मनोज कुमार गोस्वामी, मुस्तकीम मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### ग्रामीण पर मजदूरी का पैसा हड़पने का आरोप

**निघासन-खीरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिसैया निवासी एक ग्रामीण ने गांव के ही युवक पर मजदूरी का पैसा हड़पने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस को दी गई तहरीर में ग्रामीण प्रेम प्रकाश ने बताया है कि उसका पुत्र अशोक गांव के ही सोनू पुत्र जयप्रकाश के साथ बाहर मजदूरी करने गया था। कुछ दिन मजदूरी करने के बाद उक्त सोनू ने अशोक की गैरमौजूदगी में ठेकेदार से पैसा लेकर चुपके से निकल आया था। इस बात की जानकारी होने पर जब अशोक ने अपनी मजदूरी के 15200 रुपए ठेकेदार से मांगे तो उसने कहा कि तुम्हारी मजदूरी की पूरी रकम तो सोनू लेकर चला गया है। अब तुम गांव जाकर उसी से पैसे ले लेना। गांव आकर अशोक जब भी उससे अपनी मजदूरी के पैसे मांगता है तो वह गालियां देते हुए फौजदारी पर आमदा हो जाता है। पीड़ित मजदूर ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

### कूपनों के सापेक्ष तीन किसानों को एसडीएम व विधायक ने दिए पुरस्कार



**मोहम्मदी-खीरी।** कृषि उत्पादन मंडी समिति मोहम्मदी खीरी में कृषक उपहार योजना के अंतर्गत वर्ष 2019-20 के कूपनों के सापेक्ष तीन उपहार किसानों को विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने दिए जिनमें स्टेट ग्राम फिरोजपुर का (मिक्सर ग्राइंडर), सुनील कुमार ग्राम सहदेवा का (पम्पिंग सेट), तथा ठाकुर प्रसाद ग्राम शाहपुर जागीर का (सोलर पावर संयंत्र) तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना के अंतर्गत महेश टाउन एंड पोस्ट बरबर को रुपए 75000 धनराशि की चेक दी गयी इस मौके पर अतिथि के अतिरिक्त सचिव श्री विवेक कुमार मिश्रा, विनोद पाल, लिपिक सुबोध श्रीवास्तव सहित इस अवसर पर मंडी समिति का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव

**सीतापुर।** सीतापुर के नेशनल हाइवे स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल का प्रथम वार्षिकोत्सव शनिवार को भव्य तरीके से मनाया गया, वार्षिकोत्सव की थीम आशायें रही। मुख्य अतिथि एसपी घुले सुशील चंद्रभान का स्वागत संस्थान अध्यक्ष गोपाल नारायण सैंगल और एमडी सूर्य नारायण सैंगल ने बुके व स्मृति चिन्ह देकर किया। शुभारंभ एसपी घुले सुशील चंद्रभान ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। वार्षिकोत्सव में मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह, ब्यूरोचीफपंकज सिंह गौर, सहगल ग्रुप्स ऑफस्कूल्स के चेयरमैन मोनू सहगल, गौतम सहगल, कुणाल सहगल, ऋषु सहगल, जीडी गोयनका के प्रिंसिपल शिखा शाह, डॉ प्रमोद धवन, डॉ अनिल सेठ, डॉ तरुण सहगल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महोली विजय भार्गव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, अनूप खेतान, मोनू खेतान, तन्मय बंसल, राजकिशोर विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत भंडिया में आयोजित हुई जनचौपाल

**कसमंडा सीतापुर।** कसमंडा ब्लाक की भंडिया ग्राम पंचायत में आयोजित जन चौपाल में नामित अधिकारी परियोजना निदेशक गजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हर गरीब पात्र परिवार तक प्रधानमंत्री योजना का लाभ पहुंचे। योजना के बदले किसी लाभार्थी को कोई शुल्क चुकाना नहीं होता है अगर कोई पैसे की मांग करे तो तत्काल शिकायत करें। इस मौके पर एडीओ आईएसबी शिव प्रकाश दुबे, कसमंडा जेई एमआई अजय खुराना, समाज कल्याण एडीओ प्रेमचंद, अंजनी, पशु चिकित्सालय की चिकित्साधिकारी डॉ नम्रता शुक्ला, कसमंडा एडीओ पंचायत दिनेश कुमार यादव, एडीओ सहकारिता सहित प्रधान फरजाना, सचिव हिमांशी पांडे, पंचायत सहायक इरम फात्मा मौजूद रहीं।

## संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता हुई संपन्न

**संवाददाता।** खैराबाद देहात सीतापुर

**ब्लाक** खैराबाद क्षेत्र में सरैयासानी संकुल की संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता प्राथमिक विद्यालय टकपुरवा में सम्पन्न हुई। उद्घाटन दीप प्रज्वलन से हुआ। सरस्वती वंदना टकपुरवा की बालिकाओं ने की। पिरामिड का प्रदर्शन महदापुर के बच्चों के द्वारा किया गया। अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई खैराबाद के अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, सेवानिवृत्त पूर्व संकुल सरैयासानी के संकुल प्रभारी गोकरन ने बच्चों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। अरुण, प्रवीण अंकिमा, पल्लवी, पीर, कमल, मनीष, सर्वेश, गरिमा, त्र्हुम, राखी, रुबीना, अनिल, दीक्षा, विजयलक्ष्मी, प्रीति, प्रतिभा आदि मौजूद रहीं।

# उधार के रुपए मांगने पर युवक की हत्या

**संवाददाता।** बरेली

**उधार** की रकम मांगने पर युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई मृतक के पिता ने तीन लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।क्योलडिया थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया लेखराज निवासी फूलचंद पुत्र राधेश्याम उम्र अपने ही गांव के महेंद्र पुत्र नत्थू लाल, आकाश शर्मा पुत्र भगवानदास, अनुज श्रीवास्तव पुत्र प्रमेश को 23 महीने पहले रुपए उधार दिए थे लेकिन वह तीनो लोग दिवाली में उधार ली गई रकम को जुएं में हार गए।

वहीं फूलचंद ने अपने उधार दिए रुपए मांगे तो तीनों साथी 31 अक्टूबर की शाम को उसे बुलाकर उसके खेत पर ले गए और जहां धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी जब फूलचंद काफी समय तक घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों को आशंका हुई उन्होंने फूलचंद का फोन लगाया परंतु फोन बंद गया तब घरवाले उसे तलाशने में जुट गए और खेत पर पहुंचे तो खेत पर फूलचंद का खून से लथपथ शव गन्ने के खेत मे खड़ंजे के किनारे पड़ा मिला परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तब थाना अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ला उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक अपने पीछे 5 संतानें छोड़ गया है मृतक की पत्नी का नाम गीता देवी है मृतक फूलचंद के पिता ने अपने पुत्र की हत्या की तहरीर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ दी है जिस पर पुलिस ने हत्या का अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## तालाब में डूबकर बुजुर्ग की मौत

**बरेली ।** खेत पर जाने के लिए घर से निकले बुजुर्ग की गांव के पास स्थित एक तालाब में डूबने से मौत हो गई आज सुबह उसकी लाश तलाव में तैरती पाई गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी । शाही थाने के गांव नरेरी रसूलपुर निवासी 65 वर्षीय डोरी लाल पुत्र चुन्नीलाल की लाश आज सुबह उसके गांव से कुछ ही दूरी पर स्थित पानी से भरे एक तालाब में तैरती पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने किसी भी रंजीश से इनकार करते हुए कहा कि डोरी डाल कल दिन में अपने खेत पर जाने के लिए घर से निकले थे लेकिन वह खेत पर नहीं पहुंचे और शाम तक जब वह घर वापस नहीं आए तो उन्हें तलाशने की कोशिश शुरू की गई लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला आज सुबह घर के लोग उन्हें फिर से तलाशने में जुट गए इसी दौरान गांव के लोग और उनकी लाश को तालाब में तैरते देखा और घरवालों को सूचना दे दी मौके पर पहुंचे घर वालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी ।

## सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के 127 छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीता ग्रुप** ऑफ एजुकेशन शास्त्री सभागार में मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथियों ने सत्येन्द्र पटेल, आस्था मौर्या, गौरव प्रताप सिंह, अंशुल कुमार, कीर्ति देवी, राज वर्मा, शीतल वर्मा, रवि सिंह, भूमिका जैन, तान्या मौर्या, आकाश कुमार, प्राची निगम, आयुषी सिंह, आयुष वर्मा, आदित्य सिंह, साक्षी मिश्रा, इशिता श्रीवास्तव, नीतू यादव सहित 127 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इन विद्यार्थियों ने त्रयमासिक परीक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक राजाराम यादव, सेउता विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश शुक्ल, पूर्व प्रबंधक, पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा, प्रबंधक रमेश वर्मा, संरक्षक चंद्रकांत रस्तोगी, चेयरमैन प्रतिनिधि अंबरीश गुप्त, सभासद संघ अध्यक्ष चक्रसुदर्शन पांडेय, मोहन प्रसाद बारी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रवीण वर्मा, विहिप विभाग सह मंत्री .तार्थ मिश्र, अवनीश रावत पप्पू, मुरारी लाल रस्तोगी, अवधराम मौर्य, .ष्ण कुमार गुप्त, व्यापार मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर गुप्त, सरोज शुक्ल, राजेश सिंह, अतुल चित्रांश, ज्ञान सागर गुप्त, लोकतंत्र सेनानी उमेश चंद्र वर्मा, आनंद सिंह, रमेश मिश्र, इरफान मंसूरी को सम्मानित किया गया।

## सपा नेता के खाते से उड़ाए दो लाख रुपए

**बरेली।** साइबर ठग ने एक सपा नेता के खाते से जालसाजी करके 2 लाख की रकम हड़प ली जिसकी शिकायत सपा नेता ने एसएसपी से करते हुए कार्रवाई की मांग की ।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला गणेश नगर में रहने वाले समाजवादी पार्टी युवजन विजन सभा के राष्ट्रीय सचिव रविंद्र प्रताप सिंह ने एसएसपी को शिकायत करते हुए बताया कि सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे उनके मोबाइल फोन पर किसी ने फोन करते हुए बताया कि वह स्टेट बैंक का कर्मचारी है और उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट को बढ़ाया जाना है इसके लिए उन्हें एक फॉर्म भरना होगा जो उसके द्वारा भेजे गए लिंक में होगा जिसको क्लिक करते ही एक फॉर्म आएगा जिसको भरा जाएगा और इसके बाद ही लिमिट बढ़ेगी इसके बाद साइबर ठग ने उनके फोन पर एक लिंक भेजा जिसको खोलते ही एसबीआई का एक फॉर्म उनके सामने आया जिसे उन्होंने साइबर ठग के कहे के अनुसार भर दिया है तैसे ही उन्होंने फार्म भरा उसके कुछ देर बाद कई बार में उनके खाते से 200000 रुपए की रकम निकल गई खुद के साथ हुई ठगी का अहसास होने पर सपा नेता ने आज एसएसपी से शिकायत करते हुए मामले की जांच के बाद कार्रवाई की मांग की एसएसपी ने साहिबा क्राइम की टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए।

### पत्नी को पति ने कार से मारी टक्कर

**बरेली।** खुद का पीछा कर रही स्कूटी सवार पत्नी को पति ने कार से टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गई उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रेम नगर थाना क्षेत्र में तारा टॉकीज के पास रहने वाली 28 वर्षीय महिला को पुलिस ने घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसने बताया कि उसने लगभग 6 वर्ष पूर्व बदायूं निवासी एक युवक से प्रेम विवाह किया था लेकिन कुछ दिनों से उसका पति उसके साथ धोखाधड़ी करके किसी अन्य महिला से मिल जाता है शक होने पर वह आज स्कूटी से कार सवार पति का पीछा करने के लिए निकली थी लेकिन वो उसका पीछा करते हुए जैसे ही सैटेलाइट बस स्टैंड के पास पहुंची पति ने उसे देख लिया और कार को पीछे करने के बाद कार से उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे वह स्कूटी समेत जमीन पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई घटना के बाद टक्कर मारने वाली कार में सवार पति फरार हो गया मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी जिसने घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया और कार्रवाई शुरू कर दी

# विमल ने दो सौ मीटर दौड़ में लुधौरी संविलयन विद्यालय का परचम फहराया

**निघासन-खीरी।** खंड शिक्षा अधिकारी डॉ ब्रजेश त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में स्थानीय जिला पंचायत इंटर कालेज परिसर में संपन्न हुई न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में लुधौरी संविलयन विद्यालय के कक्षा 5 के छात्र विमल गौतम ने 50 मी0 एवं 100 मी 0 दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ ब्रजेश त्रिपाठी ने प्रतियोगिता में शामिल सभी विजेता और उपविजेता तथा अन्य प्रतिभागियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। बीईओ के अनुसार किसी प्रतियोगिता में हार और जीत सिक्के के दो पहलू होते हैं लेकिन प्रतिस्पर्धा में भाग लेना सबसे महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने आगे कहा कि खेलकूद और व्यायाम हमारे जीवन मे अहम भूमिका निभाते हैं, इसीलिए इन्हें पाठ्यक्रम में प्रमुखता से शामिल किया गया है। बीईओ के अनुसार अगर उनके कार्यक्षेत्र का कोई विद्यार्थी ब्लॉक, जिला, मंडल प्रदेश या राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरता है तो उन्हें विशेष प्रसन्नता होगी। प्रधानाध्यापक हरिनाम प्रसाद और स्टाफ ने अल्प समय में तैयारी कराई, इसके बावजूद कई वर्षों के बाद विमल कक्षा 5 (100 मी एवं 50 मीटर दौड़) प्रथम स्थान, सचिन श्रीवास्तव कक्षा 8 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 8 की छात्रा शबा ने 200 मीटर दौड़ में तीसरी पोजीशन हासिल की।



विद्यालय स्टाफ के प्रधानाध्यापक हरिनाम प्रसाद, कक्षा 5 के कक्षाध्यापक विकास भारती, सहायक अध्यापक महेलिका रानी यादव, अरुण गुप्ता , संजीव श्रीवास्तव, प्रतियोगिता के संचालक इंचार्ज प्रधानाध्यापक पुरैना श्री कृष्ण मिश्रा सहित न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को जीवन में कभी हार न मानने की प्रेरणा दी है।

## डीडीओ ने लगाई चौपाल, सुनीं समस्याएं

**संवाददाता।** सीतापुर

**ब्लाक** खैराबाद की ग्राम पंचायत सधुवापुर में आयोजित जन चौपाल में डीडीओ हरिश्चंद्र ने शासन द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सधुवापुर की सोनमती ने बताया वह और उनका पति नेकपाल दोनों ने मनरेगा के तहत तालाब खुदाई का काम किया था जिसका बकाया दो हजार दो सौ रुपया मजदूरी अभी नही मिला है। सीमा देवी ने बताया उनका आवास में मजदूरी का पैसा अभी तक नही मिला। गांव की पिकी सिंह, राम देवी ने आवास न मिलने की शिकायत की। ग्रामीणों ने गांव के मुख्य मार्ग का खड़ंजा उखड़ा होने की शिकायत की। इस दौरान बी डी ओ चंद्रभान, सहायक विकास अधिकारी रामपाल वर्मा, जितेंद्र यादव, मसूद अहमद, अनूप कुमार हरिपाल सिंह, नीरज अवस्थी, रामू सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## सीएमओ पर कार्रवाई पर भड़के स्वास्थ्य कर्मी, की हड़ताल




**मोहम्मदी-खीरी।** सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा शराब पीकर पत्रकार के साथ की गई गाली गलौज के बाद प्रशासन द्वारा सीएमओ पर की गई कार्रवाई को लेकर सीएससी के डॉक्टर व कर्मचारी उनके समर्थन में हड़ताल कर ओपीडी बंद कर दी जिससे मरीजों को काफी देर तक परेशानी झेलनी पड़ी। सीएससी अधीक्षक डॉ मयंक मिश्रा ने बताया कि जिले से विभाग के द्वारा मिले निर्देश पर सीएससी के डॉक्टरों ने हड़ताल कर ओपीडी बंद की थी। लगभग एक घंटे ओपीडी बंद रहने के बाद तमाम मरीजों की भीड़ अस्पताल में इकट्ठा होने पर पुनः सीएचसी कर्मियों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर ओपीडी चालू कर दी,जिससे मरीजो को राहत मिली।

## पेज एक का शेष

### हिमाचल में...

हिमाचल में ही था जिनका कुछ दिन पहले इस चुनाव की खातिर डाक मतपत्र से वोट डालने के बाद निधन हो गया था। राज्य में 55 लाख से ज्यादा पंजीकृत मतदाता हैं और 68 सीटों पर 412 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा सिंह और उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह ने रामपुर में मतदान किया। इससे पहले उन्होंने शिमला के शनि मंदिर में पूजा की। विक्रमादित्य शिमला ग्रामीण सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा चुनाव में 24 महिला प्रत्याशी भी हैं। हिमाचल प्रदेश के कुल पंजीकृत मतदाताओं में से 28,54,945 पुरुष और 27,37,845 महिलाएं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, उनके बेटे एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ हमीरपुर में मतदान किया। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बिलासपुर में परिवार के सदस्यों के साथ मतदान किया, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने भी वोट डाला। पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने शिमला में मतदान किया, जबकि नेता प्रतिपक्ष मुकेश अग्निहोत्री और उनके परिवार ने हरोली में मतदान किया, जहां से वह चुनाव लड़ रहे हैं। मोदी ने भाजपा के लिए प्रचार नेतृत्व किया है। उन्होंने राज्य के मतदाताओं से व्यक्तिगत अपील करते हुए कहा कि भाजपा के चिन्ह कमल के लिए डाला गया प्रतएक वोट उनकी ताकत बढ़ाएगा। भाजपा ने मतदाताओं से पार्टी को फिर से चुनकर ैरिवाजै बदलने की अपील की है और कहा है कि डबल इंजन की सरकार सर्वांगीण विकास के लिए काम करती रहेगी। कांग्रेस के लिए पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने मुख्य रूप से प्रचार की कमान संभाली थी। आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रदेश की 68 से में 67 सीटों पर चुनाव लड़ा है। पहली बार प्रदेश में चुनाव लड़ रही आप काफी शांति रही है, क्योंकि मुकाबला सीधे तौर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच है।

### गालियां मुझे...

तेलंगाना के लोग एक ऐसी सरकार चाहते हैं जो एक परिवार के बजाय तेलंगाना के सभी परिवारों के लिए काम करे। उन्होंने कहा, उन्हें भाजपा की सरकार चाहिए। उन्होंने कहा, मैं आज तेलंगाना के लोगों को आश्वस्त करता हूं। गरीबों को लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। भ्रष्टाचार और परिवारवादी राजनीति गरीबों और विकास की सबसे बड़ी दुश्मन है और भाजपा उनके खिलाफ लड़ रही है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार ने गरीबों के लिए दो बेडरूम का घर बनाने की बात की थी, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों का निर्माण नहीं होने दिया। चंद्रशेखर राव ने बेगमपेट हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री की अगवानी नहीं की। सत्तारूढ़ टीआरएस की विधानपरिषद सदस्य के. कविता ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री तेलंगाना के लिए कुछ भी ठोस घोषणा किए बिना खाली हाथ आए हैं।

### यूपी में...

माघ मेले की तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। सभी श्रद्धालु एवं कल्पवासी अपने व्रत-संकल्प की पूर्ति अपनी आस्था के अनुरूप कर सकें, इसके लिए उन्हें अच्छी व्यवस्था देनी होगी। उनकी जरूरतों का ध्यान रखना होगा। साधु-संतों और कल्पवासियों से संवाद बनाएं। मेला स्थल पर अस्थायी निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कर लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज माघ मेले के सुचारु आयोजन के लिए विशेष सचिव और पुलिस अधीक्षक स्तर के एक-एक अधिकारी की तैनाती तत्काल कर दी जाए। मेले की व्यवस्था के प्रति इन अधिकारियों की जवाबदेही होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान खरीफ क्रय वर्ष में किसानों से धान की खरीद प्रारम्भ हो चुकी है। किसानों की सुविधा के दृष्टिगत सभी क्रय केंद्र क्रियाशील रहें। धान क्रय केंद्रों पर किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। क्रय केंद्र तक आने वाले हर पात्र किसान से धान खरीद की जाए। उनके भुगतान में बिल्कुल विलंब न हो। कहीं भी खाद की कमी न हो। कालाबाजारी करने वालों के साथ सख्ती से निपटें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को निःशुल्क टैबलेट, स्मार्टफोन वितरण का कार्य सुचारु रूप से जारी रखा जाए। हमें अगले 5 वर्षों में 2 करोड़ युवाओं को डिजिटल शक्ति से लैस करना है। बिना भेदभाव के हर छात्र-छात्रा को टैबलेट, स्मार्टफोन उपलब्ध कराया जाए।

### राष्ट्रपति पर...

समुदाय से हैं। अखिल गिरि ने देश के राष्ट्रपति के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। ये टिप्पणियां टीएमसी की आदिवासी विरोधी मानसिकता को दर्शाती हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद सौमित्र खान ने टिप्पणी को जघन्य करार दिया और गिरि की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। खान ने कहा कि यह एक जघन्य कृत्य है और इसे माफ नहीं किया जा सकता है। सम्मानित राष्ट्रपति का अपमान इस देश की महिलाओं और पूरी आबादी का अपमान है। उन्हें तुरंत विधायक के रूप में अयोग्य घोषित कर गिरफ्तार किया जाना चाहिए। मैंने इस बारे में राष्ट्रीय महिला आयोग को पत्र लिखा है। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि हम लोगों के व्यक्तिगत बयान पर टिप्पणी नहीं करना चाहते। पार्टी इस तरह के बयान का ना तो समर्थन करती है और न ही इसकी जिम्मेदारी लेती है। देश के राष्ट्रपति का हम बहुत सम्मान करते हैं। इस बीच, पूर्वी मिदनापुर जिले के एक स्थानीय नेता ने कहा कि उसने नंदीग्राम पुलिस थाने में गिरि के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन पुलिस ने कहा कि उसे गिरि के खिलाफ अभी ऐसी शिकायत नहीं मिली है।

### भारत-यूक्रेन...

का नेतृत्व कर रहे हैं। यूक्रेन के विदेश कुलेबा ने ट्विटर पर कहा कि उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग और यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को समाप्त करने के तरीकों पर चर्चा की। कुलेबा ने ट्वीट किया, मेरे भारतीय समकक्ष जयशंकर और मैं द्विपक्षीय सहयोग और यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को समाप्त करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए मिले। मैंने जोर दिया कि रूस को तुरंत घातक हमलों को रोकना चाहिए, यूक्रेन से सभी सैनिकों को वापस बुलाना चाहिए, और शांति के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। हमने वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर भी ध्यान केंद्रित किया। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है और लगातार कहता रहा है कि कूटनीति तथा बातचीत के माध्यम से संकट का समाधान किया जाना चाहिए। फरवरी में यूक्रेन संघर्ष शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ-साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कई बार बात की। भारत ने यह भी कहा है कि काला सागर के जरिए अनाज निर्यात की पहल के निलंबन से खाद्य सुरक्षा, और दुनिया के सामने विशेष रूप से दुनिया के दक्षिणी हिस्से में ईंधन और उर्वरक आपूर्ति चुनौतियों का सामना करने की आशंका है। इस पहल के परिणामस्वरूप यूक्रेन से 90 लाख टन से अधिक अनाज और अन्य खाद्य उत्पादों का निर्यात हुआ।

### आस्ट्रेलिया में...

नील ने शनिवार को लोगों को भरोसा दिलाया कि कोविड प्रकोप क्रूज से बाहर न फैले, इसके लिए पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं। साल 2020 में भी इसी तरह का मामला सामने आया था। तब साउथ वेल्स में रूबी प्रिंसेज नाम की क्रूज शिप में सैकड़ों लोग कोविड पॉजिटिव पाए गए थे। जांच के बाद पाया गया था कि 914 लोग कोविड से संक्रमित हुए थे। इनमें से 28 लोगों की मौत हो गई थी। इसलिए ताजा सिडनी तट की घटना ने दो साल पुराने मामले की याद दिला दी है। क्लेयर ओ नील के मुताबिक, अधिकारियों ने रूबी प्रिंसेंज की घटना के बाद से ही ऐसे मामलों से निपटने के लिए नियमित प्रोटोकॉल बना लिया था। न्यू साउथ वेल्स की हेल्थ अथॉरिटी अब इस मामले को प्रत्येक केस के आधार पर देखकर तय करेगी कि मैजेस्टिक प्रिंसेज से यात्रियों को कैसे उतरना है। देश की हेल्थ अथॉरिटी के मुताबिक वह कंपनी और उसके कर्मचारियों के साथ मिलकर क्रूज पर सवार यात्रियों और उसके चालक सदस्यों के स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है। पिछले कुछ दिनों से कोविड के मामले बढ़ रहे हैं। शुक्रवार 11 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया में कोविड 13,146 नए मामले सामने आए।

### योग शिक्षकों...


वेतन मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी वेतन भुगतान में मदद करना चाहते हैं, नंबर पर संदेश भेजकर बता सकते हैं कि वे एक या दो शिक्षक के लिए योगदान देना चाहते हैं। फिर हम उन्हें शिक्षक/शिक्षकों के नाम देंगे, ताकि वे सीधे चेक शिक्षक को सौंप सकें। उन्होंने कहा कि वेतन के लिए योगदान 15,000 के गुणक में होना चाहिए। उपराज्यपाल सक्सेना और भाजपा पर सरकार के कदमों को रोकने का आरोप लगाते हुए केजरीवाल ने कहा कि जब उन्होंने योगशाला रोकी तो वह बहुत तकलीफदेह था। करीब 17,000 लोग उन कक्षाओं में जा रहे थे। उन्होंने कहा कि वे योग शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं करेंगे। लोगों को योग करने से कौन रोक रहा है? आप सरकार ने एक नवंबर को दावा किया था कि उपराज्यपाल ने 31 अक्टूबर के बाद दिल्ली की योगशाला कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की मंजूरी नहीं दी, लेकिन साथ ही कहा था कि सरकार सुनिश्चित करेगी कि योग कक्षाएं चलती रहें। उपराज्यपाल सचिवालय के सूत्रों ने बताया था कि सक्सेना के कार्यालय को 31 अक्टूबर के बाद योगशाला जारी रखने का अनुरोध करने वाली कोई फाइल नहीं मिली है।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 13 नवंबर, 2022



# विदेशी आक्रांताओं के चलते आयुर्वेद का प्रसार रुक गया, लेकिन इसे फिर से मान्यता मिल रही: भागवत

**भाषा।** नागपुर (महाराष्ट्र)



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि विदेशियों के आक्रमण के कारण आयुर्वेद का प्रसार रूक गया था, लेकिन अब उपचार की इस प्राचीन पद्धति को फिर से मान्यता मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आयुर्वेद को वैश्विक मान्यता दिलाने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। भागवत ने यह बात यहां आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, आयुर्वेद पर्व में कही। आयुष में आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी शामिल हैं। केंद्रीय आयुष मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी इस अवसर पर उपस्थित थे। भागवत ने कहा, लोगों के बीच आयुर्वेद का प्रसार विदेशियों के आक्रमण के चलते रूक गया था। लेकिन आयुर्वेद को फिर से मान्यता मिल रही है और समय आ गया है कि आयुर्वेद के ज्ञान का प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा, इसलिए, हमें आयुर्वेद को कैसे आगे ले जाना चाहिए? उपाय यह है कि हर किसी को वहनीय और सामान्य मेडिकल उपचार मिले और इसके लिए आयुर्वेद से बेहतर विकल्प नहीं है। भागवत ने कहा कि आयुर्वेद के शुद्धतम रूप का उपयोग किया जाना चाहिए ताकि इसे अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिले। सोनोवाल ने कहा कि पिछले सात वर्षों से आयुर्वेद को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिल रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 2014 तक आयुष उद्योग का बाजार तीन अरब डॉलर का था। लेकिन पिछले आठ वर्षों में वैश्विक स्तर पर बढ़ कर यह 18.1 अरब डॉलर का हो गया है और 2023 तक इसके बढ़ कर 23 अरब डॉलर का बाजार हो जाने की संभावना है।

## राष्ट्रपति बिरसा मुंडा के पैतृक गांव में कार्यक्रम में शामिल होंगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की जन्मस्थली झारखंड के खूंटी जिले के उलीहातू गांव में 15 नवंबर को दूसरे जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम में शामिल होंगी। सरकार ने पिछले साल आदिवासी नेता की जयंती के मौके और आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के लिए 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया था। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री मुंडा ने कहा, जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर, मंत्रालय ने झारखंड सरकार के साथ समन्वय में राष्ट्रपति की उपस्थिति में खूंटी में एक व्यापक कार्यक्रम की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ संसद परिसर में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। मुंडा ने कहा कि राज्य सरकारों और आदिवासी अनुसंधान संस्थानों के समन्वय से देशभर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, निबंध, गीत, नृत्य, खेल और चित्रकला प्रतियोगिताओं की भी योजना बनाई गई है।

# भाजपा चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को नष्ट कर रही: महबूबा मुफ्ती

**भाषा।** श्रीनगर



**पीपुल्स** डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चुनाव आयोग को इस हद तक बर्बाद करने का आरोप लगाया कि वह अब स्वतंत्र निकाय नहीं रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा का विस्तार (शाखा) बन गया है। उन्होंने कहा, भाजपा उससे जो कुछ कहेगी, वह वही करेगा। मुफ्ती ने अनंतनाग जिले के खैरम क्षेत्र में संवाददाताओं से कहा, चुनाव आयोग को इस हद तक कमजोर कर दिया गया है कि वह स्वतंत्र निकाय नहीं रहा, जिसपर देश को गर्व था। हमारे चुनाव आयुक्तों को चुनाव कराने में विशेषज्ञ सलाह के लिए अन्य देश आमंत्रित करते थे। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा कानूनों का उल्लंघन करने के बाद भी चुनाव आयोग उसके खिलाफ कार्वाई करने में विफल रहा। उन्होंने कहा, हिमाचल प्रदेश में भाजपा नेतृत्व ने धार्मिक आधार पर चुनाव प्रचार किया। मुसलमानों को खुलेआम धमकियां दी जा रही हैं, लेकिन चुनाव आयोग मूक दर्शक बना हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मैं कैसे कह सकती हूं कि जम्मू कश्मीर में कब चुनाव होंगे। वह चुनाव आयोग तय करेगा और जब भाजपा आयोग से कहेगी तब वह चुनाव की घोषणा करेगा। शासन के मुद्दे पर मुफ्ती ने कहा कि वर्तमान सरकार सब कुछ पलटने पर तुली है। उन्होंने कहा, कश्मीरी पंडितों को देखिए जो पिछले कई महीनों से जम्मू में डेरा डाले हुए हैं। वे मांग कर रहे हैं कि जब तक कश्मीर में स्थिति सुधर नहीं जाती है, तब तक उन्हें जम्मू भेज दिया। लेकिन सरकार कभी उनका वेतन रोक रही है तो कभी राशन। पीडीपी अध्यक्ष ने दावा किया कि भाजपा चुनाव की खातिर कश्मीरी पंडितों की पीड़ा का फायदा उठा रही है। उन्होंने कहा, उसे किसी की परवाह नहीं है, चाहे कश्मीरी पंडित हो या कोई और। वह बस चुनाव जीतना चाहती है।

# हिमाचल प्रदेश में शतायु लोगों ने बढ़चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया

**भाषा।** शिमला

● **चांबा के चुराह में 105 वर्षीय नारो देवी तथा शिमला में 103 वर्षीय सरदार प्यार सिंह जैसे कई शतायु लोग वोट डालने पहुंचे**

**हिमाचल** प्रदेश में शनिवार को विधानसभा चुनाव में सौ वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्ग मतदान के उत्साह में तापमान में गिरावट और बढ़ती आयु के बावजूद कमी नजर नहीं आई तथा चांबा के चुराह मे 105 वर्षीय नारो देवी तथा शिमला में 103 वर्षीय सरदार प्यार सिंह जैसे कई शतायु लोग वोट डालने पहुंचे। इस पर्वतीय राज्य में 80 वर्ष से अधिक उम्र के 1.21 लाख से अधिक मतदाता हैं जिनमें 1136 की उम्र सौ या उससे अधिक वर्ष है। चुनाव आयोग ने राज्यभर में मतदान केंद्रों पर बुजुर्गों एवं विकलांगों के लिए विशेष व्यवस्था की थी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने निर्वाचन आयोग के ट्विटर हैंडल पर एक तस्वीर साझा करते हुए कहा, अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस के मौके पर 103 वर्ष के सरदार प्यार सिंह से भेंट करना एवं उन्हें सम्मानित करना एक गौरव की बात है। यहां वह उसी अदम्य साहस एवं जज्बे के साथ वोट डालते हुए नजर आ रहे हैं। चंबा के चूराह निर्वाचन क्षेत्र में नारो देवी (105) ने एक मतदान केंद्र पर वोट डाला जबकि निर्वाचन आयोग ने बुजुर्गों की खातिर डाक मतदान की विशेष व्यवस्था की थी। मदारी देवी (98) ने बिलासपुर के विजयपुर में मतदान किया। भारत के पहले मतदाता 106 वर्षीय श्याम सरन नेगी का घर हिमाचल में ही था जिनका कुछ दिन पहले इस चुनाव की खातिर डाक मतपत्र से वोट डालने के बाद निधन हो गया था। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार किन्नौर के कल्पा में नेगी के घर गए थे और उन्होंने कहा था कि उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यह होगी कि सभी नागरिक मतदान में हिस्सा लें और देश में लोकतंत्र को मजबूत करें। चुनाव आयोग ने कहा कि चासक बाटपरी (82) उन लोगों में शामिल थीं जिन्होंने भारी हिमपात के बावजूद चंबा के सुदूर भारमौर निर्वाचन क्षेत्र में वोट डाला। आयोग ने उनकी तस्वीर साझा करते हुए कहा, भारमौर राज्य में सबसे सुदूर जगह है और उससे सबसे निकट का रास्ता 14 किलोमीटर की दूरी पर है। भारी हिमपात के बाद भी मतदाताओं का गजब उत्साह।

## सीबीआई ने 24 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने जम्मू-कश्मीर सेवा चयन बोर्ड द्वारा आयोजित पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र को कथित रूप से लीक करने के मामले में सीमा सुरक्षा बल के एक पूर्व कमांडेंट समेत 24 लोगों के खिलाफ शनिवार को आरोप पत्र दाखिल किया। सीबीआई ने जम्मू में एक विशेष अदालत के समक्ष दाखिल अपने आरोप पत्र में कहा कि रेवाड़ी के यतिन यादव ने ओखला स्थित एक छापाखाने के कर्मचारी प्रदीप कुमार कटियार के माध्यम से प्रश्न पत्र हासिल किया था।अधिकारियों ने बताया कि यादव ने जम्मू-कश्मीर पुलिस एवं केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों और बिचौलियों के एक नेटवर्क का इस्तेमाल कर परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए 20-30 लाख रुपए खर्च करने के इच्छुक उम्मीदवारों को लक्ष्य बनाया। इस परीक्षा के माध्यम से जम्मू- कश्मीर पुलिस में ।,200 पदों को भरा जाना था।



नादिया जिले में अयोध्या के राम मंदिर तर्ज पर बने रासमंडप में लोग दर्शन करने पहुचे



हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश उज्जल भूयां के आवास पहुंचे और उनसे मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। के चंद्रशेखर राव ने हाल ही में न्यायपालिका की प्रशंसा की थी और लोकतंत्र में न्यायापालिका की भूमिका को रेखांकित किया था।

# सौम्या गुर्जर ने फिर संभाला जयपुर ग्रेटर नगर निगम के महापौर का पद

**भाषा।** जयपुर

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की सौम्या गुर्जर ने शनिवार को जयपुर ग्रेटर नगर निगम के महापौर का पद एक बार फिर संभाल लिया। बीते दो साल में गुर्जर ने तीसरी बार यह पद संभाला है। पदभार संभालने के बाद उन्होंने राज्य सरकार पर उनके खिलाफ षडयंत्र रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, यह उन षडयंत्रकारियों के लिए जवाब है। जो षडयंत्र रचते हैं और वे अपने षड्यंत्र में हारते है। यह राज्य सरकार षडयंत्र रच रही है। आप मुझे तीसरी बार इस कुर्सी पर देख रहे हैं तो यह जनता आशीर्वाद है। जनता चाहती है कि सच्चाई की जीत हो। हमारा संघर्ष जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा पद से बर्खास्त किए जाने को सौम्या ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। फैसला अपने पक्ष में आने के बाद उन्होंने एक बार फिर कार्यभार संभाला है। महापौर पद के लिए उपचुनाव हुआ था और बृहस्पतिवार को मतदान हुआ था। लेकिन इसी बीच उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ ने सौम्या गुर्जर को नगर निगम जयपुर ग्रेटर के महापौर पद से हटाए जाने के राज्य सरकार के 27 सितम्बर के आदेश को खारिज कर दिया। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने महापौर के उपचुनाव की प्रक्रिया रोक दी और गुर्जर के एक बार फिर कार्यभार संभालने का मार्ग प्रशस्त हुआ। जून 2021 में जयपुर ग्रेटर नगर निगम के तत्कालीन आयुक्त यज्ञ मित्र सिंह देव के साथ दुर्व्यवहार और उन्हें आधिकारिक काम से रोकने के मामले में न्यायिक जांच में दोषी ठहराए जाने के बाद गुर्जर को पद से हटा दिया गया था। हालांकि, उच्च न्यायालय से राहत मिलने के बाद वे दोबारा इस पद पर बैठीं।

## केरल के राज्यपाल को कुलाधिपति पद से हटाने का अध्यादेश राजभवन भेजा गया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत सरकार ने राज्यपाल को विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के पद से हटाने के लिए अपना अध्यादेश मंजूरी के लिए शनिवार को राजभवन भेज दिया। राजभवन के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की कि राज्यपाल को विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के पद से हटाने और प्रमुख शिक्षाविदों को इस पद पर नियुक्त करने संबंधी अध्यादेश राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की मंजूरी के लिए राजभवन को प्राप्त हुआ है। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि इस बात की संभावना नहीं है कि खान जल्द ही अध्यादेश पर कोई फैसला लेंगे, क्योंकि इस मुद्दे पर उनके और राज्य सरकार के बीच विवाद अभी खत्म नहीं हुआ है। पिनराई विजयन के नेतृत्व वाली सरकार ने बुधवार को इस संबंध में अध्यादेश लाने का फैसला किया था, जिसका कांग्रेस और भाजपा दोनों ने विरोध किया था।

# मोदी और योगी ने छद्म धर्मनिरपेक्षता के राजनीतिक छल को ध्वस्त किया: नकवी

● **उत्तर प्रदेश के रामपुर में आयोजित सम्मेलन में कही यह बात**

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने "छद्म धर्मनिरपेक्षता और तुष्टीकरण के राजनीतिक छलै को "समावेशी सशक्तिकरण के बलै से ध्वस्त किया है। नकवी के कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने उत्तर प्रदेश के रामपुर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा आयोजित सम्मेलन में कहा कि "पावर (सत्ता) के गुरुर, पोस्ट के सुरूरै की राजनीति कभी लम्बी नहीं चलती, ऐसे हमें लोगों की बेहतरी के लिए समर्पित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इकबाल, इंसाफ, ईमान की सरकार ने "राजा के रौब की सियासतै को "जनता के रुतबे की संस्कृतिै में बदल कर देश के सामने नजीर पेश किया है। नकवी ने समाजवादी पार्टी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, राजनीतिक दलों ने उत्तर प्रदेश में "एम-वाई फैक्टरै को संकीर्ण साम्प्रदायिकता का प्रतीक बना रखा था, वहीं आज एम-वाई (मोदी-योगी) फैक्टर का मतलब समावेशी विकास, सर्वस्पर्शी सशक्तिकरण है। उनका कहना है कि मोदी-योगी ने "छद्म धर्मनिरपेक्षता और तुष्टीकरण के राजनीतिक छलै को "समावेशी सशक्तिकरण के बलै से ध्वस्त किया है।नकवी ने कहा, तमाम साजिशों के बावजूद हमारी संस्कृति-संस्कार-संविधान ने "अनेकता में एकतै की डोर को कमजोर नहीं होने दिया। समावेशी विकास के रास्ते में बाधाएँ आई भी तो हमारी इसी ताकत ने देश को रुकने नहीं दिया।

## गुजरात चुनाव के लिए भाजपा ने छह और उम्मीदवारों की सूची जारी की

**अहमदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को गुजरात विधानसभा चुनाव में छह और सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। इसके साथ, सत्तारूढ़ दल भाजपा कुल 182 सीटों में से उन सभी 89 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर चुकी है जिन पर दो चरण के इस चुनाव के पहले चरण में मतदान होगा। भाजपा ने कुल मिलाकर, अब तक 166 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं क्योंकि पार्टी ने 9 नवंबर को 160 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। गुजरात में दो चरणों में एक दिसंबर और पांच दिसंबर को मतदान होगा और मतगणना आठ दिसंबर को होगी। पहले चरण के लिए उम्मीदवार 14 नवंबर तक नामांकन पत्र भर सकते हैं। भाजपा की दूसरी सूची के अनुसार, पार्टी ने भावनगर पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से विभावरीबेन दवे के बजाय सेजल पंड्या को मैदान में उतारा है। धोराजी सीट से पार्टी ने सौराष्ट्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति महेंद्र पडालिया को टिकट दिया है।

# गुर्दा दान कर रही लालू की बेटी ने कहा- ये तो बस एक छोटा सा मांस का टुकड़ा है

**भाषा।** पटना

● **लालू की बेटी रोहिणी ने किए हैं कई भावनात्मक ट्विट**

**राष्ट्रीय** जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने अपने बीमार पिता को गुर्दा दान करने के अपने फैसले के बारे में कहा, यह तो सिर्फ मांस का एक छोटा सा टुकड़ा है।

बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की 40 वर्षीय बड़ी बहन रोहिणी सिंगापुर में रहती हैं। पिता लालू यादव को किडनी दान करने के उनके फैसले के बारे में लोगों को पता चलने के एक दिन बाद उन्होंने कई भावनात्मक ट्वीट किए। उन्होंने ट्वीट किया, मेरा तो मानना है की ए तो बस एक छोटा सा मांस का टुकड़ा है जो मैं अपने पापा के लिए देना चाहती हूं। रोहिणी ने कहा, पापा के लिए मैं कुछ भी कर सकती हूं। आप सब दुआ कीजिए की सब बेहतर तरीके से हो जाए और पापा फिर से आप सभी लोगों की आवाज बुलंद करें। आचार्य ने कहा, जिस पिता ने इस दुनिया में मुझे आवाज दी। जो मेरे सबकुछ हैं, उनके लिए अगर मैं अपने जीवन का छोटा सा भी योगदान दे पाती हूं तो मेरा परम सौभाग्य होगा। रोहिणी ने कहा, धरती पर भगवान माता-पिता होते हैं, इनकी पूजा सेवा करना हर बच्चे का फर्ज है। उन्होंने अपने पिता की कुछ तस्वीरें भी पोस्ट कीं। इनमें एक तस्वीर उनके बचपन की है जिसमें वह अपने पिता के गोद में बैठी दिख रही हैं। उन्होंने तस्वीर के साथ लिखा, माता-पिता मेरे लिए भगवान हैं। मैं उनके लिए कुछ भी कर सकती हूं। आप सबकी शुभकामनाओं ने मुझे और मजबूत बनाया है। मैं भावुक हो गई हूं। आप सबको दिल से आभार कहना चाहती हूं। प्रसाद और राबड़ी देवी की बेटी अब बहुप्रतीक्षित प्रत्यारोपण के लिए अपने पिता की यात्रा का इंतजार कर रही हैं। प्रसाद फिलहाल अपनी बड़ी बेटी मीसा भारती के घर दिल्ली में हैं। चारा घोटाला के कई मामलों में सजा सुनाए जाने के बाद वे वर्तमान में जमानत पर बाहर हैं और उन्हें विदेश जाने के लिए अदालत से अनुमति की आवश्यकता होती है। वह पिछले महीने अपनी पुरानी गुर्दे की समस्याओं के लिए प्रारंभिक जांच के लिए सिंगापुर में थे, लेकिन दिल्ली में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक अदालत द्वारा देश से बाहर रहने के लिए तय की गई अवधि की समाप्ति से एक दिन पहले 24 अक्टूबर को उन्हें देश लौटना पड़ा था।



अमृतसर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय लोक महोत्सव के दौरान कोलंबियाई कलाकार नृत्य प्रस्तुत करते हुए

# खेरसॉन में हैं यूक्रनी विशेष सैन्य इकाइयां : राष्ट्रपति जेलेंस्की

भाषा। माइकोलैव (यूक्रेन)



**यूक्रेन के** राष्ट्रपति ने शुक्रवार को कहा कि युद्ध की शुरुआत में ही रूसी सेना द्वारा कब्जा जमा ली गई बड़ी प्रांतीय राजधानी खेरसॉन में विशेष सैन्य इकाइयां दाखिल हो चुकी हैं। खेरसॉन से रूस (रूसी सेना) के पीछे हटने पर शहर में लोगों ने खुशियां मनाई। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस शहर से अपने सैनिकों को वापस बुला लेने की प्रक्रिया पूरी होने के रूस के ऐलान के कुछ घंटों बाद एक वीडियो संबोधन में, राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा, अभी हमारे रक्षक शहर की बढ़ रहे हैं। थोड़ी देर में हम शहर प्रवेश करने वाले हैं। लेकिन विशेष इकाइयां पहले से ही शहर में हैं। रूस ने इस बड़े शहर में अपनी मजबूत पकड़ छोड़ दी। जब 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस ने आक्रमण किया था, तो खेरसॉन सबसे पहले उसके कब्जे में आने वाले स्थानों में एक था। रूसी सैनिकों की वापसी ऐसे स्थानों पर यूक्रेनी सेना के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल साबित हो सकती है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके सभी सैनिक यूक्रेन के खेरसॉन क्षेत्र को विभाजित करने वाली नदी के पश्चिमी तट से सुबह 5 बजे तक पूरी तरह लौट गए। उन्होंने जिस क्षेत्र को छोड़ा, उसमें खेरसॉन शहर शामिल है जो एकमात्र प्रांतीय राजधानी थी जिसे रूस ने यूक्रेन पर अपने लगभग नौ महीने के आक्रमण के दौरान कब्जा कर लिया था। सोशल मीडिया पर वीडियो और तस्वीरों में खेरसॉन की सड़कों पर लोगों को खुशी मनाते हुए देखा गया है। मार्च की शुरुआत में इस शहर पर कब्जा कर लिए जाने के बाद पहली बार एक केंद्रीय खेरसॉन चौक पर एक स्मारक के ऊपर एक यूक्रेनी झंडा फहराया गया।

### चीन ने कक्षा में अपने स्पेस स्टेशन के लिए कार्गो अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित किया

**बीजिंग।** चीन ने अपने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन को आपूर्ति भेजने के लिए शनिवार को कार्गो अंतरिक्ष यान तियानजू का सफल प्रक्षेपण किया। तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण इस साल तक पूरा होने की उम्मीद है। अंतरिक्ष में मानव मिशन से संबंधित चीन की एजेंसी सीएमएसए ने बताया कि दक्षिणी हैनान प्रांत में वेंचचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण स्थल से तियानजू-5 को लेकर सुबह रवाना हुआ लांग मार्च-7 वाई6 रॉकेट सफलतापूर्वक निर्धारित कक्षा में पहुंच गया। एजेंसी ने इसे पूरी तरह सफल प्रक्षेपण बताया है। इससे पहले, 31 अक्टूबर को चीन ने अपने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण को अंतिम चरण में ले जाने के लिए मेंगटियन मॉड्यूल नामक दूसरी प्रयोगशाला की शुरुआत की थी।

# बाइडन दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के सम्मेलन में शामिल हुए

भाषा। नोम पेन्ह (कंबोडिया)



**राष्ट्रपति जो** बाइडन शनिवार को दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के एक सम्मेलन में शामिल हुए और वह इस क्षेत्र में अमेरिकी प्रतिबद्धता पर जोर देना चाहते हैं जहां चीन अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिए काम कर रहा है।आसियान सम्मेलन में बाइडन की भागीदारी चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ उनकी संभावित बैठक से पहले हो रही है। दोनों नेता सोमवार को जी 20 देशों की बैठक में मिलेंगे। यह बैठक इंडोनेशिया के बाली द्वीप में आयोजित की जाएगी। शनिवार को नोम पेन्ह की यात्रा करते हुए, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि बाइडन दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) नेताओं के साथ चीन द्वारा नौवहन और लंबे समय से गैर-कानूनी तरीके से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मछलियों का अवैध शिकार जैसे मुद्दें उठाएंगे। सुलिवन ने पत्रकारों से कहा कि क्षेत्र में स्थिरता लाने वाली ताकत के तौर पर और किसी एक राष्ट्र को बलपूर्वक कार्वाई करने से रोकने में अमेरिका की अहम भूमिका है। चीन का जिक्र करते हुए, सुलिवन ने कहा, मुझे लगता है कि यह देश इस तथ्य को पसंद नहीं कर सकता है, लेकिन वे निश्चित रूप से इसे स्वीकार करते हैं और इसे समझते हैं। बाइडन नोम पेन्ह में क्षेत्रीय शिखर सम्मेलन के मेजबान कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन सेन से मुलाकात की। वह वार्षिक अमेरिका-आसियान शिखर सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे।

बाइडन म्यांमा के मुद्दे को भी उठाएंगे जहां सेना ने फरवरी 2021 में सत्तारूढ़ सरकार को उखाड़ फेंका था और लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित नेता आंग सान सू ची को गिरफ्तार कर लिया था।

### पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ दिसंबर में लौट सकते हैं पाकिस्तान : रिपोर्ट

**लाहौर।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रमुख नवाज शरीफ आत्म-निर्वासन समाप्त कर अगले आम चुनाव में अपनी पार्टी का नेतृत्व करने के लिए लंदन से पाकिस्तान लौट सकते हैं। मीडिया में शनिवार को आई एक खबर में दावा किया गया है कि वह दिसंबर में स्वदेश वापसी कर सकते हैं। शुक्रवार को मीडिया में आई खबर में कहा गया था कि 72 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री को पीएमएल-एन नीत सरकार द्वारा राजनयिक पासपोर्ट दिया गया है। द एक्सप्रेस ट्रब्यिून अखबार ने पार्टी सूत्रों के हवाले से कहा कि शरीफ आखिरकार दिसंबर में पाकिस्तान लौटेंगे। हालांकि, सूत्र ने कहा कि इस कदम को सरकार द्वारा समय से पहले चुनाव कराने के संकेत के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। यह अफवाहें सच नहीं हैं कि शरीफ चुनाव के करीब आने पर प्रचार के लिए लौटेंगे, क्योंकि उनकी वापसी का किसी भी तरह से मतलब यह नहीं है कि पीएमएल-एन नीत सरकार समय से पहले चुनाव के लिए सहमत हो गई है। उल्लेखनीय है कि पीटीआई के प्रमुख एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अप्रैल में उन्हें पद से हटाए जाने के बाद से मध्यावधि चुनाव की मांग कर रहे हैं।

## नोबेल पुरस्कार विजेता रामकृष्णन को ब्रिटेन के आर्डर ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया

भाषा। लंदन

**भारतीय मूल** के नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर वेंकी रामकृष्णन को ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को लेकर प्रतिष्ठित ऑर्डर ऑफ मेरिट से सम्मानित किया है। ब्रिटेन में रह रहे 70 वर्षीय आणविक जीवविज्ञानी का नाम उन छह व्यक्तियों में शामिल है, जिनका उल्लेख महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने सितंबर में अपना निधन होने से पहले ऐतिहासिक आदेश में किया था। आर्डर ऑफ मेरिट ब्रिटिश महारानी या महाराजा द्वारा दिया जाने वाला एक विशेष सम्मान है। बकिंघम पैलेस ने शुक्रवार शाम को कहा, महाराजा छह व्यक्तियों को आर्डर ऑफ मेरिट प्रदान कर प्रसन्न हैं। इस सिलसिले में नियुक्तियां सशस्त्र बलों, विज्ञान, कला, साहित्य या संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने में विशिष्ट योगदान देने को लेकर की गई हैं। बकिंघम पैलेस ने कहा, इन व्यक्तियों का चयन सितंबर की शुरूआत में किया गया था।

### अटलांटा में श्री श्री रविशंकर को प्रदान किया गया गांधी पीस पिलग्रिमेज पुरस्कार

**वाशिंगटन।** भारतीय आध्यात्मिक नेता श्री श्री रविशंकर को महात्मा गांधी एवं डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर के शांति एवं अहिंसा के संदेशों का प्रसार करने में उनके अथक प्रयासों के लिए अटलांटा में गांधी पीस पिलग्रिमेज पुरस्कार प्रदान किया गया है। श्री श्री रविशंकर को डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर के भतीजे इसाक फार्सि और अटलांटा में भारत की महावाणिज्य दूत डॉ. स्वाति कुलकर्णी की उपस्थिति में अमेरिका के गांधी फाउंडेशन ने यह पुरस्कार प्रदान किया। प्रशस्ति पत्र में कहा गया है कि दुनिया में जो बदलाव हम देखना चाहते हैं, उसके प्रति विवेक, अंतदृष्टि तथा गांधी-किंग के शांति एवं अहिंसा के उपदेशों से प्रेरित होकर मानवता की सेवा करने को लेकर आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर को यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। श्री श्री रविशंकर ने अपने संदेश में कहा, कुछ संदेश कालातीत संदेश होते है। इस श्रेणी में मार्टिन लूथर किंग और महात्मा गांधी के संदेश बहुत प्रासंगिक हैं। वे हर पीढ़ी में हर उम्र के लिए बिल्कुल नए हैं।

# भारत और आसियान देशों ने आतकंवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया

भाषा। नोम पेन्ह



**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने शनिवार को यहां 19वें आसियान-भारत सम्मेलन को संबोधित किया, जिसके बाद भारत और आसियान देशों ने आतंकवाद के खिलाफ व्यापक रणनीतिक भागीदारी कायम करने और सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। धनखड़ कंबोडिया की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। इस वर्ष आसियान-भारत संबंधों की 30वीं वर्षगांठ है और इसे आसियान-भारत मैत्री वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का संघ (आसियान) एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जिसमें दक्षिण पूर्वी एशियाई के 10 देश ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमा, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम सदस्य हैं।भारत-आसियान ने दोनों पक्षों के बीच संवाद मंच स्थापित करके साइबर सुरक्षा पर सहयोग मजबूत बनाने पर जोर दिया। एक संयुक्त बयान में, उन्होंने दक्षिण पूर्वी एशिया और भारत के बीच गहरे सभ्यतागत संबंध, समुद्री संपर्क और सांस्कृतिक संबंधों की सराहना की, जो पिछले 30 वर्षों में मजबूत हुए हैं और आसियान-भारत संबंधों के लिए एक ठोस आधार बन गए हैं। सम्मेलन को संबोधित करने से पहले उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन सेन के साथ मानव संसाधन, बारूदी सुरंगों को हटाने और विकास परियोजनाओं जैसे क्षेत्रों समेत द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा बनाने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। भारत और आसियान देशों ने संयुक्त बयान में डिजिटल परिवर्तन, डिजिटल व्यापार, डिजिटल कौशल एवं नवाचार में विभिन्न क्षेत्रीय कौशन निर्माण गतिविधियों के माध्यम से डिजिटल अर्थव्यवस्था में सहयोग बढ़ाने की घोषणा की। बयान में कहा गया है, हम आसियान स्मार्ट सिटीज नेटवर्क (एएससीएन) और भारत के स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सहयोग बढ़ाने के विकल्प तलाशेंगे, इसके लिए आपस में श्रेष्ठ पद्धतियों एवं क्षमता निर्माण में परस्पर सहयोग करेंगे ताकि ऐसे शहरों के निर्माण में मदद मिले जो तकनीकी दृष्टि से उन्नत हो। धनखड़ 13 नवंबर को, 17वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

### धनखड़ ने कम्बोडिया के प्रधानमंत्री से मिलकर द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की

**नोम पेन्ह।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कम्बोडिया के प्रधानमंत्री हुन सेन से शनिवार को मुलाकात करके मानव संसाधन, बारूदी सुरंगों को हटाने और विकास परियोजनाओं सहित अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और बेहतर बनाने पर चर्चा की। आसियान-भारत सम्मेलन से इतर दोनो देशो ने संस्कृति, वन्यजीव और स्वास्थ्य के क्षेत्र मे चार समझौतो पर हस्ताक्षर किए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि उन्होंने आसियान सम्मेलन के सफल अध्यक्षता के लिए कम्बोडिया के प्रधानमंत्री को बधाई दी। दोनो देशो के बीच जिन चार समझौतो पर हस्ताक्षर किए गए है उनमे स्वास्थ्य एवं औषधि के क्षेत्र मे सहयोग, जैवविविधता संरक्षण और सतत वन्यजीव प्रबंधन शामिल है। इसके तहत कम्बोडिया मे फिर से बाघो को बसाने की परियोजना भी शामिल है। आईआईटी जोधपुर और कम्बोडिया के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के बीच अनुसंधान, विकास और सांस्कृतिक विरासत के डिजिटल दस्तावेजीकरण मे तकनीक के उपयोग के क्षेत्र मे समझौता हुआ। कम्बोडिया के सिएम रीप स्थित वाट राजा बो पैगोड की पेंटिग के संरक्षण और देखभाल (जिसमे उनकी मरम्मत भी शामिल है) के लिए वित्तपोषण संबंधी समझौता भी हुआ। इस साल आसियान-भारत संबंधो के 30 साल पूरे हो गए है और 2022 को आसियान-भारत मित्रता वर्ष के रूप मे मनाया जा रहा है।

### ईरान में हालात को लेकर विशेष सत्र आयोजित करेगा संरा मानवाधिकार आयोग

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग ईरान में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सरकार की कार्वाई, पत्रकारो को धमकियां और मानवाधिकार उल्लंघन के अन्य मामलो के मद्देनजर विशेष सत्र आयोजित करने जा रहा है।

टी एंड टी इंफ्रा बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड
जन – सूचना
मैसर्स टी एंड टी इंफ्राडेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रसन्नता पूर्वक सूचित करते हैं ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट, प्लॉट नंबर-3/एसपी05, सेक्टर-3, सिद्धार्थ विहार जिला- गाजियाबाद, यू.पी. को स्टेट एनवायरनमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी, उत्तर प्रदेश द्वारा एन्वायरमेंट क्लीयरेंस दिया गया था (पत्र संख्या-ईसी EC22B038UP192605 दिनांक 07/07/2022.)
क्लीयरेंस पत्र की प्रतिलिपि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ उपलब्ध हैं और www-parivesh-nic-in पर पर्यावरण मंत्रालय, वन और जलवायु परिवर्तन की वेबसाइट पर भी देखा जास कता है।
हं/–
टी एंड टी इंफ्रा बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम् सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL4CAF0844, | DL8SAF4503, | NOREG65, |
| UP33L1009, | DL5SQ8047, | DL4SBB6656, |
| DL8CH9438, | DL8SZ8256, | DL8SQ0692, |
| DL3CAX1616, | DL4SAY3906, | DL6SV7119, |
| DL1CAC3225, | DL8SAC4590, | CHSNO- |
| DL9CN5345, | DL8SW0623, | 552200, |
| DL3CAP7915, | DL1SN8521, | DL8SY0251, |
| HR26AE8231, | DL8SU6602, | DL4ST8226, |
| DL3CAL4321, | DBH9373, | DL8SAE0376, |
| DL7CC5147, | DL3CAG8078, | DL8SN9929, |
| DL9CJ7748, | DL4CAF1305, | DAK9117, |
| DL3CAW1079, | DL9CN7338, | DL3SY0432, |
| DL2CK1737, | DL9CF0971, | DL6SH0786, |
| DL2CR5402, | DL4CAG5984, | DL8SP2561, |
| DAB2855, | DL9CK9564, | DL4SX9701, |
| DL4CF3999, | CH.NO-SB308 | DL4SBE1711, |
| DL4CR7855, | IN1439914, | DL6SF1094, |
| DL1CL3939, | DL3CAQ6156, | DL8SR9926, |
| DL8CX4216, | UP16D7015, | DL5SQ1603, |
| DL5CD2081, | DL10CF0889, | DL3SA2734, |
| DL2CAD8509, | DL8CX5732, | DL6ST7096, |
| UP16F3962, | DL6SAC2589, | DL6SX1922, |
| DL5CF0585, | DL1CN1195, | DL3SAK8476, |
| DL6CK4584, | DL5CB7309, | DL6ST8030, |
| DL1CL3328, | DL4CJ0299, | DL8SZ3039, |
| UP87Q4342, | DL9CAC0420, | DL7SK2475, |
| KA03EF9450, | HR26H9630, | DL8SL1227, |
| UTP9282, | PB08AQ9998, | DIS3195, |
| DL7SR5505, | DL9CR4140, | DL8SP1071, |
| DL6SR3577, | DL2CAH1722, | DL8SAB7457, |
| DL6SZ6681, | DL7SAU7328, | DL8SH2690, |
| DL5SP1952, | DL3SR1289, | DL6SAA1707, |
| DL5SM5605, | UP70AE5208, | DL4SAQ4458, |
| DL5ST4975, | DL3SAM2711, | ENGNO-00H |
| UP14AA6952, | DL3SBH0168, | 41M03209, |
| DL8SAF1458, | DL2SA1700, | UP65S9028, |
| DL7SAQ6274, | DL2SG1895, | DL8SAH0160, |
| DL7SN0388, | DL6SP6139, | DL8SG2214, |
| DL7SS2484, | DL3SF7865, | DDP8642, |
| RJ1914M9275 | DL3SP4442, | DL8SAB7812, |
| DL5SP1120, | DL9SL3774, | DL8SAF3457, |
| DL7SV8455, | DL2SK2108, | DL8SU8658, |
| UP92D8690, | DL7SE9423, | DL6ST1117, |
| DL8SW5505, | DL9SH5512, | DL8SZ4558 |
| DL7SY6791, | DBZ6405, | DL8SY2982, |
| DL3SP1620, | UP32AD2917, | DL8SA2908 |
| DL8SJ4932, | DL7SAC6595, | DL7SAY3110, |
| DL8SN3031, | DL7SR3112, | DL8SAF5557, |
| UP78BC8776, | DL7SK52471, | DL4CQ0048, |
| DL3SAB2130, | DL7SAR4459, | DL2CZ4697 |
| DL8SN7587, | DL1SA6514, | |
| DL7SD6370, | DL8SQ7440, | |


# अक्टूबर में मुद्रास्फीति दर के सात प्रतिशत से कम रहने की उम्मीद : दास

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय रिजर्व** बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कीमतों में वृद्धि को एक बड़ी चुनौती बताते हुए शनिवार को उम्मीद जताई कि अक्टूबर में मुद्रास्फीति की दर सात प्रतिशत से कम रहेगी। सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई जबकि अगस्त में यह सात प्रतिशत पर थी। खाद्य और ऊर्जा उत्पादों की कीमतों में तेजी के कारण इसमें वृद्धि हुई थी। दास ने अक्टूबर माह के लिए मुद्रास्फीति की दर में कमी आने की इस उम्मीद के लिए सरकार और आरबीआई द्वारा पिछले छह-सात महीनों में उठाए गए उपायों को जिम्मेदार बताया। उन्होंने एचटी लीडरशिप समिट में कहा कि मुद्रास्फीति को दो से छह प्रतिशत के दायरे में रखने के लक्ष्य में बदलाव की आवश्यकता नहीं है क्योंकि छह प्रतिशत से अधिक की महंगाई दर आर्थिक वृद्धि को प्रभावित करेगी। सरकार ने आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) को मुद्रास्फीति दर दो से छह प्रतिशत के दायरे में रखने की जिम्मेदारी दी हुई है। आरबीआई गवर्नर ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत के समग्र वृहद-आर्थिक बुनियादी पहलू मजबूत बने हुए हैं और आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं अच्छी दिख रही हैं। उन्होंने कहा,"हम उम्मीद करते हैं कि अक्टूबर के लिए महंगाई दर के आंकड़े सात प्रतिशत से कम होंगे। मुद्रास्फीति चिंता का विषय है जिससे हम अब प्रभावी ढंग से निपट रहे हैं।" अक्टूबर महीने के मुद्रास्फीति आंकड़े सोमवार को जारी होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले छह या सात महीनों में आरबीआई और सरकार दोनों ने ही मुद्रास्फीति को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं। दास ने कहा कि आरबीआई ने अपनी ओर से ब्याज दरों में वृद्धि की है तथा सरकार ने आपूर्ति पक्ष से जुड़े कई कदम उठाए हैं।

## भारत के सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने की संभावना: आरबीआई गवर्नर



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को भरोसा जताया कि भारत वित्त वर्ष 2022-23 में सात प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। दास ने एचटी लीडरशिप समिट 2022 में इस बात पर जोर दिया कि बैंकिंग और गैर-बैंकिंग क्षेत्रों के समर्थन से देश की अर्थव्यवस्था लचीली बनी हुई है। पूरी दुनिया ने कई झटके झेले है। मैने इन्हे तीन झटके कहता हूं। पहला कोविड-19 महामारी, फिर यूक्रेन में युद्ध और अब वित्तीय बाजार में उथल-पुथल। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वित्तीय बाजार मे उथल-पुथल मुख्य रूप से केंद्रीय बैंकों द्वारा दुनिया भर में सख्त मौद्रिक नीति से उत्पन्न हो रही है। विशेष रूप से विकसित देशों के कारण और इनके अप्रत्यक्ष नुकसान भारत समेत उभरती अर्थव्यवस्थाओ को झेलना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह की लगातार उथल-पुथल मे यूरोपीय संघ आर्थिक मंदी की स्थिति का सामना कर रहा है, लेकिन संभावनाएं है कि वह इससे बच जाएगा। अमेरिका में स्थिति स्थिर है लेकिन ऐसे अन्य देश है जहां आर्थिक वृद्धि धीमी हो गई है। दास ने कहा,"जहां तक भारत का संबंध है.....हमारे समग्र वृहद-आर्थिक बुनियादी पहलू मजबूत बने हुए है। बैंकिंग या गैर-बैंकिंग क्षेत्र उधारदाताओ के संबंध में सभी मापदंडों के कारण स्थिर है। मौजूदा संदर्भ में वृद्धि के आंकड़े अच्छे दिख रहे है। हमारा अनुमान है कि भारत की अर्थव्यवस्था करीब सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। आईएमएफ ने अनुमान जताया है कि चालू वित्त वर्ष मे भारत की आर्थिक वृद्धि दर लगभग 6.8 प्रतिशत रहेगी। यह आंकड़े भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओ मे रखते है। हालांकि, आरबीआई प्रमुख ने कहा कि मुद्रास्फीति के मामले मे भारत के सामने एक बड़ी चुनौती है। ल्लेखनीय है कि सितंबर मे खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई जबकि अगस्त मे यह सात प्रतिशत पर थी। खाद्य और ऊर्जा उत्पादो की कीमतो मे तेजी के कारण इसमे वृद्धि हुई थी।

### रूसी खाद्यान्न एवं उर्वरक निर्यात की छूट जारी रखने के लिए प्रयासरतः संयुक्त राष्ट्र

भाषा। जेनेवा

**संयुक्त** राष्ट्र ने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्वाई के बाद कई पाबंदियों का सामना कर रहे रूस से अनाज एवं उर्वरक के वैश्विक निर्यात की दिशा में हुई प्रगति की जानकारी रूस के एक प्रतिनिधिमंडल को दी है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायता कार्यक्रम के प्रमुख मार्टिन ग्रिफिथ और व्यापार प्रमुख रेबेका ग्रिनस्पैन ने रूसी प्रतिनिधिमंडल को शुक्रवार को अनाज एवं उर्वरक निर्यात से जुड़े पहलुओं के बारे में सूचित किया। इसमें यूरोपीय संघ के बंदरगाहों तक पहुंच हासिल करने और यूरोपीय देशों को रूसी अनाज एवं उर्वरक की आपूर्ति से जुड़े मुद्दे शामिल थे। यूक्रेन पर फरवरी में सैन्य कार्वाई शुरू करने वाले रूस के खिलाफ अमेरिका एवं अन्य पश्चिमी देशों ने कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए थे। उसके बाद गत 22 जुलाई को रूस और यूक्रेन दोनों ही देशों को खाद्यान्न निर्यात की छूट देने संबंधी समझौते हुए थे। लेकिन उन समझौतों की अवधि 19 नवंबर को खत्म होने वाली है।

सार्वजनिक सूचना
आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री कमल शर्मा पुत्र स्वर्गीय नाथू राम शर्मा ने गांव जियाउद्दीनपुर, सड़क सं. 8, पश्चिम ज्योति नगर, इलाका, शाहदरा, दिल्ली में स्थित संपूर्ण फ्री-होल्ड संपत्ति सं. एफ-62, (पुराना नंबर एफडी-7), एरिया परिमाप 50.00 वर्ग गज, खसरा नंबर 1/164, पंजीकृत वसीयत दिनांक 20.07.2013 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्री योगेंद्र शर्मा उपरोक्त संपत्ति को पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी के साथ, श्री कमल शर्मा पुत्र स्वर्गीय नाथू राम शर्मा से खरीद रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

टी एंड टी इंफ्रा ज़ोन प्राइवेट लिमिटेड
जन – सूचना
मैसर्स टी एंड टी इंफ्रा जोन प्राइवेट लिमिटेड प्रसन्नता पूर्वक सूचित करते हैं ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट, प्लॉट नं-3/एसपी03, सेक्टर-3, सिद्धार्थ विहार जिला- गाजियाबाद, यू.पी. को स्टेट एनवायरनमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अरिटी, उत्तर प्रदेश द्वारा एन्वायरमेंट क्लीयरेंस दिया गया था (पत्र संख्या-ई सी EC22B038UP196743 दिनांक 18/08/2022.)
क्लीयरेंस पत्र की प्रतिलिपि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ उपलब्ध हैं और www-parivesh-nic-in पर पर्यावरण मंत्रालय, वन और जलवायु परिवर्तन की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है।
हं/–
टी एंड टी इंफ्रा ज़ोन प्राइवेट लिमिटेड

### फर्जी खातों की भरमार के बाद ट्विटर ब्लू सेवा बाधित

भाषा। सैन फ्रांसिस्को

**सोशल मीडिया** मंच ट्विटर की फिर से शुरू की गई प्रीमियम सेवा ट्विटर ब्लू इस मंच पर फर्जी खातों की एक लहर आने के बीच शुक्रवार को बुरी तरह बाधित रही। हालांकि इन फर्जी खातों को खुद ट्विटर ने मंजूरी दी थी। ट्विटर हर महीने आठ डॉलर का भुगतान करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति को सत्यापन के बाद ट्विटर ब्लू का चिह्न देने की सेवा दे रहा है। सोशल मीडिया कंपनी पहले सरकारी संस्थाओं, मशहूर हस्तियों और मंच द्वारा सत्यापित पत्रकारों को ही ब्लू बैज प्रदान करती थी। इसे मंच पर नकली या फर्जी खातों को रोकने के लिए शुरू किया था। हालांकि एलन मस्क के ट्विटर की कमान संभालने के बाद अब कोई भी उपयोगकर्ता ब्लू बैज प्राप्त कर सकता है और इसके लिए उसे प्रति माह आठ डॉलर का भुगतान करना होगा।

## निवेशकों के लिए एक आकर्षक प्रवेश बिंदु के रूप में उभर रहा गिफ्ट-आईएफएससी : चेयरमैन

भाषा। वाशिंगटन



**गुजरात** इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) के चेयरमैन इंजेती श्रीनिवास ने कहा है कि भारत का यह विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) विदेशी वित्तीय और संस्थागत कंपनियों के निवेशकों के लिए एक आकर्षक प्रवेश बिंदु के रूप में उभर रहा है। अमेरिका के दौरे पर आए श्रीनिवास ने कहा कि अगले पांच वर्षों में यह क्षेत्र देश के शीर्ष दस अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों में से एक होगा। श्रीनिवास अमेरिकी और वैश्विक निवेशकों के साथ बैठकों और गोलमेज चर्चाओं के लिए आए वरिष्ठ अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। इस दौरान बैंकिंग और शैक्षणिक संस्थानों के लिए संभानाएं तलाशने का भी प्रयास किया गया। अहमदाबाद से सटी गिफ्ट सिटी स्थित आईएफएससी के चेयरमैन श्रीनिवास ने इस पांच दिवसीय यात्रा के समापन पर कहा, "मुझे लगता है कि अगले पांच वर्षों में आईएफएससी स्पष्ट रूप से खुद को भारत के लिए एक बहुत ही आकर्षक प्रवेश बिंदु के रूप में स्थापित करेगा। उन्होंने कहा यह गैर-भारतीय व्यवसायों के लिए भी एक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र के रूप में उभरना शुरू कर देगा। अगले पांच वर्षों में यह मात्रा के लिहाज से निस्संदेह शीर्ष दस अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों में शामिल हो जाएगा। श्रीनिवास ने कहा,"हर कोई भारत में बहुत रुचि रखता है और गिफ्ट सिटी के बारे में अधिक जानना चाहता है। गिफ्ट सिटी स्थित आईएफएससी एक बहु-सेवा विशेष आर्थिक क्षेत्र है। इसे अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाओं की जरूरतें पूरी करने के इरादे से विकसित किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री ने ओएनजीसी के यू-फील्ड की तटवर्ती सुविधाओं का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के बी आर अंबेडकर कोनासीमा जिले के ओदलारेवु में ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) की यू-फील्ड तटवर्ती सुविधाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनी ओएनजीसी ने एक बयान में कहा कि यह परियोजना विशाखापत्तनम में 10,700 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न अन्य विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के साथ राष्ट्र को समर्पित की गई है। हालांकि ओएनजीसी ने यह नहीं बताया कि इस क्षेत्र से उत्पादन कब शुरू किया जाएगा। यू-फील्ड बंगाल की खाड़ी में कृष्णा गोदावरी बेसिन ब्लॉक केजी-डीडब्ल्यूएन-9812 में स्थित है। उपयोगकर्ताओं को भेजने से पहले क्षेत्र से प्राकृतिक गैस को समुद्र के नीचे पाइपलाइनों के जरिए तटवर्ती सुविधा में लाया जाएगा।

पशुपति एक्रिलॉन लिमिटेड
CIN : L50102UP1982PLC015532
पंजीकृत कार्यालय : काशीपुर रोड, ठाकुरद्वारा, जिला मोरादाबाद (उ. प्र.)
कॉरपोरेट कार्यालय : एम-14, कनॉट सर्कस (मिडिल सर्कल)
नई दिल्ली-110 001, फोन नं. : 91-11-47627400, फैक्स नं. : 91-11-47627497
E-mail : delhi@pasupatiacrylon.com, Website : www.pasupatiacrylon.com
Pasupati Acrylon Ltd.
Quality Assured Company ISO-9001
(रू. करोड़ों में)
30 सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही एवं अर्ध वर्ष हेतु अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त (अपरीक्षित) | | | अर्ध वर्ष समाप्त (अपरीक्षित) | | वर्ष समाप्त (परीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2022 समीक्षित | 30.06.2022 समीक्षित | 30.09.2021 समीक्षित | 30.09.2022 समीक्षित | 30.09.2021 समीक्षित | 31.03.2022 परीक्षित |
| 1. | परिचालनों से कुल आय | 208.41 | 252.46 | 178.09 | 460.87 | 301.86 | 784.27 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, असाधारण या/और असाधारण मदों से पहले) | 5.77 | 14.69 | 18.45 | 20.46 | 40.92 | 61.83 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, असाधारण या/और असाधारण मदों के बाद) | 5.77 | 14.69 | 18.45 | 20.46 | 40.92 | 61.83 |
| 4. | अवधि हेतु कर के बाद शुद्ध लाभ (असाधारण या/और असाधारण मदों के बाद) | 4.32 | 10.93 | 13.78 | 15.25 | 30.42 | 45.89 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय {अवधि हेतु लाभ (कर के बाद) शामिल एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद)} | 4.35 | 10.99 | 13.89 | 15.34 | 30.64 | 46.05 |
| 6. | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रति) | 89.14 | 89.14 | 89.14 | 89.14 | 89.14 | 89.14 |
| 7. | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | – | – | – | – | – | 190.38 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रू. 10/- प्रति) | | | | | | |
| | मूल : | 0.48 | 1.23 | 1.55 | 1.71 | 3.41 | 5.15 |
| | तरल : | 0.48 | 1.23 | 1.55 | 1.71 | 3.41 | 5.15 |

नोट : उपरोक्त विवरण सेबी {सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ} विनियमन 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल की गई परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। वित्तीय परिणामों का सम्मपूर्ण प्रारूप कम्पनी की वेवसाईट (www.pasupatiacrylon.com) और बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) पर भी उपलब्ध है।
कृते पशुपति एक्रिलॉन लिमिटेड
(हस्ता./–) विनीत जैन
प्रबंध निदेशक
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12 नवंबर, 2022

# लोक अदालत के आयोजन में वादकारियों ने उठाया लाभ

- 19513 मामलों का हुआ निस्तारण
- न्यायालयों में कुल 2032 मामलों का निस्तारण किया गया
- समस्त प्रशासनिक विभागों में 15119 तथा पुलिस विभाग में कुल 1481 मामलों का निस्तारण किया गया

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**जनपद** एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष हरीश त्रिपाठी की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर जिला जज द्वारा शुभारम्भ करते हुए समस्त बैंक के द्वारा लगाये गये स्टाल पर जाकर जायजा लिया गया। लोक अदालत में बैंक द्वारा कुल 860 मामलों में कुल 47256112/– रूपये की ऋण वसूली की गयी। इसी प्रकार न्यायालयों में कुल 2032 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल 285630/– रूपये का अर्थदण्ड एवं 5320000/– रूपये का प्रतिकर एवं 1224032/– रूपये का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। इसी प्रकार समस्त प्रशासनिक विभागों में 15119 एवं पुलिस विभाग में कुल 1481 मामलों का निस्तारण किया गया। न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरीश त्रिपाठी की कोर्ट में कुल 05 मामलों का निस्तारण करते हुए 500/– रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना अधिकरण श्री आषीश जैन की कोर्ट में कुल 15 मोटर दुर्घटना दावा मामले, 20 अन्य वादों का निस्तारण करते हुए कुल



लोक अदालत का उद्घाटन करते जनपद न्यायाधीश — पायनियर

5320000/–रूपये प्रतिकर दिलाया गया। पीठासीन अधिकारी परिवार न्यायालय राम नगीना यादव के कोर्ट में कुल 12 मामलों का निस्तारण सुलह–समझौते के आधार पर किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम/नोडल अधिकारी लोक अदालत अनिल कुमार वशिष्ठ की कोर्ट में कुल 23 मामलों का निस्तारण किया गया। पीठासीन अधिकारी अपर परिवार न्यायालय मिर्जा जीनत की न्यायालय में कुल 08 मामलों का निस्तारण सुलह–समझौते के आधार पर किया गया। स्पेशल जज एससी/एसटी दिनेश प्रताप सिंह की कोर्ट में कुल 17 मामलों का निस्तारण करते हुए 550 रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जिला जज फास्ट टैक्र द्वितीय काशिफ शेख की कोर्ट में कुल 04 मामले का निष्पादन किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्टेट महेन्द्र कुमार सिंह की कोर्ट में कुल 396 मामलों का निस्तारण करते हुए 76230/– रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया। सिविल जज सीनियर डिविजन हरिकेश कुमार की कोर्ट में 05 उत्तराधिकार मामलें का निस्तारण करते हुए 1224032/– रूपये का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया इसके अतिरिक्त 350 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल 43600/– रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। सिविल जज जू0डि0 प्रभात कुमार दुबे द्वारा कुल 171 मामलों का निस्तारण करते हुए 17480/– रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया। न्यायिक मजिस्टेट अजीत मिश्रा द्वारा कुल 449 मुकदमों का निस्तारण करते हुए 10230/– रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। सिविल जज जू0डि0 (एफ्टीसी द्वितीय) मो0 फराज हुसैन द्वारा 557 मामलों का निस्तारण करते हुए 137040/– रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत ए0के0 रवि की कोर्ट में कुल 01 मामलों का निस्तारण किया गया।

## बाढ़ आपदा प्रबंधन पखवाड़ा मनाया सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय में

**संवाददाता।** जालौन



**तहसीलदार** की अध्यक्षता में नगर में सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय व स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज बाढ़ आपदा प्रबंधन पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें बाढ़ के कारण और बचाव के उपायों पर चर्चा की गई। तहसीलदार बलराम गुप्ता ने कहा कि बाढ़ प्राकृतिक प्रकोपों में सबसे अधिक विश्वयापी है। अधिक वर्षा के कारण जब वर्षा जल अपने प्रवाह मार्ग (नदी, नाला) से न बहकर आस–पास के क्षेत्रों में फैल जाता है तो वह बाढ़ का रूप धारण कर लेता है। अनेक कारणों से बाढ़ क्षेत्रों में भी मानव रहने के लिए विवश है। बाढ़ विपदा से मनुष्य को जूझना ही पड़ता हैं और हानि को स्वीकार करना पड़ता है, क्योंकि यह एक प्राकृतिक संकट है। यह संकट मानवजन्य भी हैं। इससे निपटने के लिए त्वरित उपायों के लिये आपदा प्रबन्धन संस्था की स्थापना आवश्यक है। ताकि बचाव और राहत प्रभावित क्षेत्रों को समय से प्रदान किया जा सके। बाढ़ से निपटने के लिये पूर्व से ही तैयारी कर लेनी चाहिए। नदी, नालों द्वारा किए गए भूमि कटाव जैसे स्थायी नुकसान को रोकने के लिये तटबंधों का निर्माण कर लेना चाहिए। जहां नाले नालियां चोक हों उनकी सफाई कर लेनी चाहिए। क्योंकि चोक नालों से पानी का बहाव रूक जाता है और पानी आसपास के क्षेत्रों में फैल जाता है। अधिक से अधिक पौधों का रोपण करना चाहिए। क्योंकि वह भी पानी के बहाव को रोकते हैं। इन उपायों को अपनाकर काफी हद तक नुकसान को कम किया जा सकता है। इस मौकेपर नितिन मित्तल, राजकुमार, सदर लेखपाल वैभव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### एलएनटी के सिलौटा वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने एलएनटी के सिलौटा में चल रहे प्रोजेक्ट वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का औचक निरीक्षण कर फिल्टर हाउस, सीएलएफ, मीटर रुम, स्टाफक्वाटर, प्रशासनिक भवन, फिल्डर मीडिया, एमसीडब्ल्यूआर व डाउन स्ट्रीट देखे। शनिवार को उन्होंने कहा कि इंटेकवेल, पाइलिंग, सिंकिंग, सिविल वर्क को समाप्त करने में कितना समय लगेगा। पावर कनेक्शन लेकर रेडी रखें। दोनों शिफ्ट में कार्य करायें। तीन नवम्बर तक बराछी, मुस्तकील, सिलौटा, मऊ में पानी पहुंच जाना चाहिए। चारों गांवों में पाइप कनेक्शन हुए या नहीं, काम बहुत धीमा है। मैनपावर बढाकर दिन-रात कार्य करें। कार्य समय से न होने पर जुर्माना लगाया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि औपचारिकता न करें। हर पावर प्वाइंट पर विचार करें। जहां पीछे हैं, वहां मैनपावर बढायें। जूनियर इंजीनियर, सहायक इंजीनियर साथ में रहकर कार्य को आगे बढायें। सुपरविजन भी करते रहें। सरकार की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य होना चाहिए। इस मौके पर एडीएम नमामिगंगे सुनन्दू सुधाकरण, जल निगम एक्सईएन सुमित कुमार, एलएनटी प्रोजेक्ट मैनेजर जितेन्द्र तिवारी, अवर अभिषंता आशीष भारती व महावीर आदि मौजूद रहे।

### सड़ी-गली मिठाई बेंचने से श्रद्धालुओं से विवाद

**चित्रकूट।** सीतापुर पुलिस चौकी के खोही जलेबी वाली गली में सडी-गली व बदूदार मिठाई बेंचने को लेकर तीर्थयात्रियों व दुकानदार से विवाद हो गया। तीखी नोंकझोंक के बीच तीर्थयात्रियों ने आरोप लगाया कि दुकानदार ने सडी-गली मिठाई दी है। विरोध पर परिजनों के साथ अभद्रता कर गाली-गलौज की है। आरोप लगाया कि खाद्य विभाग से मिलीभगत कर दुकानदार दूषित खाद्य सामग्री बेंचकर सेहत से खिलवाड कर रहे हैं। शनिवार को जिला मुख्यालय के परिक्रमा मार्ग समेत कस्बों में भी दुकानदार मिलावटी मिठाईयां बेंचने का कारोबार कर रहे हैं। खुले में रखकर मिठाइयां बेंचने से बीमारी फैलने की सम्भावना बनी रहती है। झांसी के श्रद्धालु राजेश पटेल व राजन पटेल ने बताया कि वह अपने प्रयागराज के रिश्तेदार सुरेश व संगम के साथ परिक्रमा कर रहे थे। जलेबी वाली गली खोही में मिठाई की दुकान से मिठाई लेने पर उसमें कुछ बदू होने का विरोध जताया तो दुकानदार भडक गया। तीर्थयात्रियों ने खुले में रखी मिठाई पर मक्खियां भिनभिनानें व बदूदार होने की शिकायत की। खाद्य अभिहीत एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी सीआर प्रजापति ने कहा कि मामले की जानकारी की जा रही है।

### प्रधान की शिकायत का डीएम ने कराया तत्काल निदान

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने थाना मारकुण्डी में थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवस तथा अन्य जो जनसुनवाई के दौरान समस्यायें मिलती हैं, उनका निस्तारण शासन की मंशानुसार कराया जाये, क्योंकि शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण बाबत समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करायें। भूमि सबंधी मामले पुलिस व राजस्व टीम मौके पर जाकर निस्तारित करायें। तहसीलदार को निर्देश दिये कि चकबन्दी की शिकायतों का मौके पर निस्तारण करायें। प्रधान मनोज द्विवेदी ने जिलाधिकारी को बताया कि अमचुरनेरुआ में अन्ना गौवंश से किसानों को बहुत क्षति हो रही है। जिलाधिकारी ने तत्काल फोन से बीडीओ मानिकपुर को निर्देश दिये कि तत्काल समस्या का समाधान करायें। इस मौके पर तहसीलदार विवेक कुमार, थानाध्यक्ष मारकुण्डी, अनिल कुमार, राजस्व निरीक्षक चन्द्रभूषण पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### आज लगेगा सीआईसी में मेदांता की टीम का शिविर

**चित्रकूट।** भारत कल्याण मंच के हृदय रोग एवं दंत परीक्षण शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद 13 नवंबर को सवेरे नौ बजे चित्रकूट इंटर कॉलेज में करेंगे। शिविर संयोजक योगेश जैन ने बताया कि इस शिविर में मेदांता की टीम के साथ कार्डियोलॉजी स्पेशलिस्ट समेत पूरी टीम मौजूद रहेगी। पिछड़े जिले में मेदांता गुडगांव के नामी डाक्टरों का आना मरीजों के लिए काफी लाभप्रद रहेगा। शनिवार को संयोजक योगेश जैन ने बताया कि एक पखवारे से चल रहे विशाल निःशुल्क एवं दंत परीक्षण शिविर के पंजीयन पूर्ण हो चुके हैं। 13 को केवल गंभीर रूप से पीड़ित तथा बाहर से आए लोगों का यदि संभव हो सका तो परीक्षण कराने का प्रयास व जिनके पंजीयन हो चुके हैं।

### तीस फीसद डायबिटीज के रोगी खुद कर रहे उपचार

**कानपुर।** आईसीएमआर द्वारा कुछ महीने पहले जारी किए गए नए दिशानिर्देशों के अनुसारए पिछले तीन दशकों में भारत में मधुमेह के मामलों में 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कई बीमारियों के प्रबंधन में स्वयं का उपचार देश में एक प्रमुख चिंता बनी हुई है और मधुमेह उनमें से एक है। रीजेंसी हेल्थए कानपुर के डॉक्टरों के अनुसारए देश में 30ः मधुमेह रोगी घर में ही सवयं का उपचार करके खुद को नुकसान पहुंचा रहे हैं और जब बीमारी बढ़ जाती है और नुकसान होता है तब जाकर डॉक्टर से परामर्श लेते हैं। भारत में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी वयस्क मधुमेह आबादी शामिल है। बेरोजगारी, वित्तीय संकटए डॉक्टरों का अविश्वास और बढ़ते चिकित्सा खर्च कुछ ऐसे कारण हैं जिनकी वजह से लोग अपने मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए स्व.दवा का सहारा लेते हैंए लेकिन इससे खतरनाक परिणाम सामने आ सकते हैं। डॉ मनीष श्रीवास्तव, एमडीए डीएमए कंसल्टेंट एंडोक्रिनोलॉजी रीजेंसी हेल्थ कानपुर ने कहा भारत में डॉक्टर के पर्चे के बिना मिलने वाली दवाएं लेना आम बात है और इसे चिकित्सा समस्या से निपटने का एक सस्ता और त्वरित तरीका माना जाता है। हालांकि, लोगों को स्व.दवा से जुड़े परिणामों के बारे में पता नहीं है और समस्या बढ़ने पर ही डॉक्टर से सलाह लेते है। हमारे ओपीडी में मासिक रूप से 30से 50 ऐसे मरीज आते हैं जो मधुमेह के रोगी हैंए लेकिन अपनी बीमारी को अनदेखा कर रहे हैं और स्व.दवा के माध्यम से इसे प्रबंधित करने की कोशिश कर रहे हैं।

### प्रगति में लीडरशिप की भूमिका महत्वपूर्ण

**लखनऊ।** हाल ही में ऑक्सफोर्ड इकॉनॉमिक्स और एसएपी् द्वारा किए गए अध्ययन में सामने आया है कि आज भारतीय व्यवसाय व्यवसायिक मूल्य बढ़ाने के लिए सततता की क्षमता को पहचान रहे हैंए, 62 प्रतिशत कंपनियाँ इस बात को समझ रही हैं कि सस्टेनेबिलिटी बनाए रखते हुए लाभ अर्जित करना मुश्किल नहीं है। इस अध्ययन में यह भी खुलासा हुआ कि सततता का महत्व समझा जा रहा हैए लेकिन सततता के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। इस अध्ययन में यह भी सामने आया कि केवल 17 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अपने संगठन में कार्बन के इनपुट की गणना की। इसके अलावा जिन संगठनों ने सस्टेनेबिलिटी की स्ट्रेट्जी पर काम कियाए उनमें से केवल 7 प्रतिशत को इसका बड़ा फायदा मिल सका। कुलमीत बवा प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर एसएपी इंडियन सबकॉन्टिनेंट ने कहा, यह एक सकारात्मक संकेत है कि भारतीय संगठन यकीन करते हैं कि पर्यावरण की रक्षा करते हुए लाभ अर्जित करना संभव है।

## भाजपा सरकार में किसानों की दोगुनी हुई आयः बालमुकुंद शुक्ला



**चित्रकूट।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में सांसद आरके सिंह पटेल व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने भाजपा के इतिहास व विकास पर रोशनी डाली। शनिवार को जिला पंचायत सभागार में भाजपा किसान मोर्चा के सम्पन्न हुए जिला प्रशिक्षण वर्ग में बतौर मुख्य वक्ता कमलाकान्त उपाध्याय ने हमारा विचार परिवार पर रोशनी डाली। अध्यक्षता करते हुए भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह व निर्मलेन्द्र पाण्डेय ने चार सत्रों में प्रशिक्षण वर्ग की बाबत जानकारी दी। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने संगठन संरचना में हमारी भूमिका कार्य पद्धति के बारे में बताया। जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र मोहन शुक्ला ने अन्तिम सत्र की अध्यक्षता करते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर रोशनी डाली। किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुन्द शुक्ला ने विस्तार से योजनाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण वर्ग में रोहित द्विवेदी, चन्द्रदत्त त्रिपाठी, द्रोणाचार्य द्विवेदी, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, श्रवण पटेल, आभेष मिश्रा, प्रमोद जायसवाल, सुधीर मिश्रा, तिलक द्विवेदी, विजय बहादुर सिंह, रामबाबू सिंह, अनूप त्रिपाठी, सुधीर शुक्ला, सोनेन्द्र मिश्रा, बालेन्द्र प्रताप सिंह व जिला कार्य समिति के सदस्य तथा मंडल अध्यक्ष व महामंत्री एवं किसान मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### परीक्षा आज

**संतकबीरनगर।** सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 13, नवम्बर को प्रातः 10 बजे से 1 बजे (विकलांग अभ्यर्थियों के प्रति प्रातः 10 बजे से 2 बजे) तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों क्रमशः राजकीय कन्या इ0का0 खलीलाबाद एवं हीरालाल राम निवास इ0का0 खलीलाबाद में सम्पन्न होगी।

## जिलस्तरीय बेसिक खेलकूद में खलीलाबाद ब्लाक बना चैंपियन

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**कांशीराम** स्पोर्ट्स स्टेडियम खलीलाबाद मे चल रहे दो दिवसीय जनपद स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने पर खलीलाबाद ब्लाक को चैम्पियन घोषित किया गया। बघौली ब्लाक को दूसरे तथा पौली ब्लाक को अच्छे अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया है। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी बेलहर ज्ञानचंद मिश्र ने विजेताओं को शिल्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। समापन के मौके पर बच्चों द्वारा पीटी सहित विभिन्न प्रकार के प्रदर्शन किए गए। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं की रूचि बढ़ाने के साथ ही उन्हें और अधिक प्रतिभावान बनाता है। प्रतियोगिता से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस



टीम के साथ मुख्य अतिथि। — पायनियर

तरह की प्रतियोगिता कार्यकुशल मानसिक विकास के साथ शरीरिक विकास को अग्रसारित करता है। प्रतियोगिता का संचालन जिला व्यायाम शिक्षक इन्द्रेश पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर बीईओं ध्रुव प्रसाद जायसवाल, आशीष सिंह, वंशीधर सिंह, अर्जुन प्रसाद, अनुदेशक संघ के प्रदेश सचिव अनूप राय, जिलाध्यक्ष ओम नारायण शुक्ल, राकेश कुमार इन्दू यादव, रेनू अग्रहरी, कन्हैया लाल जौनपुरिया सहित आदि शिक्षक/श्ज्ञिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### पैथोलॉजी पर काम करने के रुपये मांगने पर युवक के साथ मारपीट

**जालौन।** पैथोलॉजी पर काम करने के रुपये बकाया मांगने पर साथी कर्मचारी युवक को अपने साथ घर से ले गए और गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी संदीप राठौर ने पुलिस को बताया कि वह माधौगढ़ में एक पैथोलॉजी सेंटर पर काम करता है। जिसका वेतन बकाया है। वह कई बार पैथोलॉजी संचालक से वेतन मांग चुका था। उनके न देने पर उसने पैथोलॉजी पर जाना बंद कर दिया था। पीड़ित का आरोप है कि शनिवार की सुबह उसके घर पैथोलॉजी पर साथ में काम करने वाले राजू उर्फ जाकिर, हबीब निवासीगण बजरिया उरई और पप्पू उर्फ शमशाद निवासी मौदहा हमीरपुर आए और कहा कि उसका बकाया पेमेंट होना है इसलिए वह उसके साथ माधौगढ़ चलें।

## नई पीढ़ी में सनातन संस्कार जागृत करने में जुटी विहिप : रामशरण

**संवाददाता।** चित्रकूट

**विश्व** हिंदू परिषद के अभियान प्रमुख एवं जिलामंत्री रामशरण तिवारी ने बताया परिषद द्वारा शनिवार से लाइन बाबा सरकार धाम में कैंप की शुरूआत की गई है।इस मैके पर पूज्य महराज जी और भक्तगण हित चिंतक बने।

उन्होने बताया कि यह अभियान 6 नवंबर से 20 नवंबर तक चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत समाज के समस्त वर्ग के लोगों को विश्व हिंदू परिषद से जोड़ने का काम कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। इस अभियान में विशेष वर्ग के लोगों को जोड़ने के लिए एक विशेष टोली का निर्माण भी किया जाएगा, जो समाज के प्रत्येक हिंदू धर्म के लोगों को जोड़ने का कार्य करेंगे।बताया कि इसमें वकील, साइंटिस्ट, पूर्वजों, डॉक्टरों, अध्यापकों, इंजीनियरों, चार्टर्ड अकाउंटेंट आदि प्रतिभाओं को




संगठन से जोडते विहिप के पदाधिकारी — पायनियर

जोड़ा जाएगा। बताया कि चित्रकूट जिले में विश्व हिंदू परिषद की टोलियां प्रत्येक प्रखंड में प्रत्येक गांव–गांव और घर– घर जाकर परिवार के सदस्यों को विश्व हिंदू परिषद से जोड़ने का काम करेंगे। साथ ही हिंदू समाज को संगठित करने का काम किया जाएगा। सेवा कार्यों से अधिकाधिक वंचित समाज को जोड़ना, नई पीढ़ी में सनातन संस्कार का संचार करना कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य है। विश्व हिंदू परिषद मतदान तरण एवं लव जिहाद को रोकने के लिए किस प्रकार से सजग है, यह जानकारी भी इस अभियान मे दी जाएगी। इस मौके पर कोषाध्यक्ष जमुना प्रसाद,,जिला संयोजक अजय यादव,जिला प्रमुख मूलचंद्र ,प्रखंड अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव,संयोजक ओमप्रकाश आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कालपी में संविदा कर्मियों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**संवाददाता।** कालपी (जालौन)

**शनिवार** को उपखंड कार्यालय के बाहर लाइनमैन को हटाने व धर्मपुर में हुए झगड़े में कोई कार्रवाई ना होने से आहत होकर संविदा कर्मियों ने सामूहिक रूप से उपखंड अधिकारी को इस्तीफा सौंप दिया। सामूहिक इस्तीफे से विभाग में हड़कम्प मच गया।

शनिवार को उपखंड कार्यालय के बाहर अमित कुमार मिश्रा, राजेश, प्रमोद कुमार, संजय कुमार, अंशु, प्रदीप, शिशुपाल सिंह, विक्रम, कोमल सिंह, मिस्टर, दिलीप, विमल कुमार आदि ने सामूहिक रूप से उपखंड अधिकारी सामूहिक रूप से इस्तीफा सौंपते हुए बताया कि 33/11 केवीए बिजलीघर महेवा में तैनात लाइनमैन संजय को बगैर किसी वजह के कार्य से हटाने व 15 दिन पूर्व ग्राम धरमपुर में हुए झगड़े में कोई भी ठोस कार्यवाही ना होने के कारण हम सभी 33/11 उपसंस्थान महेवा में तैनात सभी संविदाकर्मी लाइनमैनों ने अपना त्याग पत्र सौप दिया। उन्होंने बताया कि जबसे जेई अमन खान ने बिजली घर महेवा का पदभार सम्भाला है, तभी से वह हम सभी लाइनमैनों का मानसिक शोषण कर रहे हैं। उनके ऐसे रवैये से तंग आकर हम सभी अपना त्याग पत्र सौप रहे हैं।

### एक्सईएन ने स्वयं आकर समझाबुझाकर कराया मामला शांत

**एक्सईएन** महेंद्र नाथ भारती ने उरई से आकर संविदाकर्मियों की बात सुनी व जेई अमन खान का भी पक्ष सुना। फिलहाल एक्सईएन ने दोनों पक्षों को सुनकर समझा बुझाकर संतुष्ट करते हुए मामला शांत कराया, जिसके बाद लाइनमैन पुनः अपने कार्य पर वापस लौटे।

### चकरोड में कब्जा कर लिया

**कुरारा ( हमीरपुर )।** थाना क्षेत्र के ककरोऊँ ग्राम पंचायत के ग्रामीणोंने चकरोड में अवैध कब्जा करने से खेतों में आने जाने वाले लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने थाना पुलिस से की है। क्षेत्र के ककरोऊँ गांव निवासी ग्रामीणों ने आदित्य कुमार, रामरतन, बबलू, स्वामीदीन, शिवनारायन , शिवकुमार ने थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव निवासी नत्थु पुत्र देवी दीन चकरोड में अवैध कब्जा करके जानवर बांध रहा है। तथा रास्ते में बबूल का पेड़ खड़ा किये हैं। जिससे खेत में आने जाने का रास्ता बंद हो गया है। तथा रामबाबू पुत्र बलराम चकरोड की जमीन पर लेट्रिन टैंक बना रहा है। ग्रामीणों ने थाने में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। कुरारा, थाना क्षेत्र के बेरी गांव निवासी ग्रामीण ने गाली गलौज व मारपीट करने की तहरीर थाने में देकर कार्यवाही करने की मांग की है।क्षेत्र के बेरी गांव निवासी ग्रामीण ब्रजेश पुत्र रामसजीवन ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 11 नवम्बर को दोपहर में गांव के ही दिनेश पुत्र सुरमाली की दुकान में समोसा लेने गया था।

## बच्चों को खेल के साथ शिक्षा से जोड़ने का उद्देश्यः डा. अभय कुमार

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**आज** मुख्य विकास अधिकारी जालौन डा. अभय कुमार श्रीवास्तव द्वारा शासन के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए ईसीसीई (अर्ली चाइल्डहुड केयर एण्ड एजुकेशन) के अंतर्गत प्रिंटिंग मैंटेरियल–पुस्तकों के वितरण का शुभारंभ फीता काटकर विकास भवन,उरई में किया गया। जिसमें समस्त बाल विकास परियोजनाओं में कुल पचास आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ईसीसीई प्रिंटिंग मैटेरियल–सामग्री गतिविधि पुस्तिकाएं, वार्षिक गतिविधि कैलेंडर, पहल पुस्तकें एवं पोषण मैनुअल पुस्तक वितरित करते हुए उन्हें तीन से 06 वर्ष के बच्चों की आंगनबाड़ी केंद्रों पर शत–प्रतिशत उपस्थिति कराते हुए उनका सामाजिक व शैक्षिक ज्ञान में विकास तथा खेल खेल में स्कूल पूर्व शिक्षा तथा पोषण



मैंटेरियल-पुस्तकों के वितरण का शुभारंभ किया सीडीओ ने — पायनियर

की देखभाल करने हेतु निर्देशित किया गया। बच्चों के 1000 दिनों को महत्वपूर्ण बताया तथा कहा कि ईसीसीई सामग्री का सही तरीके से उपयोग कर आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थित बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा में दक्ष किया जाये। जिससे वह बच्चे 6 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद सीधे विद्यालय में कक्षा प्रथम में प्रवेश करें जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेखार अहमद द्वारा कार्यक्रम के दौरान कहा गया कि बच्चों को खेल–खेल के साथ शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य ईसीसीई सामग्री एवं प्री–स्कूल केंद्रों का वितरण कराया जा रहा है। जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा का विकास हो सके तथा सामाजिक और नैतिक ज्ञान में भी पूर्ण रूप से दक्ष हो जिसके फलस्वरूप जिससे देश की युवा पीढ़ी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सके तथा अपने भक्तों को वह देश का नाम उज्जवल करें, बाल विकास परियोजना अधिकारी उरई शहर श्रीमती विमलेश आर्या के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बनाई गयी रंगोली की सभी ने सराहना की। जनपद में 1446 आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए गतिविधि पुस्तिकाएं, वार्षिक गतिविधि कैलेंडर,पहल पुस्तिका एवं 1815 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए पोषण मैनुअल पुस्तक का वितरण किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान बाल विकास अधिकारी गीता वर्मा, कपिल शर्मा, गोमती देवी एवं मुख्य सेविका सरोज देवी, देवेंद्र कुमारी एवं कमलेश स्वर्णकार, आकांक्षा सक्सेना टीएसयू प्रतिनिधि सहित वरिष्ठ लिपिक रमाकान्त दोहरे व आदर्श तिवारी उपस्थित रहे।


### स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत बांटें गए स्मार्ट फोन

**कोंच ( जालौन )।** स्वामी विवेकानंद युवा शसक्तीकरण योजना के अंतर्गत दिन शनिवार को सूरज ज्ञान महाविद्यालय में बीए, बीएससी, बीएड, बीकॉम के छात्र–छात्राओ को स्मार्टफोन का वितरण माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन के मुख्यातिथ्य में किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. वीरेंद्र बोहरे ने की वहीं मंच पर प्रबन्धक अंकुर यादव,नामित सभासद सुनील शर्मा,पिरौना सहकारी समिति अध्यक्ष अरविंद निरंजन,के के सोनी की गरिमामयी उपस्थिति रही सर्वप्रथम मंचस्थ अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना एवम स्वागत गीत रिया,वंदना,सन्तोषी ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक मूलचंद निरंजन ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा युवाओं को शैक्षिक रूप से शशक्त एवम नई तकनीकियो से जोड़ने के लिए इस योजना का शुभारंभ किया गया है,आप सभी इस स्मार्टफोन का उपयोग अपनी शैक्षिक गतिविधियों में करे।

# टी-20 विश्व कप फाइनल जंग आज, टीमें तैयार

भाषा। मेलबर्न

## इतिहास पाकिस्तान के और फॉर्म इंग्लैंड के पक्ष में




**कप्तान बाबर** आजम की निगाहें रविवार को यहां टी20 विश्व कप फाइनल में फॉर्म में चल रही इंग्लैंड के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाकर पाकिस्तान क्रिकेट के हॉल ऑफ फेम में महान क्रिकेटर इमरान खान के साथ शामिल होने पर लगी होंगी। हालांकि 2009 की चैम्पियन का फाइनल तक का सफर किसी रोमांचक स्क्रिप्ट से कम नहीं रहा जिसमें वह टूर्नामेंट के पहले हफ्ते में बाहर होने के करीब पहुंच गए थे जिसमें चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और जिम्बाब्वे से मिली मनोबल गिराने वाली हार का अहम योगदान रहा। पर टूर्नामेंट के दूसरे हफ्ते में पाकिस्तान ने नाटकीय वापसी की और दक्षिण अफ्रीका पर जीत से उम्मीदें बढ़ा दीं। पाकिस्तानी प्रशंसकों की दुआओं ने असर दिखाआ जिससे फिर 1992 जैसा चमत्कार हुआ और नीदरलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को हराकर उलटफेर करते हुए बाहर दिया जिससे पाकिस्तानी टीम सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ में शामिल हो गई। क्रिकेट में आलोचक कहते हैं कि आप खेल में कुछ नहीं कह सकते। पाकिस्तान ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ बेहतरीन खेल दिखाया और साबित किया कि जब मुकाबला दबाव भरा हो तो वह किसी से कम नहीं ठहरती। अब प्रशंसकों की उम्मीदें बाबर की टीम से 1992 जैसा करिश्मा दोहराने पर लगी हैं। लेकिन इंग्लैंड की टीम का भी इसी आस्ट्रेलियाई सरजमीं पर इतिहास जुड़ा हुआ है। सात साल पहले यहीं पर इंग्लैंड का सफेद गेंद का क्रिकेट तार तार हुआ था जब बांग्लादेश ने उन्हें ग्रुप चरण में टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट (ईसीबी) की तमाम कोशिशों के बाद ही उनके सफेद गेंद के क्रिकेट में बदलाव शुरू हुआ जिससे टीम के खिलाड़ियों के जज्बे में बदलाव आया। भारत के खिलाफ गुरूवार को सेमीफाइनल में उनका यही निडर रवैया साफ देखने को मिला। इंग्लैंड के जोस बटलर, एलेक्स हेल्स, बेन स्टोक्स और मोईन अली जैसे धुरंधरों को पीछे छोड़ने के लिए शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद वसीम जूनियर और हैरिस रउफ़ को प्रेरणादाई जज्बे से अधिक बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड के टी20 क्रिकेट के इन अनुभवी खिलाड़ियों और टीम के अन्य सभी क्रिकेटरों में पाकिस्तान के 80,000 के करीब दर्शकों को चुप करने की काबिलियत है जैसा उन्होंने एडीलेड में 42,000 भारतीय दर्शकों को निराश कर किया था। क्या अफरीदी इस मैच में वसीम अकरम जैसी गेंदबाजी कर सकते हैं जब बटलर बल्लेबाजी कर रहे हों ? या फिर बाबर और रिजवान में बल्लेबाजी में वैसी ही गहराई दिखाने की काबिलियत है जो इमरान खान और जावेद मियांदाद ने 1992 फाइनल में दिखाई थी। बड़े मुकाबलों में हमेशा एक खिलाड़ी आकर्षण का केंद्र बनता है और स्टोक्स 2019 लार्ड्स के प्रदर्शन को दोहराकर फिर टीम की आंखों का तारा बनना चाहेंगे। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार फाइनल में रविवार और सोमवार को रिजर्व डे (सुरक्षित दिन) पर बारिश का साया मंडरा रहा है। सामान्य टी20 मैच में न्यूनतम पांच ओवर का मुकाबला कराया जा सकता है लेकिन विश्व कप में तकनीकी समिति ने प्रत्एक टीम के लिए न्यूनतम 10 ओवर का प्रावधान रखा है जिसमें अगर जरूरत पड़ी तो रिजर्व डे पर मैच जल्दी शुरू होगा। हार्दिक पंड्या ने भले ही क्रिस जोर्डन के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी की हो लेकिन वह टी20 के एक अच्छे गेंदबाज हैं और उन्हें पाकिस्तानी बल्लेबाजों के खिलाफ अपने बिग बैश लीग के अपार अनुभव का बेहतर तरीके से इस्तेमाल करना होगा। अगर दोनों टीमों की बल्लेबाजी इकाई को देखा जाए तो इंग्लैंड में हेल्स, बटलर, स्टोक्स, फिल सॉल्ट (डेविड मलान की जगह), हैरी ब्रुक, मोईन अली और लियाम लिविंगस्टोन शामिल हैं जो कागज पर पाकिस्तान के रिजवान, बाबर, शान मसूद, मोहम्मद हारिस और इफ्तिखार अहमद के खिलाफ काफी मजबूत दिखते हैं। लेकिन बड़े मैचों में हमेशा बड़े नाम ही मायने नहीं रखते बल्कि मानसिकता और जज्बा लक्ष्य तक पहुंचाने में अहम होता है।

**टीमें : इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), एलेक्स हेल्स, फिल सॉल्ट, हैरी ब्रुक, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, मोईन अली, बेन स्टोक्स, डेविड विली, क्रिस वोक्स, क्रिस जोर्डन, डेविड मलान, सैम कुरेन, मार्क वुड, टाइमल मिल्स।

**पाकिस्तान :** बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान, शान मसूद, इफ्तिखार अहमद, मोहम्मद हारिस, खुशदिल शाह, आसिफ अली, हैदर अली, मोहम्मद वसीम, नसीम शाह, हारिस रउफ़, शादाब अहमद, मोहम्मद नवाज, शाहीन शाह अफ्रीदी, मोहम्मद हसनैन।

मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 1.30 बजे शुरू होगा।

## अगर जीते तो यह जीत फीफा विश्व कप में इंग्लैंड फुटबॉल टीम को प्रेरित कर सकती है : बटलर

**मेलबर्न।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर का कहना है कि अगर उनकी टीम रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल मे जीत जाती है तो यह प्रदर्शन फीफा विश्व कप मे उनके देश की टीम को प्रेरित करेगा। बटलर ने कप्तान के तौर पर अपनी पहली वैश्विक प्रतियोगिता में टीम को खिताबी मुकाबले में पहुंचा दिया है। यह पूछने पर कि क्या देश की फुटबॉल टीम क्रिकेट टीम से प्रेरणा ले सकती है तो मृदुभाषी कप्तान ने कहा, बिलकुल, मुझे निश्चित रूप से ऐसी उम्मीद है। इंग्लैंड की संस्कृति मे खेल इतना अहम हिस्सा है और विश्व कप में टीमों को समर्थन देना इंग्लैंड मे काफी होता है। आप भी निश्चित रूप से इस समर्थन को महसूस कर सकते हो। इंग्लैंड फीफा विश्व कप मे ग्रुप बी में ईरान, वेल्स और अमेरिका के साथ शामिल है।

## अन्य टीमें भी आजमा सकती हैं, विभिन्न प्रारूपों की टीमों के लिए अलग कोच

**मेलबर्न।** भारतीय क्रिकेट मे विभिन्न प्रारूपों के लिए हमेशा एक ही कोच रहा है लेकिन इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर को लगता है कि उनके देश मे तीन विभिन्न टीमों के लिए एक कोच रखना व्यावहारिक रूप से असंभव है। आस्ट्रेलिया के मैथ्यू मोट इंग्लैंड के सफेद गेंद के मुख्य कोच है और इंग्लैंड को उनके साथ कुछ सफलता मिल रही है। इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कोच ब्रैंडन मैकुलम है। भारत में राहुल द्रविड़ मुख्य कोच है और ऐसा माना जाता है कि सफेद और लाल गेंद के क्रिकेट के लिए विभिन्न कोचों को रखने से संवाद में भ्रम पैदा होता है। विभिन्न कोच रखने की जरूरत के बारे मे पूछने पर बटलर अपने पक्ष के बारे मे काफी स्पष्ट थे। उन्होंने टी20 विश्व कप फाइनल से पहले कहा, हां, मै इसे निश्चित रूप से एक संभावना मानता हूं। मुझे लगता है कि इंग्लिश क्रिकेट का कार्यक्रम इस तरह का है कि एक ही पुरूष या महिला के लिए पूरा काम करना असंभव ही है। उन्होंने फिर दो कोच रखने की जरूरत के बारे में बताते हुए कहा, मुझे लगता है कि हम इतना क्रिकेट खेलते है और इतने समय यात्रा करते रहते है, मुझे लगता है कि एक कोच रखना वास्तव में असंभव है।

# बाबर ने कहा, नर्वस होने की बजाय उत्साहित हूं

भाषा। मेलबर्न



**पाकिस्तानी** कप्तान बाबर आजम अपने देश के महान क्रिकेटर इमरान खान की उपलब्धि की बराबरी करने से महज एक मैच दूर हैं और उनका कहना है कि वह इसके लिए नर्वस होने के बजाय काफी उत्साहित हैं। पाकिस्तान की टीम रविवार को एमसीजी पर टी20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगी। बाबर ने शनिवार को कहा, मैं नर्वस होने के बजाय उत्साहित ज्यादा हूं क्योंकि हमने अपने पिछले तीन मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। कप्तान ने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि दबाव होता है लेकिन इसे सिर्फ आत्मविश्वास और खुद पर भरोसे से ही दबाया जा सकता है और अच्छे नतीजे के लिए यह जरूरी है कि प्रत्एक को ऐसा करना चाहिए। उन्होंने यह स्वीकार करने में हिचकिचाहट नहीं दिखाई कि शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, मोहम्मद वसीम जूनियर और हारिस रउफ़ की चौकड़ी उनकी टीम की मजबूती है। इंग्लैंड की टीम काफी प्रतिस्पर्धी है, भारत के खिलाफ जीत से फाइनल में पहुंचना इसका सबूत है। हमारी रणनीति अपनी योजना पर अडिग रहना और अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण को अपनी मजबूती के तौर पर इस्तेमाल करके फाइनल जीतने की होगी। बाबर के लिए 1992 (इमरान की कप्तानी में 50 ओवर के विश्व कप की विजेता टीम) की उपलब्धि की बराबरी करना सम्मान की बात होगा। उन्होंने कहा, हां, मेरा मानना है कि हम भले ही अच्छी शुरूआत नहीं कर सके हों लेकिन हमने शानदार लय से वापसी की। पिछले तीन-चार मैचों में पाकिस्तानी टीम व्यक्तिगत और टीम के स्तर पर काफी अच्छा खेली है। हम इस उपलब्धि के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं। फाइनल में पहुंचना सपने के साकार होने जैसा लगता है। बाबर और उनके सलामी जोड़ीदार मोहम्मद रिजवान पहले छह ओवर में मिले मौकों का फायदा उठाना चाहेंगे। पावरप्ले में ज्यादा से ज्यादा विकेट हासिल करना मैच के लिए अहम होता है। यहां तक कि जब आप बल्लेबाजी करते हो तो आप आने वाले बल्लेबाजों के लिए अच्छी लय बनाना चाहते हो। हम इस लय को बनाए रखने कोशिश करेंगे ताकि बेहतर प्रदर्शन करें। जब वह ग्रुप के लीग मैचों में बड़ा स्कोर नहीं बना सके तो वह काफी दबाव में थे। निश्चित रूप से जब आप अच्छा स्कोर नहीं बना रहे होते हो तो आप पर काफी दबाव बन जाता है। लेकिन मैं मध्यक्रम की तारीफ करना चाहूंगा, उन्होंने जिम्मेदारी उठाई और वो हासिल किया।

### विजय हजारे ट्रॉफी: ग्रुप सी के चारों में बारिश से धुले

**बेंगलुरू** विजय हजारे ट्रॉफी एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप सी के मैच शनिवार को यहां बारिश के कारण पूरे नही हो पाए। पिछले साल के उपविजेता तमिलनाडु ने बिहार के खिलाफ जब 17.1 ओवर में दो विकेट पर 101 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा और आखिर में मैच को रद्द घोषित कर दिया गया। छत्तीसगढ़ ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 21 ओवर में चार विकेट पर 137 रन बनाए। अरुणाचल ने जब दो विकेट पर 35 रन बनाए थे तब बारिश आ गई जिसके कारण खेल आगे नही हो पाया। इसके अलावा आंध्र और गोवा तथा केरल और हरियाणा के मैच भी बारिश के कारण पूरे नही हो पाए।

### मनु गंडास को गोलकोंडा मास्टर्स का खिताब

**हैदराबाद।** मनु गंडास ने अंतिम क्षणो मे खराब प्रदर्शन करने के बावजूद शनिवार को यहां कुल 23 अंडर 257 का स्कोर बनाकर तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट मे अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। अंतिम होल मे दो बोगी करने के बावजूद मनु (63-60-65-69) दूसरे स्थान पर रहे युवराज सिंह संधू से दो स्ट्रोक आगे रहे। बेंगलुरु के सैयद साकिब अहमद (70) कुल 13 अंडर 267 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### विश्व कप में ब्राजील से कम फॉरवर्ड होंगे अर्जेंटीना टीम में

**ब्यूनर्स आयर्स।** अर्जेंटीना की टीम कतर मे विश्व कप के लिए नौ डिफेंडर, सात मिडफील्डर और सात फॉरवर्ड लेकर जाएगी। अर्जेंटीनी कोच लियोनल स्कालोनी की टीम का लक्ष्य अपनी कोपा अमेरिका सफलता हासिल करना है। स्कालोनी ने 26 खिलाड़ियो की टीम की घोषणा की जिसमे प्रतिद्वंद्वी ब्राजील की तुलना मे दो फॉरवर्ड कम है। अर्जेंटीना ने 2021 मे कोपा अमेरिका मे जीत दर्ज की थी जो 28 साल मे उसकी पहली मेजर ट्राफी थी।

### बंगाल वारियर्स की गुजरात जॉइंट्स पर बड़ी जीत

**पुणे।** बंगाल वारियर्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मे शनिवार को यहा प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए गुजरात जॉइंट्स को 46-27 से हराया। वारियर्स की तरफ से मनिंदर सिंह ने 12 और श्रीकांत जाधव ने 10 अंक बनाए। शुरू मे दोनो टीम ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी लेकिन वारियर्स ने जल्द ही बढ़त हासिल की।गुजरात ने हालांकि अच्छी वापसी की और मध्यांतर तक उसे मामूली बढ़त भी हासिल थी लेकिन वारियर्स ने इसके बाद शानदार खेल दिखाया तथा 29वे मिनट मे ऑल आउट करने से उसने 27-20 की बड़ी बढ़त हासिल कर ली थी।

### विद्याज्ञान ने जीती कोलोसियम ट्राफी

**लखनऊ।** पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज द्वारा आयोजित कोलोसियमइंटर स्कूल स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 के अंतिम दिन अधिकतम 228 पॉइंट पाकर विद्याज्ञान सीतापुर ने कोलोसियम ट्राफ ी अपने नाम कीए 166 पॉइंट पाकर लखनऊ पब्लिक कॉलेजए गोमती नगर रनर तथा 110 पॉइंट पाकर लखनऊ पब्लिक कॉलेजए सहारा स्टेट्स ब्रांच सेकंड रनर रही। मुख्य अतिथि रत्न संजय आईपीएस पुलिस महानिरीक्षक सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, लखनऊ एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़इंडिया में तैनात खेलो इंडिया उ प्र के प्रभारी गुरुजीत सिंह टिवाना, महाप्रबंधक डॉ. एसपी सिंह, पूर्व एम एल सी कान्ति सिंह ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

# एक हार से भारत का आकलन न करें



भाषा। नई दिल्ली

**महान** बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने शनिवार को कहा कि इंग्लैंड के हाथों टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत की शर्मनाक हार से वह काफी निराश हैं लेकिन उन्होंने आलोचकों से टीम का आकलन एक हार के आधार पर नहीं करने का आग्रह किया। इंग्लैंड ने सेमीफाइनल में भारत को दस विकेट से हराया। तेंदुलकर ने मीडिया संगठनों को भेजे वीडियो में कहा , मुझे पता है कि इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हार निराशाजनक थी। मेरा भी यही मानना है। हम भारतीय क्रिकेट के शुभचिंतक हैं। लेकिन अपनी टीम का आकलन इस प्रदर्शन के आधार पर नहीं करें। हम दुनिया की नंबर एक टी20 टीम भी रहे हैं। नंबर वन पर रातोंरात नहीं पहुंचा जाता। इसके लिए लंबे समय तक अच्छी क्रिकेट खेलनी होती है जो इस टीम ने खेली है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारतीय टीम को अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाने में इतिहास की सबसे खराब सीमित ओवरों की टीम बताया क्योंकि भारत ने 2013 चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से कोई आईसीसी खिताब नहीं जीता है।

### न्यूजीलैंड में भारत के क्षेत्ररक्षण कोच होंगे मुनीष बाली

**नई दिल्ली।** मुनीष बाली को न्यूजीलैंड के सीमित ओवर दौरे पर भारतीय टीम का क्षेत्ररक्षण कोच नियुक्त किया गया और वह वीवीएस लक्ष्मण की अध्यक्षता वाले सहयोगी स्टाफ का हिस्सा होंगे। राहुल द्रविड़ की अगुआई वाले सहयोगी स्टाफ को टी20 विश्व कप के बाद ब्रेक दिया गया है जिससे लक्ष्मण 18 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाले इस दौरे पर मुख्य कोच होंगे। भारत इस दौरे पर तीन टी20 और इतने ही वनडे खेलेगा। न्यूजीलैड मे बाली, ऋषिकेश कानिटकर (बल्लेबाजी कोच) और साईराज बहुतुले (गेंदबाजी कोच) सहयोगी स्टाफ का हिस्सा होंगे। बाली आयरलैंड में भारतीय टीम का हिस्सा थे। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के अलावा इस साल के शुरू मे कुछ समय के लिए इंग्लैड में भी टीम के साथ थे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, ए तीनो न्यूजीलैड मे लक्ष्मण के सहायक होंगे।

### बटलर की नजर में सूर्य कुमार यादव हैं प्लेयर आफ द टूर्नामेंट

**मेलबर्न।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भारत के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को उनकी नजर में टी20 विश्व कप का प्लेयर आफ द टूर्नामेंट बताया। सूर्य ने 189 . 68 की स्ट्राइक रेट से टूर्नामेंट में 239 रन बनाए और वह सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर है। आईसीसी ने नौ खिलाड़ियों को चुना है जिनमें से किसी एक को यह पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें इंग्लैंड के तीन, भारत और पाकिस्तान के दो दो और श्रीलंका तथा जिम्बाब्वे का एक एक खिलाड़ी है। बटलर ने पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल से पहले कहा , मुझे लगता है कि सूर्यकुमार यादव ने बेखौफ खेल दिखाया। इतने सितारों से भरी टीम का उसका ऐसा प्रदर्शन शानदार रहा। इस सूची में विराट कोहली का भी नाम है जिन्होंने छह मैचों में 136 . 40 की स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक 296 रन बनाए। बटलर ने अपनी टीम के सैम कुरेन और एलेक्स हेल्स को भी पुरस्कार का प्रबल दावेदार बताया। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा , मुझे लगता है कि शादाब खान को पुरस्कार मिलना चाहिए। उसकी गेंदबाजी शानदार रही और बल्लेबाजी में भी सुधार आया है। उसने तीन मैचों में शानदार प्रदर्शन किया और उसकी फील्डिंग भी गजब की थी।

# बार्कले को आईसीसी चेयरमैन का दूसरा कार्यकाल

● वित्त-वाणिज्यिक मामलों की समिति प्रमुख होंगे जय शाह

भाषा। मेलबर्न





**न्यूजीलैंड के** ग्रेग बार्कले को शनिवार को सर्वसम्मति से दूसरे कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का चेयरमैन चुना गया। बोर्ड बैठक में बार्कले के अलावा बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) सचिव जय शाह को आईसीसी की ताकतवार वित्त एवं वाणिज्यिक मामलों की समिति का प्रमुख चुना गया। बार्कले का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। जिम्बाब्वे के तावेंग्वा मुकुहलानी के नाम वापस लेने के बाद बार्कले को निर्विरोध चुना गया। आईसीसी बोर्ड ने बार्कले के पूर्ण समर्थन की पुष्टि की। बार्कले ने फिर से अपनी नियुक्ति पर कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का फिर से चेयरमैन चुना जाना सम्मान की बात है और मैं अपने साथी आईसीसी निदेशकों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा। बार्कले को नवंबर 2020 में आईसीसी चेयमरैन बनाया गया था। वह इससे पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट के चेमरमैन और 2015 में आईसीसी पुरूष क्रिकेट विश्व कप के निदेशक थे। उन्हें निर्विरोध चुना गया जिसका मतलब है कि 17 सदस्ईय बोर्ड में उन्हें बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) का भी समर्थन प्राप्त था। शाह को आईसीसी की सबसे महत्वपूर्ण समिति की अध्यक्षता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह समिति सभी बड़े वित्तीय नीतिगत फैसले करती है जिसके बाद आईसीसी बोर्ड इन्हें मंजूरी देता है। आईसीसी सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, प्रत्एक सदस्य ने जय शाह को वित्त एवं वाणिज्यिक मामलों की समिति के प्रमुख के तौर पर स्वीकार कर लिया। आईसीसी चेयरमैन के अलावा यह समान रूप से ताकतवर उप समिति है। वित्त एवं वाणिज्यिक मामलों की समिति का प्रमुख हमेशा आईसीसी बोर्ड सदस्य होता है और शाह का चुना जाना स्पष्ट करता है कि वह आईसीसी बोर्ड में बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस समिति के काम में सदस्य देशों के बीच राजस्व साझा करना शामिल है। इस समिति के प्रमुख का पद एन श्रीनिवासन के दौर में भारत का हुआ करता था लेकिन शंशाक मनोहर के आईसीसी चेयरमैन के कार्यकाल में बीसीसीआई की ताकत काफी कम हो गई थी। बल्कि प्रशासकों की समिति के कार्यकाल में ऐसा भी समय आया था जब बीसीसीआई का वित्त एवं वाणिज्यिक मामलों की समिति में कोई भी प्रतिनिधित्व नहीं था। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली पिछले साल तक इस समिति के सदस्य थे। आईसीसी सूत्र ने कहा, भारत वैश्विक क्रिकेट का व्यावसायिक केंद्र है और 70 प्रतिशत से ज्यादा प्रायोजन इस क्षेत्र से आते हैं। इसलिए जरूरी है कि आईसीसी की वित्त एवं वाणिज्यिक मामलों की समिति की अध्यक्षता हमेशा बीसीसीआई द्वारा ही की जानी चाहिए। बीसीसीआई अध्यक्ष पद पर अपना कार्यकाल पिछले महीने खत्म करने वाले पूर्व भारतीय कप्तान गांगुली आईसीसी की क्रिकेट समिति के प्रमुख बने रहेंगे।

### अगले तीन वर्षों में भारत में महिला क्रिकेट सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचेगा: गांगुली

**अबुधाबी।** बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली का कहना है कि भारत मे महिला क्रिकेट अगले तीन वर्षो मे सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच जाएगा क्योंकि महिला टीम ने पिछले कुछ वर्षो मे काफी बेहतरीन खेल दिखाया है। शुक्रवार को अबुधाबी मे भारतीय रियल्टी की शीर्ष संस्था क्रेडाई की तीन दिवसीय सालाना कांफ्रेंस नैटकॉन 2022 मे पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि महिला टीम ने पिछले कुछ वर्षो मे काफी अच्छा खेल दिखाया है। महिला क्रिकेट शिखर पर है। अगले तीन वर्षो मे यह अलग स्तर पर पहुंच जाएगा। हमने पिछले तीन वर्षो मे ऐसा किया है। राष्ट्रमंडल खेलो मे जिस तरह से उन्होंने प्रदर्शन किया, मै इसे देखकर हैरान रह गया। महिला टीम ने हाल मे एशिया कप जीता। उन्होंने इंग्लैंड को उसकी सरजमीं पर 3-0 से हराया और ऐसा करना आसान काम नही है। अगले तीन वर्षो मे भारतीय महिला क्रिकेट सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच जाएगा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश मे एशिया कप मे श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर जीत दर्ज की। महिला टीम ने साल के शुरू मे बर्मिंघम मे राष्ट्रमंडल खेलो मे क्रिकेट स्पर्धा मे देश का पहला रजत पदक जीता। पछले महीने बीसीसीआई ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए अपने केंद्रीय अनुबंधित महिला और पुरुष खिलाड़ियो को बराबर मैच फीस देने की घोषणा की थी।

### रोहित रायुडू और तिलक वर्मा के शतक, हैदराबाद ने हिमाचल को हराया

भाष। नई दिल्ली

रोहित और तिलक के शतकों की मदद से हैदराबाद में विजय हजारे ट्रॉफी एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के मैच में शनिवार को यहां हिमाचल को वीजेडी विधि से 17 रन से हराया। सलामी बल्लेबाज रायुडू ने 156 जबकि वर्मा ने नाबाद 132 रन बनाए जिससे हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद तीन विकेट पर 360 रन का बड़ा स्कोर बनाया। खराब रोशनी के कारण हिमाचल के सामने 48 ओवर में 353 रन का लक्ष्य रखा गया।

# दिल्ली की विदर्भ पर जीत में चमके इशांत व धवन

भाषा। कोलकाता



**अनुभवी इशांत** शर्मा और शिखर धवन के अहम योगदान से दिल्ली ने शनिवार को यहां विजय हजारे ट्राफी के शुरूआती मैच में विदर्भ पर पांच विकेट से जीत दर्ज की। इशांत ने 24 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे दिल्ली ने ग्रुप बी के मैच में टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद विदर्भ को 207 रन पर समेट दिया जिसके लिए गणेश सतीश 74 गेंद में 45 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। दिल्ली ने यह लक्ष्य 44.5 ओवर में ही हासिल कर लिया जिसमें धवन ने 64 गेंद में 47 रन बनाए। ललित यादव 73 गेंद में 56 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए केवल वनडे में खेलने वाले धवन इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड में तीन मैचों में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करेंगे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए यश धुल ने 27 गेंद में 37 रन बनाए। ग्रुप बी के अन्य मैचों में कर्नाटक और झारखंड ने भी जीत दर्ज की।

### कोटियान के चार विकेट से मुंबई की बंगाल पर जीत

**रांची।** आफ स्पिनर तनुष कोटियान के 31 रन देकर चार विकेट की मदद से मुंबई ने विजय हजारे ट्रॉफी एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ई के मैच मे बंगाल पर शनिवार को आठ विकेट से जीत दर्ज की। सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी मे मुंबई की पहली खिताबी जीत के सूत्रधारों मे शामिल कोटियान के कैरियर का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। तुषार देशपांडे ने दो और मोहित अवस्थी ने एक विकेट लिया जबकि शम्स मुलानी को दो विकेट मिले। मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया और बंगाल को 31 . 3 ओवर मे 121 रन पर आउट कर दिया। बंगाल के लिए मनोज तिवारी ने 64 गेंद मे 47 रन बनाए लेकिन दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। जवाब मे मुंबई के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 72 गेंद मे छह चौको और दो छक्को की मदद से नाबाद 59 रन बनाए।

### रणजी चैंपियन मध्य प्रदेश को हराया

**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर ने विजय हजारे ट्रॉफी एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप डी के बड़े स्कोर वाले मैच मे शनिवार को यहां मौजूदा रणजी चैंपियन मध्यप्रदेश को दो विकेट से हराकर यादगार जीत दर्ज की। मध्यप्रदेश ने सलामी बल्लेबाज यश दुबे के 121 रन और उनके जोड़ीदार अभिषेक भंडारी की 74 रन की पारी की मदद से पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 342 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

### खेलो इंडिया जूनियर महिला तैराकी का आगाज



**लखनऊ।** खेलो इंडिया जूनियर महिला तैराकी सीरीज जोन-1 में भव्य सचदेवा,शिवानी सहगल ,दीपा यादव शुभांगी ढाकरे ,प्रिया कुमारी अपने-अपने वर्गो में सफलता हासिल की। इससे पहले प्रमुख सचिव खेल नवनीत सहगल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। सानिया जुत्शी,सुहानी अहलावत0, इदरीस दहिया ,लक्षिता सिंह ,भाग्यवर्धन वर्मा ,मंजरी जायसवाल ,मिस हिताक्षी,कशिश रावत,शिवी सिंह ,कृतिका गवली,सुहानी अहलावत , शैला शैला,जोया अग्रवाल, रानी निषाद, काव्यय ने भी मुकाबलों में जलवा बिखेरा।

### मेहुली, तिलोत्तोमा को एशियाई एयरगन चैंपियनशिप में स्वर्ण

**नई दिल्ली।** मेहुली घोष और तिलोत्तोमा सेन ने कोरिया के दीगू मे चल रही 15वी एशियाई एयरगन चैंपियनशिप में शनिवार को स्वर्ण पदक जीते। मेहुली ने फाइनल मे कोरिया की चो उनयुंग को 16-12 से हराकर महिलाओ की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा मे स्वर्ण पदक जीता। कजाकिस्तान की ले एलेक्जेंड्रा ने कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओ की 10 मीटर एयर राइफल मे भारत ने स्वर्ण और रजत पदक जीते। तिलोत्तमा ने फाइनल मे हमवतन नैन्सी को 17-12 से हराकर सोने का तमगा जीता, जबकि जापान की नोबता मिसाकी ने कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय निशानेबाजो ने इस टूर्नामेंट मे अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की थी तथा शुक्रवार को पहले दिन एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया था।

# चोटिल होने से शिव थापा को रजत पदक

● एशियाई चैंपियनशिप

भाषा। नई दिल्ली



**भारत के** शिव थापा (63.5 किग्रा) के अभियान का जॉर्डन के अम्मान में चल रही एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शनिवार को निराशाजनक अंत हुआ और चोटिल होने के कारण उन्हें फाइनल में आधे मुकाबले से हटना पड़ा। थापा को इस तरह से रजत पदक से संतोष करना पड़ा जो उनका एशियाई चैंपियनशिप में कुल मिलाकर छठा पदक है। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल पुरुष खिलाड़ी 28 वर्षीय थापा लाइट वेल्टरवेट वर्ग के स्वर्ण पदक के मुकाबले में उज्बेकिस्तान के अब्दुल्लाव रुस्लान के खिलाफ दूसरे राउंड में चोटिल हो गए और रेफरी ने मुकाबला रोककर उनके प्रतिद्वंदी को विजेता घोषित कर दिया। तीसरी वरीयता प्राप्त थापा जब चोटिल हुए तब वह पहला राउंड गंवाने के कारण 0-5 से पीछे चल रहे थे। पहले राउंड के शुरू में दोनों मुक्केबाजों ने दबदबा बनाने की कोशिश की लेकिन आखिर में उज्बेकिस्तान के मुक्केबाज ने वर्चस्व बनाया। दूसरे राउंड में थापा ने वापसी की कोशिश की लेकिन वह जल्द ही नीचे गिर गए। रेफरी गिनती गिनने लगा लेकिन थापा उठ गए। उन्हें हालांकि काफी दर्द हो रहा था जिसके लिए उन्होंने चिकित्सा भी ली। आखिर में मुकाबला रोक दिया गया और जब रेफरी ने विजेता की घोषणा की तब वह बमुश्किल खड़े हो पा रहे थे। फाइनल के निराशाजनक अंत को छोड़कर थापा ने इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया था। एशियाई चैंपियनशिप में उन्होंने अब तक एक स्वर्ण (2013), तीन रजत (2017, 2021 और 2022) और दो कांस्य पदक (2015 और 2019) जीते हैं।

### सब जूनियर कराटे में लखनऊ ने पहले दिन जीते सात स्वर्ण,आयुष ने जीते दोहरे स्वर्ण



**लखनऊ।** अरहान खान, आयुष सिंह, अन्या, रूही, रूद्र आहूजा,अणर्व यादव ने यूपी स्टेट सब जूनियर कराटे चैंपियनशिप-2022 के पहले दिन दमदार प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीते। लखनऊ के आयुष सिंह ने बालक काता व बालक कुमिते 7 साल, 20 किग्रा से कम में पहला स्थान हासिल करते हुए दोहरे स्वर्ण पदक जीते। दूसरी ओर वाराणसी की अवंतिका ने भी दो स्वर्ण पदक जीते। कराटे एसोसिएशन ऑफयूपी के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुद्देशीय हाल में शुरू हुई इस इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुबूर उस्मानी वरिष्ठ कमिश्नर आयकरने किया। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि एडवोकेट परविंदर सिंह सदस्य उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग सहित विशिष्ट अतिथि रहे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कराटे एसोसिएशन ऑफयूपी के अध्यक्ष टीपी हवेलिया ने की। उपस्थित अतिथिगण का एसोसिएशन के सचिव जसपाल सिंह ने स्वागत किया।

### सूर्य प्रताप शर्मा को आनन्देश्वर पाण्डेय ने दी बधाई



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सूर्य प्रताप शर्मा ने पैरा आर्म रेसलिंग पंजा कुश्ती वर्ल्ड चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण व दो कांस्य पदक जीतते हुए देश का परचम लहराते हुए उत्तर प्रदेश का भी नाम रोशन किया। फ्रांस के डाइपी में गत 24 सितंबर से दो अक्टूबर 2022 तक हुई इस चैंपियनशिप में स्वर्णिम चमक बिखेरने वाले देवरिया जिले के मूल निवासी सूर्य प्रताप शर्मा ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डाआनन्देश्वर पाण्डेय से मुलाकात की।

### हीना का 300 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**गुवाहाटी।** पश्चिम बंगाल की रेजोआना मल्लिक हीना ने राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियन्स में शनिवार को यहां लड़कियों के अंडर-16 वर्ग की 300 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया। हीना ने 38.57 सेकेंड का समय निकालकर कर्नाटक की धाविका उन्नति अय्यप्पा के पिछले साल बनाए गए 40.11 सेकेंड के रिकॉर्ड को तोड़ा।उत्तर प्रदेश की ऊंची कूद की एथलीट ख्याति माथुर ने लड़कियों के अंडर-18 वर्ग में 1.79 मीटर कूदकर नया मीट रिकॉर्ड बनाया।ट्रैक स्पर्धाओ मे दीपक रोहिल्ला (हरियाणा) और प्रिया एच मोहन (कर्नाटक) ने अंडर-20 वर्ग मे क्रमशः पुरुषो और महिलाओ की 400 मीटर दौड़ जीती।